जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 30 संख्याः 86 प्रभात उदयपुर, गुरुवार 26 जनवरी, 2023 आर.जे. 7202 पृष्ठ 12 मूल्य 2.50 रु.

## 'सुषमा स्वराज के पास राजनैतिक शक्ति नहीं थी, मैं मोदी के विश्वस्त डोवल के साथ ही डील करता था'

### अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री माइक पॉम्पेओ ने अपनी नई किताब में भारत के विदेश मंत्रियों के साथ अपनी डीलिंग्स पर लिखे चैप्टर में कहा

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- पॉम्पेओ ने यह टिप्पणी कर उस बात की पुष्टि कर दी है, जो जगजाहिर थी पर कभी स्वीकारी नहीं गई।
- पॉम्पेओ ने अपनी किताब में मौजूदा विदेश मंत्री एस. जयशंकर की तारीफ की, उन्होंने किताब में जयशंकर को ''जे'' नाम से संबोधित किया और कहा कि इससे बेहतर समकक्ष नहीं मिल सकता था।

नई दिल्ली, 25 जनवरी। जो चीज राजनैतिक हल्कों में सुविदित थी किन्तु आम लोगों की जानकारी में नहीं थी, उस बात की पुष्टि अमेरिका के पूर्व सेक्रेटरी ऑफ स्टेट (विदेश मंत्री) माइक पॉम्पेओ ने भी कर दी है। पॉम्पेओ ने कहा है कि उन्होंने भारत की विदेश मंत्री रहीं सुषमा स्वराज को एक ''महत्वपूर्ण राजनैतिक हस्ती'' कभी नहीं पाया तथा वे (पॉम्पेओ) प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विश्वस्त राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवाल के साथ काम करने को प्राथमिकता देते थे।

अपनी नवीनतम पुस्तक ''नैवर गिव एन इंचः फाइटिंग फॉर द अमेरिका आई लव'' में अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री ने कहा है कि सुषमा स्वराज, मई 2014 से मई 2019 तक विदेश मंत्री रही थीं और मुझे लगा कि वे राजनैतिक रूप से महत्वपूर्ण नहीं थी हस्ती'', किन्तु विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पहली मीटिंग में ही बहुत प्रभाव छोड़ा।

मंगलवार को यह पुस्तक बुक-स्टोर्स पर पहुँच गई तथा इसकी खूब चर्चा रही। इस पुस्तक में पॉम्पेओ ने सुषमा को कुछ उपेक्षा की शिकार बताया है तथा उनके लिये तुच्छ अमेरिकन शब्दों ''गूफ बॉल'' तथा ''हार्टलैंड पॉलिटिकल हैक'' का प्रयोग किया है।

पॉम्पेओ का रहस्योद्घाटन इस कटु वास्तविकता को सामने लाता है कि मोदी सरकार में कैबिनेट मंत्रियों के साथ कैसा बर्ताव किया जाता है। यह ध्यान देने योग्य है कि सुषमा स्वराज भाजपा की एक सीनियर नेता थीं, लेकिन फिर भी विदेशी राजनयिकों, खासतौर पर अमेरिका के, ने उन्हें गंभीरता से नहीं लिया क्योंकि प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण से वे राजनैतिक रूप से दमदार नहीं थीं। लेकिन सुषमा ने अपनी नाराजगी को कभी सार्वजनिक नहीं किया क्योंकि वे संघ और भाजपा के अनुशासन से बंधी हुई थीं। स्वराज का अगस्त 2019 में निधन हो गया था।

59 वर्षीय पॉम्पेओ अपनी किताब में लिखते हैं कि ''भारत में, मेरा वास्तविक समकक्ष (भारतीय विदेश मंत्री) भारतीय विदेश नीति टीम का महत्वपूर्ण भाग नहीं था। इसके बजाए मैंने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार एवं प्रधानमंत्री मोदी के विश्वासपात्र अजित डोभाल के साथ अधिक निकटता से काम किया।''

अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प के विश्वासपात्र पॉम्पेओ उनके प्रशासन में वर्ष 2017 से 2018 तक सी.आई.ए. के डायरैक्टर रहे और फिर वर्ष 2018 से 2021 तक अमेरिका के विदेश मंत्री रहे।

अमेरिका का यह पूर्व शीर्ष राजनयिक, जो वर्ष 2024 में होने जा रहे राष्ट्रपति पद के चुनाव में अपनी संभावना तलाश रहा है, लिखता है कि ''मेरे दूसरे भारतीय समकक्ष सुब्रमण्यम जयशंकर थे। मई 2019 में हमने भारत के नए विदेश मंत्री के रूप में ''जे'' का स्वागत किया। मैं इससे अच्छे ''काउंटर पार्ट'' की चाह नहीं कर सकता था। मैं इस व्यक्ति को पसंद करता हूं। उनके द्वारा बोली जाने वाली सात भाषाओं में से एक अंग्रेजी है, और कुछ अर्थों में वह मुझसे बेहतर है।''

पॉम्पेओ ने अपनी किताब में जयशंकर का चित्रण इस प्रकार किया है कि ''वे पेशेवर और तर्कपूर्ण हैं और अपने बॉस एवं देश के जबर्दस्त पक्षधर हैं।''

उन्होंने कहा कि वो समझ सकते हैं कि मुझे उनकी पूर्ववती के साथ काम करने में परेशानी क्यों हुई थी। मैंने मजाक में प्रत्युत्तर दिया। मैं भी ऐसा ही हूं वह हंसे कि यदि यह सच होता तो यह मुझे ऐसा पहला सर्वाधिक महत्वपूर्ण पक्षपाती राजनेता बना देता जो कभी हार्वड लॉ रिव्यू का संपादक रहा हो। पॉम्पेओ ने जयशंकर के लिए ''जे'' संबोधन करते हुए कहा- ''वैल प्लेड।''

पॉम्पेओ के दावों पर टिप्पणी करते हुए जयशंकर ने डैमेज कंट्रोल करने की कोशिश करते हुए न्यूज़ एजेंसी पी.टी.आई. को बताया कि ''मैंने सुषमा स्वराज जी के जिक्र वाले मंत्री पॉम्पेओ की पुस्तक के अंश को पढ़ा है। मैंने हमेशा सुषमाजी का बहुत आदर किया है तथा मेरे उनके साथ निकट एवं मधुर संबंध थे। मैं उनके लिए अमेरिका की बोलचाल की भाषा में कहे गए अनुचित शब्दों की निंदा करता हूं।''

## 'कर्मचारी को कोविड वैक्सीन लगाने के लिए बाध्य नहीं कर सकते'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 जनवरी। दिल्ली हाईकोर्ट ने फैसला दिया है कि नियोक्ता अपने कर्मचारियों को कोविड -19 का वैक्सीन लगवाने के लिए मजबूर नहीं कर सकता है। जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह की एकलपीठ ने दिल्ली के एक सरकारी स्कूल शिक्षक की याचिका पर सुनवाई

- दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस प्रतिभा सिंह ने एक सरकारी शिक्षक की याचिका पर यह फैसला दिया।

करते हुए यह फैसला दिया। याचिका में मांग की गई थी उसे कोविड-वैक्सीन लगवाने के लिए बाध्य न किया जाए तथा पढ़ाने और अन्य कार्यों की जिम्मेवारी उठाने दी जाए। उन्होंने संबंधित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'सुप्रीम कोर्ट ने कोई ''सैन्सिटिव'' रहस्य उजागर नहीं किया'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 25 जनवरी। कांग्रेस नेता तथा वरिष्ठ एडवोकेट पी. चिदम्बरम ने कहा कि जनता को यह जानने का अधिकार है कि केन्द्र सर्वोच्च न्यायालय कोलीजियम द्वारा भेजे गये नामों को ''मनमाने'' आधार पर कैसे खारिज कर देता है। इस मामले में मुख्य बात यह है कि सौरभ किरपाल, जो खुले आम समलैंगिक एडवोकेट हैं तथा जिनके नाम की सिफारिश उच्च न्यायालय के जज के लिये की गई थी,

- सुप्रीम कोर्ट कोलीजियम पर कानून मंत्री रिजीजू ने संवेदनशील रहस्योद्घाटन का जो आरोप लगाया उस पर वरिष्ठ अधिवक्ता एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने टिप्पणी की।

पर केन्द्र सरकार ऐतराज कर रही है।

कल केन्द्रीय विधि मंत्री किरेन रिजीजू ने इस बात पर गहरी चिन्ता व्यक्त की थी कि सर्वोच्च न्यायालय उन उम्मीदवारों के बारे में रॉ तथा बी द्वारा दी गई जानकारियों को उजागर कर रहा है, जिनके नामों की अनुशंसा पदोन्नति के लिये की गई है। विधि मंत्री की इस टिप्पणी के एक दिन बाद, अथौत आज कांग्रेस नेता पी. चिदम्बरम ने कहा कि ऐसी कोई संवेदनशील बात उजागर नहीं हुई है जो राष्ट्रीय सुरक्षा एवं अखंडता से

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

### अवकाश की सूचना

गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रदूत कार्यालय में दिनांक 26 जनवरी को अवकाश रहेगा। अतः दैनिक राष्ट्रदूत का अगला अंक 28 जनवरी को प्रकाशित होगा। -प्रबंध सम्पादक

## 'बदहाल पाकिस्तान की जनता की गुहार क्रांतिकारी सुधार किया जाए'

### पाकिस्तान के जाने-माने विश्लेषक और लेखक मोशर्रफ ज़ैदी ने एक रिपोर्ट में बदहाल पाकिस्तान की तुलना तेजी से आगे बढ़ रहे भारत से करते हुए कहा

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- उन्होंने कहा, दो दशक पहले भारत की जी.डी.पी. 450 बिलियन डॉलर थी, जो अब बढ़ कर 3.18 ट्रिलियन डॉलर हो गई है, भारत अब सम्पन्न देश है। पाकिस्तान की जी.डी.पी. 20 साल पहले 63 बिलियन डॉलर थी, जो अब 350 अरब डॉलर हो गई है और इस मामूली सी बढ़ोतरी पर भी पाकिस्तान का एक वर्ग जश्न मना रहा है, जबकि एक बड़ा वर्ग हताश और निराश है।

नई दिल्ली, 25 जनवरी। ताजा खबरें संकेत देती हैं कि पाकिस्तान आर्थिक और वित्तीय रूप से बहुत बुरी स्थिति में है। दुःख की और बात ये भी है कि देश की सेना द्वारा बेलगाम हस्तक्षेप करने और नीति निर्माताओं की अक्षमता के कारण वहां आंतरिक अशांति है। इसीलिए पाकिस्तान में आंतरिक सुधारों की मांग जोर-शोर से बढ़ रही है।

इसके विपरीत भारत आर्थिक रूप से तथा विश्व स्तर पर मजबूत हो गया है और प्रधानमंत्री मोदी को कईयों द्वारा विश्व का सर्वाधिक प्रभावशाली नेता बताया जा रहा है।

पाकिस्तान के न्यूज़ इन्टरनैशनल के लेखक एवं विश्लेषक मोशर्रफ़ ज़ैदी ने अपने एक लेख में स्पष्ट किया है कि आपस में उलझे परमाणु हथियार सम्पन्न दोनों पड़ोसी देशों की संक्षेप में क्या स्थिति है।

दो दशक पूर्व भारत की जी.डी.पी. 450 बिलियन डॉलर से अधिक थी और पाकिस्तान की 63 बिलियन डॉलर। कैनेडा की जी.डी.पी. 678 बिलियन डॉलर, यू.के. की 1,690 बिलियन डॉलर या 1.69 ट्रिलियन डॉलर थी तथा फ्रांस की जी.डी.पी. 1,490 बिलियन डॉलर या 1.49 ट्रिलियन डॉलर थी। तब भारत एक गरीब देश था, जिसमें बहुत से लोग गरीब थे।

आज यू.के. की जी.डी.पी. बढ़कर 3.13 ट्रिलियन डॉलर हो गई है और फ्रांस की 2.96 ट्रिलियन डॉलर। कैनेडा की जी.डी.पी. बढ़कर करीब 2 ट्रिलियन डॉलर हो गई है और भारत की 3.18 ट्रिलियन डॉलर। भारत में अब भी गरीब लोग हैं, लेकिन फिर भी यह एक अमीर देश है। वर्ष 1999 में वैश्विक मंच पर अपना स्थान बनाने को लेकर भारत अक्षम था, लेकिन अब स्थिति बिल्कुल बदल गई है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )




## क्या प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या फर्जी है?

### गैस सिलेण्डर वितरक कम्पनियाँ और सरकारी तेल कम्पनियाँ इस विवाद को लेकर हाई कोर्ट पहुँची

-यादवेन्द्र शर्मा-

- यह मामला जटिल इसलिए हो गया, क्योंकि, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत लाभ प्राप्त कर रहे परिवारों के आंकड़े 2011 की सामाजिक आर्थिक जनगणना पर आधारित हैं।
- याचिकाकर्ताओं का कहना है कि 2011 के सर्वे के बाद अब तो इन परिवारों के बच्चे भी वयस्क हो गये हैं और उन्होंने भी इस योजना के तहत गैस सिलेण्डर प्राप्त किये हैं।
- इस मामले में जटिलता इस लिए भी आई, क्योंकि, केन्द्र सरकार ने लाभान्वित परिवारों को चिन्हित करने की प्रक्रिया में कई बार परिवर्तन किये और साथ ही यह भी निर्देश दिये कि, ज्यादा से ज्यादा गैस कनैक्शन लगाएं।

जयपुर, 25 जनवरी। प्रदेश में एल.पी.जी. गैस सिलेण्डर वितरक और एल.पी.जी. गैस उत्पादन करने वाली सरकारी तेल कम्पनियों के बीच का एक बड़ा विवाद राजस्थान हाईकोर्ट तक पहुंचा है। विवाद के अनुसार पिछले वर्ष 18 जुलाई को केन्द्रीय पैट्रॉलियम एवं गैस मंत्रालय ने प्रदेश में कार्यरत एल.पी.जी. गैस सिलेण्डर वितरकों को पत्र लिखकर आदेश पारित किये कि वे 31 जुलाई तक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत लाभार्थियों के पूरे परिवार के आधार कार्ड की जानकारी मुहैया करायें। गौरतलब है कि इस योजना के मूल संस्करण के अनुसार लाभार्थी को एल.पी.जी. कनेक्शन के लिए केवल उक्त महिला की आधार कार्ड की जानकारी मंत्रालय को मुहैया करानी थी।

यहां उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का वर्ष 2016 में उद्घाटन किया गया था, जिसके अन्तर्गत भारत में गरीबी रेखा के नीचे बसर कर रहे किसी भी परिवार की महिला को एल.पी.जी. गैस कनेक्शन दिया जाता है। इस योजना के तहत लाभ प्राप्त करने वाले परिवार के आंकड़े 2011 में करे गये आर्थिक सामाजिक एवं जातिगत जनगणना के आधार पर प्राप्त किये गए थे और फिर ये आंकड़े सभी सरकारी तेल कम्पनियों को दिये गये थे। इस योजना के मूल संस्करण के अनुसार गरीबी की रेखा के नीचे बसर कर रहे किसी भी परिवार की महिला को एल.पी.जी. कनेक्शन दिया जाना था और उसके लिए केवल उक्त महिला की आधार कार्ड की जानकारी मंत्रालय को मुहैया करानी थी।

गौर फरमाने योग्य है कि 28 मार्च 2018 को विभिन्न सरकारी तेल कम्पनियों द्वारा यह आदेश पारित किये गये थे कि एल.पी. जी. गैस वितरण कम्पनियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत लाभान्वित महिला के अलावा परिवार के एक अन्य सदस्य के आधार कार्ड की जानकारी भी अपलोड करनी होगी, और साथ ही यह चेतावनी दी गई कि अगर एल.पी.जी. गैस सिलेण्डर वितरक कम्पनियों ने निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत यह जानकारी नहीं दी तो उनके द्वारा जारी किये गये सभी गैस कनेक्शन खारिज माने जायेंगे और उक्त वितरक कम्पनियों पर कड़ी कार्रवाई करी जायेगी।

इस मामले में पैट्रोलियम मंत्रालय व विभिन्न सरकारी तेल कम्पनियों का कहना है कि नियंत्रक और महालेखाकार परीक्षक (कैग) की एक ऑडिट रिपोर्ट में पाया गया कि कई अयोग्य लोगों को भी इस योजना के तहत लाभ पहुंचाया गया था और कई लोग जो 2011 की गनगणना के अनुसार अल्पवयस्क थे उन्हें भी गैस कनेक्शन दिये गये। इस तथ्य के कारण ही पैट्रोलियम मंत्रालय ने गैस सिलेण्डर वितरक कम्पनियों से लाभाविन्त सभी परिवार के सभी सदस्यों के आधार कार्ड की जानकारी मांगी है।

राजस्थान के एल.पी.जी. गैस वितरक कम्पनी के एक संघ ने पैट्रोलियम मंत्रालय की ओर से 18 जुलाई 2022 को जारी किए गये आदेश को चुनौती देते हुए राजस्थान हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की और कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना में लाभार्थियों की जानकारी 2011 की जनगणना पर आधारित थी, परन्तु 2011 से अभी तक करीब 11 वर्षों में कई परिवारों के सदस्य वयस्क हो चुके हैं और शादी के बाद एल.पी.जी. कनेक्शन प्राप्त करने के हकदार भी हैं। इस मामले में याचिकाकर्ता के वकील सिद्धार्थ बाफना ने कहा कि कई लोग जो वयस्क हो चुके हैं और अपना अलग परिवार चला रहे हैं, उन्होंने इस योजना के तहत गैस कनेक्शन भी लगवा लिये हैं।

याचिका के अनुसार गैस सिलेण्डर वितरक कम्पनियों के संघ ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्रदेश में तीन लाख गैस कनेक्शन जारी कर दिये हैं। याचिका कर्ताओं का कहना है कि अगर पैट्रोलिय मंत्रालय के 17 जुलाई 2022 के आदेश के तहत लाभार्थियों के पूरे परिवार के आधार कार्ड की जानकारी दी तो आंकड़ों का 'डुप्लीकेशन' होगा और ऐसा प्रतीत होगा कि एक ही परिवार के अंदर अलग-अलग लोगों के नाम पर गैस कनेक्शन जारी किये गये हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि पैट्रोलियम मंत्रालय के आदेश का पालन किया जाये तो कई वास्तविक लाभार्थियों के गैस कनेक्शन रद्द करने पडेगें और गैस सिलेण्डर वितरक कम्पनियां भी अनुचित तरीके से दण्ड की भागीदार होंगी।

इस मामले में पैट्रोलियम मंत्रालय और सरकारी तेल कम्पनियों की तरफ से अधिवक्ता सुरूचि कासलीवाल पैरवी के लिए पेश हुई थी। न्यायाधीश इन्द्रजीत सिंह ने सुनवाई के बाद याचिकाकर्ता, गैस सिलेण्डर वितरक कम्पनियों के संघ, को आदेश दिए हैं कि वे दो माह के अंदर सरकारी तेल कम्पनियों और पैट्रोलियम मंत्रालय द्वारा लाभान्वित परिवारों के सभी सदस्यों के आधार कार्ड की जानकारी मुहैया करवाएं। अदालत ने पैट्रोलियम मंत्रालय और सरकारी तेल कम्पनियों को आदेश दिये हैं कि वे अभी याचिकाकर्ता गैस सिलेण्डर वितरक कम्पनियों पर कोई कार्रवाई नहीं करें। अदालत ने इस मामले की सुनवाई की अगली तारीख 20 मार्च तय की है और केन्द्र सरकार और सरकारी तेल कम्पनियों को अपना जबाव दायर करने को कहा है।



## विचार बिन्दु

मूर्ख आदमी अपने बड़े से बड़े दोष अनदेखा करता है,
किन्तु दूसरे के छोटे से छोटे दोष को देखता है। –संस्कृत सूक्ति

# क्या हैं अखिल भारतीय सेवाओं से जनता को आशाएं–निराशाएं?

राज व्यवस्था राजशाही–सामंती हो, अधिनायकवादी हो, लोकतांत्रिक या कैसी भी हो राजकार्यों के सम्पादन, सतता के लिए स्थाई राज–सेवक तंत्र आवश्यक है। भारत की स्वतंत्रता से पूर्व ब्रिटिश सरकार, उससे पहले ईस्ट इंडिया कम्पनी और विभिन्न कालों में भिन्न–भिन्न राज्यों की राजव्यवस्था संचालन के लिए, उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सरकारी अधिकारियों कर्मचारियों के स्थायी तंत्र थे।

आजादी के बाद पूर्ववर्ती समकक्ष सेवाओं इंडियन सिविल व पुलिस सेवाओं (ICS, IP) को IAS, IPS नामकरण के साथ चालू रखा गया। इन सेवाओं को भारतीय संविधान की धारा 312(2) में भारतीय प्रशासनिक व पुलिस सेवा नामकरण के साथ शामिल किया गया। इन्हें भारत की संसद द्वारा सृजित माना गया।

1952 में संसद द्वारा पारित अखिल भारतीय सेवा अधिनियम के अंतर्गत इन सेवाओं के सृजन के लिए केंद्र सरकार को अधिकृत किया हुआ है। कालांतर में अखिल भारतीय वन सेवा का ओर गठन किया है। वर्तमानं में यही तीन सेवाएं अखिल भारतीय सेवाएं हैं।

आम आदमी का मुख्यतः IAS, IPS अधिकारियों से ज्यादा काम पड़ता है।

जिन क्षेत्रों विभिन्न श्रेणियों के संरक्षित वन क्षेत्र है, अभ्यारण है वहां के लोगों का और पर्यावरण से जुड़े कार्यों से प्रभावित लोगों का अधिकारियों से वास्ता पड़ता है।

** भारत नें लोकतांत्रिक–जनहितकारी राजव्यवस्था अपनाई है। इसमें लोकसभा, विधानसभाओं के चुनावों के आधार पर बहुमत प्राप्त दल की या गठबंधन की सरकारों का गठन होता है। मंत्रिमंडल सरकार का सर्वोच्च निकाय है। बहुमत प्राप्त सरकार पर अपनी नीतियों के अनुरूप और जनता से किए वायदों की पूर्ति के लिए कानून–नियम–नीतियां बनाने, लागू करने–करवाने का, जनता से व अन्य स्त्रोतों से प्राप्त धन के सदुपयोग का दायित्व है। सरकारें लोकसभा या विधानसभाओं में अपने निर्णयों, कर्तव्यों प्रति उत्तरदायी होती है।

IAS, IPS आदि सेवाओं से अपेक्षाः––यह आशा की जाती है कि इन सेवाओं के अधिकारी संविधान, उसके अनुसार निर्मित विधानों, नियमों की पालना करते हुए, पूर्ण निष्ठा, समर्पण, समानता, सक्षमता, राग–द्वेष–धर्म–जाती–किसी धार्मिक–सामाजिक–सांस्कृतिक–राजनीतिक संगठन और स्वयं की व्यक्तिगत भावनाओं से रहित होकर, कार्य करते हुए सरकारी नीतियों का क्रियान्वयन करेंगे। इन सब बातों का ध्यान रखते हुए अपने अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों का मार्गदर्शन कर, क्रियान्वयन करवाएंगे।

IAS, IPS अधिकारियों से जनता अपेक्षा करती है कि वे अपने दायित्वों, कार्यों के निष्पादन करते हुए जनता व उनके प्रतिनिधियों के साथ पूर्ण आदर सम्मान से उनके अभाव–अभियोगों–सुझाओं को सुनेंगे और यथासम्भव समाधान करेंगे।

मुख्यतः कलेक्टर, एसपी के कार्य कलापों से इन सेवाओं की छवि के बारे में आम आदमी अपने विचार बनाता है। आम आदमी जिला स्तर पर इन अधिकारियों में राज्य सरकार को देखता है।

एक बहुत ही संजीदा विधायक नें एक कलेक्टर से कहा कि सत्ता पक्ष के लोगों की सुनने के लिए तो सम्बंधित पार्टी के MLA व दूसरे जन प्रतिनिधि, पार्टी के कार्यकर्ता होते है। उनकी आवाज तो जिला व उपर तक पहुंच जाती है किन्तु जो विपक्ष के या गैर राजनीतिक लोग होते है वे आशा करते हैं कि कलेक्टर एसपी उनकी बात सहानुभूतिपूर्ण रुख के साथ सुनेंगे और समस्याओं का समाधान करने या करवाएंगे।

एक दूसरे संजीदा विधायक नें एक नवयुवक एऽ्ध को कहा कि विधायक होने के नाते उनके पास लोग अपनी समस्याएं, अभियोग लेकर आएंगे और उनको अधिकारियों के पास पहुंचना, समाधान करवाना उनका कर्तव्य है। इसलिए उनकी अपेक्षा है कि उनकी बातों को विस्तार से, ध्यानपूर्वक सुना जाए––नियमों के अनुसार निर्णय करने के लिए अधिकारी स्वतंत्र है––उसमें उनका कोई आग्रह–दुराग्रह नहीं होगा।

**राज व्यवस्था राजशाही-सामंती हो, अधिनायकवादी हो, लोकतांत्रिक या कैसी भी हो राजकार्यों के सम्पादन, सतता के लिए स्थाई राज-सेवक तंत्र आवश्यक है। भारत की स्वतंत्रता से पूर्व ब्रिटिश सरकार, उससे पहले ईस्ट इंडिया कम्पनी और विभिन्न कालों में भिन्न-भिन्न राज्यों की राजव्यवस्था संचालन के लिए, उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सरकारी अधिकारियों कर्मचारियों के स्थायी तंत्र थे।**

इस प्रकार के संजीदा जनप्रतिनिधि कम होते जा रहे है।

पार्टियां कार्य कर्ताओं का केवल भीड़ इक्कठी करवाने और नारे लगवाने में उपयोग करती है। उनका राज व्यवस्था व जन समस्याओं के उचित निवारण के तरीकों का प्रशिक्षण दिया ही नहीं जाता।

आईएएस अधिकारी जब नीति निर्माण करने के स्तर पर मंत्रियों के साथ कार्य करते है तब उनका परम् दायित्व है कि तथ्यों, कानून–नियमों के अनुसार उन्हें सर्वोत्तम राय दें। राय देने के उपरांत जो निर्णय मंत्री अथवा मंत्री मंडल का हो उसकी पूर्ण रूपेण पालन करें।

आईपीएस का दायित्व कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण, अनुसन्धान व अभियोजन है। इस दृष्टि से का कार्य क्षेत्र सीमित है किन्तु इस सेवा के अधिकारियों की निष्ठा, कार्य प्रणाली, दक्षता, व्यवहार का सरकारों की छवि बनाने या बिगड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

जनता का आईएएस, आईपीएस के सम्बंध में यह परसेप्शन है कि इन अधिकारियों के सेवा शर्ते अन्य प्रादेशिक अधिकारियों–कर्मचारियों की तुलना में काफी ज्यादा है। इनके पास बहुत अधिकार होते है। वस्तुतः सरकार यही लोग चलाते है आदि, आदि।

** हाँ, इन अधिकारियों को किन किन पदों पर लगाया जाएगा, यह केंद्र व राज्य सरकार के स्तर पर तय होता है। प्रादेशिक सेवाओं की तुलना में वेतन,बहुत ज्यादा तो नहीं किन्तु कुछ अधिक होता है। पदोन्नतियां भी कमोबेश निश्चित समय सीमा में हो जाती है।

सबसे बड़ी बात यह है सरकारें इनके स्थानांतरण में पूर्णतः निरंकुशता नही अपना सकती। इन्हें आप पदस्थापन प्रतीक्षा में तो रख सकते है किंतु किसी की सनकों की पूर्ति के लिए हर किसी स्थान–पद पर नहीं लगाया जा सकता। पदस्थापन के स्थान भी अधिकांशतः जिला मुख्यालयों से नीचे नहीं है। अधिकारियों के भी पदस्थापना जिला मुख्यालय या चिन्हित अभ्यारणों आदि स्थानों पर ही लगा सकते है। राज्य सरकार निलंबित तो कर सकती है किंतु उसमें भी निरंकुशता पर नियंत्रण है।

***आज कल यह सुनना, पढ़ना आम है कि मंत्री, विधायक, सत्ताधारी दल के कार्यकर्ता आरोप लगाते है कि अधिकारी उनकी नहीं सुनते। अधिकांस अधिकारी ऐसे नहीं होते किन्तु अपवाद भी सामने आते रहते है।

चाहे पोलिटीसियन्स का अपनी गैरवाजिब बात मनवाने के दुराग्रह जो या अधिकारियों का अनुचित, रोड़ा लगाने–काम को डिले करने का दुराग्रह–पूर्वाग्रह हो दोनों ही अनुचित व निंदनीय हैं।

*****राज नेताओं से अपेक्षाः–**अच्छे राजनेता, ब्यूरोक्रेट्स के डोमेंन नॉलेज व उनकी राय का, जन हित में सर्वोत्तम सदुपयोग करें। दाब, धौंस, बेहिसाब व नियम कायदों के ट्रांसफर्स, ओबलिगेसन्स, तंत्र के माध्यम से विरोधियों के हैरेसमेंट की राजनीति अल्पायु होती है। ऐसे अनेक उदाहरण गिनाए जा सकते हैं जहां ऐसे नेताओं का सूर्यास्त होते ज्यादा समय नहीं लगता। उनको यह समझना होगा कि अधिकारियों की काम करने की शक्तियां मर्यादित है। मंत्री लोग नियम कायदों में बदलाव के लिए सक्षम है, उन्हें कार्यकर्ताओं के काम करने के लिए इस राजमार्ग का उपयोग करना चाहिए। अधिकारियों से क्यों उलझन?

***कुछ बातें जो आम लोगों में चर्चा का विषय बनती है और इन सेवाओं के अधिकारियों की छवि खराब करती है:–––

*जनता में यह चर्चा का विषय बनता है कि कई IAS, IPS – अधिकारी ट्रांसफर–पोस्टिंग लिए, पोलिटीसियन्स के माध्यम से लॉबीइंग करवाते है। ऐसा करने वाले अधिकारी निष्पक्ष नहीं जो सकते।

*यह भी जन विमर्श में सुनने को मिल जाता है कि कई अधिकारी, मामलों में बिना तथ्य की गहन परीक्षण व बिना अपना सुविचारित दृष्टिकोण बताए, मंत्रियों के कहने अनुसार टिप्पणियां लिख देते है।

*नीचे के स्तर के पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों का ज्यादा काम पड़ता है और नाइत्तफाकी भी होती है। कुछ कार्यकर्ता इन कार्मिकों को अपने बड़े नेताओं के जरिये परेशान करवाते है, अनुचित ट्रांसफर करवाते है। उनके वाजिब संरक्षण का दायित्व उच्चाधिकारियों का है किंतु कई बार इस दायित्व के निर्वहन के लिए प्रयास ही नही किए जाते। माना कि अंतिम निर्णय मंत्री का ही होगा किन्तु तथ्यात्मक विमत तो टिप्पणियों में हो।

*किन्ही मामलों में यह भी सुनने को मिल जाता है कि उच्चाधिकारी नें मौखिक आदेश देकर काम कर लिया किन्तु आवश्यकता पड़ने पर आदेश कन्फर्म नहीं करते हैं।

*बहुत से नियमों में व्याख्या करने की डिस्क्रिशनरी पावर अधिकारियों के पास होती है। इस अधिकार का जन हित में या किसी व्यक्ति के हित में उपयोग करने में कोताही नही बरतनी चाहिए बशर्ते कि इसमें किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह को हानि न पहुंचे, उनके किसी अधिकार का हनन न होता हो। लेकिन बहुत से अधिकारी ऐसे मामलों को टालने ऊपर खिसकाने की बिमारी ग्रस्त होते है या कुछ अधिकारी कभी कभी स्वहित में दुरुपयोग करने से नही चूकते।

*पहले नहीं था किंतु कुछ समय से अखिल भारतीय सेवाओं के कुछ अधिकारियों पर पार्टी विशेष या कुछ सामाजिक–सांस्कृतिक–जातीय संगठनों की विचारधाराओं को ध्यान में रख कर कार्य करने की खुसर–फुसर भी सुनने को मिल ही जाती है।

*सबसे बड़ी बात जिसकी आम आदमी में चर्चा रहती है वह यह है कि बहुत से जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर भ्रष्टाचार करते है। दोनों में से अकेले के लिए यह करना सम्भव तो है किंतु अत्यंत कठिन व कंटक भरा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**महावीर सिंह,**
**आई.ए.एस. (से.नि.)**

# आबादी : हम, वे और जो तथ्य हैं



डॉ रामावतार शर्मा

जब भी भूमि के किसी भाग पर आबादी वहां के संसाधनों से ज्यादा हो जाती है तो उस स्थान पर संघर्ष प्रारंभ हो जाता है। जब संघर्ष प्रारंभ होता है तो लोग जाति, धर्म, कबीले आदि में बंट जाते हैं ताकि सामूहिक शक्ति का निर्माण हो और संघर्ष में विजय हासिल हो। तकरीबन यही बात प्रजातंत्र में सत्ता हासिल करने के लिए अपनाए गए हथकंडों में से भी एक होती है। ऐसा होना एक बड़ी नकारात्मक बात है पर होता यही है। इन परिस्थितियों में आबादी में बड़े स्तर का ध्रुवीकरण होने लगता है और छोटी–सी बात से ही हिंसा की चिंगारी हर तरफ आग की तरह फैल सकती है। आज कल हम सोशल मीडिया द्वारा सच और झूठ दोनों का जोरदार प्रचार देख रहे हैं। अब यदि कोई यह सोचता है कि यह दुष्प्रचार यूं ही चलता रहेगा तथा सत्ता पर कुछ लोगों का अधिकार बना रहेगा तो यह शायद एक बड़ी भूल सिद्ध हो। मानवीय अस्तित्व के इतिहास में आज तक कोई भी ऐसी क्रिया नहीं हुई है जिसकी प्रत्यक्ष या परोक्ष प्रतिक्रिया नहीं हुई हो।

जब आबादी तेजी से बढ़ती है तो सामाजिक भाईचारा भी तेजी से समाप्त होने लगता है। आबादी बढ़ने से विकास दर भी बढ़ती है तो कुछ लोग शीघ्रता से संपन्न होने लगते हैं जिसके फलस्वरूप इन समूहों के कुछ लोगों में राजनीतिक महत्वाकांक्षा का जन्म होने लगता है।

राजनीतिक वर्चस्व के लिए लोगों का ध्रुवीकरण किया जाता है ताकि मत पेटी में एक ही दल को ज्यादातर मत मिलें। माहौल ऐसा बनाया जाता है कि मानो दूसरे लोग तुम्हारा सब कुछ छीनने को आतुर हैं, तुम्हारा धर्म, समाज और जाति खतरे में है, तुम्हारी संतान का भविष्य अंधकार में है। यदि इस विपत्ति से बचना है तो बस सिर्फ हमें ही चुनाव में सफल बनाओ और फिर बस चैन की बंसी बजाओ। पर ऐसा होता नहीं है चाहे जिसको सत्ता में बिठा दो। भला उन्ही का होता है जो सत्ताधारी लोगों को परोक्ष रूप से सत्ता में लाते हैं। आम जनता का तो पहले धर्म के आधार पर विभाजन होता है और फिर जाति और यहां तक कि गोत्र के नाम पर भी होने लगता है। समय के साथ तरह तरह की दरारें समाज के विभिन्न लोगों के मध्य अपना अस्तित्व जाहिर करने लगती हैं।

डॉक्टर हैंस रोसलिंग एक चिकित्सक और लेखक थे। उन्होने सत्य को उजागर करने के लिए शोध पर आधारित एक पुस्तक लिखी है फैक्टफुलनेस यानि तथ्यात्मकता। दूसरे उन्होंने देशों की सीमाओं को तोड़ पीड़ितों की सेवा के लिएं मेडिसिन सांस फ्रंटियर यानि सीमा मुक्त चिकित्सा सेवा नामक एक अंतरराष्ट्रीय संगठन स्थापित किया है। सत्य के पोषक मानवतावादी डॉक्टर रोसलिंग के अनुसार विश्व दो भागों में बंटा हुआ है वी यानि हम और देम यानि वे। हम से मतलब विकसित देश जहां लोग शिक्षित हैं, संपन्न हैं क्योंकि आबादी नियंत्रित है। वे मतलब तीसरी दुनिया के लोग, अशिक्षित, गरीब और बच्चों की प्लाटून के माता–पिता।

सन् 2002 के बाद तेज आर्थिक गतिविधियों के कारण भारत का एक वर्ग हम वाली स्थिति में तो पहुंच गया पर अब यहां राजनीति की प्रतिस्पर्धा के कारण एक बड़ी दरार पैदा हो गई है – हमारा और उनका। अब धर्म ठांथों नहीं धार्मिक चिह्नों को ही महत्व दिया जाने लगा है। हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध आदि आदि सभी अपनी अपनी सेनाएं बनाने लगे हैं। विप्र सेना, परशुराम सेना, करणी सेना, जैश मोहम्मद, जांगिड़ सेना, इंडियन मुजाहिद्दीन, भीम सेना, सम्राट अशोक सेना, वीर तेजा जी सेना आदि असंख्य सेनाएं। चंद स्वार्थी और सत्ता लोलुप लोग देश की जनता को धर्म और जातियों में विभाजित करने में सफल होते जा रहे हैं और सत्ता में बैठे लोग स्वयं सरकार के द्वारा जारी आंकड़ों को गुमनामी में धकेल रहे हैं।

भारत के धर्म आधारित कुछ आंकड़े जो भारत सरकार द्वारा ही जारी किए गए हैं कई लोगों की आंखों को खोल सकते हैं यदि वे सचेत होकर इनका अध्ययन करें। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे की पहली रिपोर्ट (1990–92) के अनुसार भारत की कुल प्रजनन दर 3.39 बच्चे प्रति महिला थी जो 2019–21 में जारी पांचवी सर्वे में घट कर 1.99 रह गई है। कुछ लोग जो किसी गुप्त षडयंत्र द्वारा सत्ता हड़पने की बाते करते हैं उनके लिए इसी रिपोर्ट के अनुसार मुस्लिम कुल प्रजनन दर 1990–92 में 4.41 बच्चे प्रति महिला थी 2019–21 में यह दर 2.62 रह गई है। इस तरह से हम देख रहे हैं कि शहरीकरण, शिक्षा और जागरूकता के साथ जब आर्थिक दबाव आ जाता है तो लोग बच्चे कम पैदा करने लगते हैं। इसके साथ बाल स्वास्थ्य सुधरने से भी लोग बच्चों की अधिकता से दूर होने लगते हैं। डॉक्टर रोसलिंग सदा कहते थे कि हमें दुष्प्रचार से बच कर तथ्यों पर आधारित बातों को खोजने का प्रयास करना चाहिए क्योंकि वास्तविकता की जानकारी बेहतर जीवन योजनाएं बनाने में सहायक होती है।

अब एक विचार पर मनन करने का शायद समय आ गया है कि इन तथाकथित धार्मिक, जातीय सेनाओं से देश को क्या नुकसान हो सकता है? चूंकि हम तीव्र सूचना विस्तारण के दौर से गुजर रहें हैं और युवाओं का एक वर्ग अपने आप को भविष्य का मुख्यमंत्री, मंत्री या विधायक माने घूम रहा है तथा उसी तरह की जीवनशैली येन केन प्रकारण बनाए हुए है। ये लोग ही इन तथाकथिक सेनाओं के सरदार बने हुए हैं। यदि किसी दिन इन लोगों को अपने सपने टूटते नजर आए तो ये हिंसक होते देर नहीं लगाएंगे। आर्थिक रूप से पीड़ित कितने ही लोग हिंसा के तांडव में सम्मिलित हो सकते हैं।

बड़े नेता निज स्वार्थ के लिए धर्म का सहारा लेते हैं तो दोयम दर्जे के नेता जातिगत विष वमन करेंगे।

स्वार्थों की इन लड़ाइयों में पहली बली सबसे कमजोर लोगों की और दूसरे स्थान पर प्रतिभावान युवाओं की लगेगी। हो सकता है आज हम इसे मनगढ़ंत वहम कहें पर इसकी संभावनाओं को नकारा नहीं जा सकता है।

हम और वे यह भेद सदा बना रहा है और आगे भी बना रहेगा। धरती पर सब कुछ एक बराबर कुछ नहीं होता है पर एक सभ्य समाज से उम्मीद की जाती है कि वह लोगों के बीच की खाई को कम बनाए रखे ताकि विशिष्ट परिस्थितियों में लोग खाई में लुप्त न हो जाएं। उन्हें खाई के पार जाने की संभावनाओं के साथ जीवन जीने की सुविधा मिलनी चाहिए।

**–डॉ रामावतार शर्मा,**
**(चिकित्सक एवं लेखक)**

### दिव्यांग असीम अग्रवाल की गणतंत्र पर भारत देश के लिए भावभीनी काव्यांजलि

# भारत आज़ादी से अब तक

**15 अगस्त सन 47 को भारत था आजाद हुआ।**
**तब से ही एक नए युग का आगाज हुआ।**
**सदियों जुल्मों से जूझ रही धरती को यह वरदान मिला।**
**वर्ष 2 माह 11 दिन 18 में बन कर के हमें संविधान मिला।**
**तब से ही खत्म तानाशाही का अत्याचार हुआ।**
**26 नवंबर सन् 49 को संविधान तैयार हुआ।**
**गणतंत्र ने स्वतंत्रता को सही अर्थ दिया।**
**क्या है कर्तव्य और अधिकार यह तय किया।**
**इसके आने से राजतंत्र समाप्त हुआ।**
**इससे ही तो लोकतंत्र है व्याप्त हुआ।**
**संविधान से ही अधिकारों का है ज्ञान हुआ।**
**दलितों-पतितो हर वर्ग का है सम्मान हुआ।**
**अंग्रेजों के शोषण से देश को मुक्ति मिली।**
**भारत वर्ष को आत्मा विकास की युक्ति मिली।**
**जन-जन के मन में आजादी की उमंग उठी।**
**नव थल और जल में भारत की ही तरंग उठी।**
**जन गण मन हर मन में है गूंज रहा।**



दिव्यांग असीम अग्रवाल

**मन मुक्त गगन में उड़ने का पथ ढूंढ रहा।**
**जब से आया गणतंत्र देश में शांति हुई।**
**तब ही जाकर श्वेत और हरित यहां पर क्रांति हुई।**
**फिर विश्व पटल पर भारत का निर्यात बढ़ा।**
**और धीरे-धीरे देशों से आयात घटा।**
**अर्थव्यवस्था में अपनी उदारीकरण का दौर आया।**
**उद्योगों में भी तब जाकर के जोर आया।**
**खेलों से भी बनता भविष्य यह विश्वास हुआ।**
**इस दौर में अब विज्ञान का भी है विकास हुआ।**
**स्वामी जी का स्वप्न सुनहरा सत्य हुआ।**
**भारत विश्व गुरु सिद्ध यह तथ्य हुआ।**
**हो युद्ध यहां हथियारों से या बीमारी से।**
**है देश खड़ा अब तो पूरी तैयारी से।**
**अब कौशल से हमें ढूंढना अवसर होगा।**
**भारत तब ही विकास पथ पर अग्रसर होगा।**

–दिव्यांग असीम अग्रवाल,
पुत्र विजय कुमार अग्रवाल,
मदनगंज–किशनगढ़

# 75 वर्ष के खिलाड़ी अरुण सिंह ने कांस्य पदक जीता

- **मस्कट(ओमान) में कांस्य पदक जीत कर बढ़ाया जोधपुर और देश का गौरव**
- **पदक जीतकर लौटने पर अरुण सिंह बारहठ का सम्मान एवं अभिनंदन किया**

**जोधपुर,** (कासं)। शाला कीडा संगम केन्द्र गौशाला मैदान जोधपुर के 75 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ी अरुण सिंह बारहठ ने मसकट ओमान आयोजित विश्वस्तरीय वर्ल्ड वेटरन टेबल टेनिस चैंपियनशिप–2023 भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए कांस्य पदक प्राप्त कर शाला संगम केन्द्र, जोधपुर, राजस्थान और भारत का नाम गौरवान्वित किया है।

विश्वस्तरीय स्पर्धा में धाक जमाकर लौटने पर अरुण सिंह बारहठ का शाला क्रीड़ा संगम केन्द्र परिवार द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर उनका भावपूर्ण सम्मान एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश संदीप मेहता, विजय विश्नोई, पुष्पेन्द्र सिंह भाटी, जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता, मधुलिका एसीईएम फास्ट ट्रैक, एवं टेबल टेनिस एसोसिएशन के पदाधिकारी मुकुल गुप्ता, संजय गहलोत, कपिल मिर्धा, ज्योतिषाचार्य सुरेश श्रीमाली, जिला शिक्षा अधिकारी इसाफ खां जई, रफीक खां, सुमित्रा पंवार एवं शाला क्रीड़ा संगम केन्द्र प्रशिक्षक रीटा नरूका, राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, रानू सिंह चौहान, दिनेश भारती, राकेश सिंह देवड़ा, पुखराज चौधरी आदि समस्त स्टाफ द्वारा बारहठ एवं सुश्री सुनिधि दीवान का सम्मान किया गया। इन खिलाडियों को साफा, मोमेंटो एवं उच्च कोटि के रैकेट प्रदान कर सम्मान किया गया।

# ठण्ड का असर बढ़ा, माउंट आबू में तापमान माइनस तीन डिग्री रहा

- **पारे में गिरावट के बाद मैदानी इलाकों सहित कई जगह बर्फ की परत जमी**
- **सर्दी के प्रकोप के बीच अलाव जलाकर लोग सर्दी से बचने का जतन कर रहे हैं**
- **माउंट आबू में बीते दस दिनों से पारे में उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है**

**माउंट आबू,** (निसं)। सिरोही जिले में दो दिन की राहत के बाद फिर से ठण्ड का असर बढ़ गया है। प्रदेश के एक मात्र हिल स्टेशन माउंट आबू में न्यूनतम तापमान पिछले दो दिनों से 1 डिग्री दर्ज किया गया जा रहा था। जिसमें बुधवार को 4 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई। पारे में गिरावट के बाद बुधवार का न्यूनतम तापमान माईनस 3 डिग्री दर्ज किया गया। पारे में गिरावट के बाद मैदानी इलाकों सहित कई जगह बर्फ की परत जमीं पाई गई। वही अलसूबह माउंट आबू में धुंध भी छाई रही।

माउंट आबू में पारे में गिरावट के चलते लोगों की दिनचर्या में इसका खासा असर देखने को मिल रहा है। लोग देर तक घरों में दुबके रहते है। वही स्कूली बच्चों और नौकरी और मजदूरी पर जाने वाले स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

माउंट आबू में बीते दस दिनों से पारे में उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है। बीते दस दिनों में 8 दिन न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु से नीचे रहा। वही दो दिनों से एक डिग्री थी जो बुधवार को 4 डिग्री गिरकर माईनस 3 डिग्री दर्ज किया गया। पारे में गिरावट के बाद माउंट आबू के मैदानी इलाकों, पहाडी इलाके में बहने वाले नालों, घरों व होटलों के बाहर खड़ी कारों की छत, बाहर रखे पानी व पेड़ पौधों पर बर्फ की हल्की परत जमीं पाई गई। वहीं सर्दी के प्रकोप के बीच अलाव जलाकर लोग सर्दी से बचने का जतन कर रहे है। वही घरों में रहने दुबके लोग रूम हीटर का प्रयोग कर रहे है। माउंट आबू में इस वर्ष लम्बे समय से सर्दी का प्रकोप देखा जा रहा है। माउंट आबू में एक तरफ जहां पारे में गिरावट दर्ज की जा रही है तो अलसुबह पहाड़ों और पोलो ग्राउंड सहित अन्य जगह धुंध छाई रही। धुंध से ठंडी हवाओं भी चलती रही। जिसके चलते बाहर लोगों की कंपकंपी छूट गई।

## राशिफल गुरूवार 26 जनवरी, 2023



पंडित अनिल शर्मा


माघ मास, शुक्ल पक्ष, पंचमी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2079, उत्तरा भाद्रपद नक्षत्र सांय 6:57 तक, शिव योग दिन 3:29 तक, बालव करण दिन 10:29 तक, चन्द्रमा मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य–मकर, चन्द्रमा–मीन, मंगल–वृष, बुध–धनु, गुरू–मीन, शुक्र–कुम्भ, शनि–कुम्भ, राहु–मेष, केतु–तुला राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग और रवियोग सांय 6:57 से आरम्भ होगा। आज बसन्त पंचमी (उत्तर प्रदेश, पूर्वा मध्यप्रदेश, बिहार, असम आदि राज्यों में)। आज तक्षक पूजा, श्री पंचमी, सरस्वती पूजन, रति काम महोत्सव, बागीश्वरी जयन्ती यात्रा दर्शन पूजा है। आज पंचक है।


**सर्वश्रेष्ठ चौघड़ियाः** शुभ सूर्योदय से 8:39 तक, चर 11:19 से 12:39 तक, लाभ–अमृत 12:39 से 3:19 तक, शुभ 4:39 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 7:19, सूर्यास्त 5:59




### मेष

घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा।




### वृष

आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।




### मिथुन

व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।




### कर्क

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




### सिंह

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ने का भय बना रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा टालना ठीक रहेगा।




### कन्या

आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।




### तुला

परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




### वृश्चिक

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




### धनु

घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी।




### मकर

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिचितों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।



### कुंभ

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक स्थिति ठीक रहेगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी।



### मीन


मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति ठीक रहेगी। आवश्यक और महत्वपूर्ण कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा।


NARAYAN SEVA SANSTHAN
Our Religion is Humanity
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नारायण सेवा संस्थान
हिरण मगरी, सेक्टर-4, उदयपुर (राज.) 313002 | Web : www.narayanseva.org
Tel.: +912946622222, +917023509999 | E-mail : info@narayanseva.org


समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सुदर्शनसिंह रावत
विधायक भीम-देवगढ़
अमरसिंह रावत, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, भीम जिला-राजसमन्द


MP BIRLA GROUP
MP BIRLA CEMENT
सीमेंट से घर तक
एम पी बिरला सीमेंट, देश के मजबूत निर्माण का साथी
गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
SAMRAT ADVANCED
PERFECT PLUS
चेतक
98315 19191 | Expert Advice: 1800 123 1117


WONDER CEMENT
74th Happy Republic Day
Toll-Free No.: 1800 31 31 31 | www.wondercement.com


देश एक, संकल्प एक,
निर्माण मज़बूत भारत का।
गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
अल्ट्राटेक
देश का नं.1 सीमेंट
अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड (यूनिट - आदित्य सीमेंट वर्क्स)
पोस्ट- आदित्यपुरम, शंभुपुरा, जिला:- चित्तौड़गढ़ - 312622, राजस्थान


गीतांजली हॉस्पिटल
GMCH GEETANJALI HOSPITAL
फेफड़ों से संबंधित किसी भी समस्याओं के लिए
दक्षिणी राजस्थान में गीतांजली हॉस्पिटल के
एडवांस्ड रेस्पिरेटरी मेडिसिन एवं पल्मोनोलोजी विभाग
की अनुभवी विशेषज्ञों की टीम से अवश्य मिलें।
रेस्पिरेटरी मेडिसिन एवं पल्मोनोलोजी संबंधित उपलब्ध सुविधाएँ
विशेषज्ञों से परामर्श (ओ.पी.डी.)
एलर्जी टेस्ट
पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन
फ्लू एवं निमोनिया से बचाव के टीके
इंटरकॉस्टल ड्रेनेज ट्यूब प्रोसिजर
सी.टी.स्केन व सोनोग्राफी गाईडेड बायोप्सि
भर्ती सुविधा
पी.एफ.टी. (स्पाइरोमेट्री), डी.एल.सी.ओ.
प्ल्यूरल फ्लूइड एस्पिरेशन
टी.बी. के निदान हेतु बलगम की जाँच
बलगम का सीबीनाट टेस्ट
टी.बी. आइसोलेशन वार्ड्स
रेस्पिरेट्री आई.सी.यू.
6 मिनट वॉक टेस्ट
स्लीप स्टडी लेब
इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजी प्रोसिजर
ब्रोन्कोस्कोपी
थोरैकोस्कोपी
फेफड़ो में गाँठ, संक्रमण, फाइब्रोसिस, मिडिएस्टेनल मास या लिम्फनोड के निदान हेतु ब्रोन्कोस्कोपी बायोप्सि, टी.बी. एन.ए., टी.बी.एल.बी. व छाती में बार-बार पानी भरने के निदान व इलाज हेतु थोरैकोस्कोपी एवं प्लूरोडेसिस की सुविधाएँ।
डॉ. ऋषि कुमार शर्मा
डॉ. एस.के. लुहाड़िया
डॉ. अतुल लुहाड़िया
डॉ. अमित गुप्ता
डॉ. गौरव छाबड़ा
डॉ. शुभकरण शर्मा
मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना
राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम (RGHS)
भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ECHS) • कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ESIC) • उत्तर पश्चिमी रेलवे (NWR) • हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड (HZL)
स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया (SBI) • भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) • भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (AAI) • भारतीय खाद्य निगम (FCI)
राजस्थान राज्य खान एवं खनिज लिमिटेड (RSMM) • सभी महत्वपूर्ण टी.पी.ए. (TPA) व इन्श्योरेन्स से अधिकृत।
For Career Opening Scan & Apply
गीतांजली मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
नेशनल हाईवे-8 बायपास, एकलिंगपुरा चौराहा के पास, उदयपुर (राज.)
+91 294 250 0044


vedanta
transforming for good
HINDUSTAN ZINC
Zinc & Silver of India
हिन्दुस्तान ज़िंक
की ओर से आपको और आपके परिवार को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
हम आज़ादी के 75 वर्ष पूरे होने पर
अमृत महोत्सव मना रहे हैं,
हिन्दुस्तान ज़िंक हमारे दैनिक जीवन के प्रत्येक तत्व
में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए,
मजबूत राष्ट्र निर्माण हेतु प्रतिबद्ध है
SAFE
SMART
SUSTAINABLE
www.linkedin.com/company/hindustanzinc
www.instagram.com/hindustan_zinc
www.facebook.com/HindustanZinc
www.twitter.com/hindustan_zinc
www.twitter.com/CEO_HZL
Hindustan Zinc Limited Yashad Bhawan, Udaipur-313004 Rajasthan, India. T: +91 294 6604000-20 | www.hzlindia.com

# धरने पर बैठे व्यापार संघ व बिदाणी परिवार को पुलिस ने अल-सुबह खदेड़ा

## कोटपूतली में मास्टर प्लान के तहत सड़क विस्तारीकरण का मामला

- विरोध कर रहे बिदाणी परिवार के चार लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया
- प्रशासन की दमनात्मक कार्यवाही को लेकर लोगों में आक्रोश बरकरार
- नगर परिषद् आयुक्त ने पब्लिक नोटिस निकाल कर लिखा फिलहाल इसके अतिरिक्त किसी अन्य स्थान व मार्ग पर परिषद् नहीं करेगा कार्यवाही
- व्यापार मण्डल के बैनर तले प्रभावितों ने एडीएम को ज्ञापन सौंपकर पुनर्वास व मुआवजे की मांग की



धरने पर बैठे व्यापारी परिवार को जबरन धरने से उठाकर थाने ले जाती पुलिस।

**कोटपूतली, (निसं)।** नगर परिषद् द्वारा कोटपूतली के मास्टर प्लान 2011-31 को लागू करने और सड़क विस्तारीकरण को लेकर पुरानी नगरपालिका से आजाद चौक तक की जा रही संरचनायें तोड़ने की कार्यवाही को लेकर आज तीसरे दिन भी परिषद् प्रशासन द्वारा मलबा उठाने व विद्युत पोल लगाने की कार्यवाही जारी रही। किन्तु सोमवार को आजाद चौक में की गई कार्रवाई के बाद से पूरे शहर में तनाव का माहौल बना हुआ है। जहां प्रशासन ने कोटपूतली अग्रसेन चौराहे से लेकर आजाद चौक तक के पूरे क्षेत्र को छावनी में तब्दील कर दिया है, वहीं व्यापारी प्रशासन की कार्रवाई को दमनात्मक व तानाशाही बता रहे हैं।

जहां एक ओर आजाद चौक में कार्रवाई के बाद से व्यापारी नगर परिषद पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगा रहे थे वहीं मंगलवार शाम तक पीड़ित व्यापारी परिवार अपने तोड़े गए प्रतिष्ठान की जगह पर ही टेंट लगाकर धरने पर बैठ गया था। लेकिन देर शाम नगर परिषद दस्ता तोड़े गए प्रतिष्ठान की जगह पर विद्युत पोल लगाने पहुंचा तो व्यापारी व नगर परिषद प्रशासन के बीच तनातनी का माहौल हो गया और सुबह 4 बजे प्रशासन ने भारी पुलिस जाप्ते के साथ धरने पर बैठे पीड़ित व्यापारी परिवार को जबरन उठा दिया और परिवार के चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

गौरतलब है कि इस पूरी कार्रवाई के बाद व्यापारी व लोगों में प्रशासन के खिलाफ आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसी बीच आक्रोशित व्यापारियों ने सैकड़ों की संख्या में इकट्ठे होकर कोटपूतली एडीएम रविंद्र शर्मा को नगर परिषद की कार्यवाही के विरोध में सीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग की है। व्यापार मंडल के बैनर तले सौंपे गए ज्ञापन में पीड़ित व्यापारियों को पुनर्वास व मुआवजे की मांग की है। वहीं देर शाम तक मौके पर पुलिस प्रशासन के करीब 400 जवान व कोटपूतली एडीएम, एसडीएम तहसीलदार व डिवाईएसपी सहित प्रशासन का भारी जाप्ता मौके पर मौजूद रहा। इस दौरान व्यापारीयों ने प्रशासन व क्षेत्रीय विधायक व गृह राज्य मंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रशासन द्वारा इन दिनों सड़क विस्तारीकरण को लेकर कि जा रही कार्यवाही को लेकर चहुंओर चर्चाओं का बाजार गर्म है। लोग शहर के हर गली मौहल्ले में कार्यवाही को लेकर तरह-तरह के कयास लगा रहे हैं। इस दौरान जहां सोशल मीडिया पर कस्बे के 17 रोड़ों को चौड़ा किये जाने की लिस्ट वायरल हो रही है। वायरल लिस्ट के मुताबिक डाबला रोड 100 फीट, बानसूर रोड 100 फीट, नगर परिषद् पार्क रोड 80 फीट, गोपालपुरा रोड 60, लक्ष्मीनगर रोड 60 फीट, टेलीफोन एक्सचेन्ज रोड 60 फीट, श्याम मन्दिर रोड 60 फीट, सुन्दपुरा रोड 60 फीट, संजीवनी अस्पताल रोड 60 फीट, सरदार स्कूल रोड 60 फीट, राठौड़ पार्क रोड 60 फीट, पुतली कट से बानसूर रोड 60 फीट, गौशाला रोड 60 फीट, तहसील से नागाजी की गौर 60 फीट, आजाद चौक रोड 40 फीट, पुरानी सब्जी मण्डी रोड 40 फीट व दिल्ली दरवाजा से तहसील तक 40 फीट तथा इन सभी मार्गों से लगने वाली छोटी सड़कें भी 20 एवं 30 फिट चौड़ी किये जाने की बात सामने आ रही है। हालांकि इस लिस्ट के वायरल पर अभी तक किसी भी अधिकारी ने अधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की है। यह जरूर है कि एक बार जब यह लिस्ट वायरल हुई तब परिषद् आयुक्त ने उक्त लिस्ट को झूठा वायरल बता कर वायरल करने वाले के खिलाफ कानूनी कार्यवाही का भरोसा दिलाया था किन्तू अभी तक इस वायरल का सच क्या है यह सामने नहीं आया है।

लेकिन अभी तक उक्त लिस्ट के मुताबिक माने तो नगर परिषद् प्रशासन ने परिषद् पार्क रोड़ को 80 फीट किये जाने हेतू संरचनाओं को ध्वस्थ कर दिया है। वहीं सरदार स्कूल रोड़ को 60 फीट किये जाने हेतू संरचनायें तोड़ी गई हैं। साथ ही आजाद चौक रोड़ को भी 40 फीट चौड़ा किये जाने हेतू परिषद् ने विगत सोमवार से संरचनायें तोड़ना शुरू कर दिया था। ऐसे में लोगों को व्यथित व चिंतित होना लाजमी है।

दूसरी ओर परिषद् द्वारा की जा रही कार्यवाही के बाद व्यापारियों के आक्रोश व आरोपों के बाद कहीं ना कहीं नगर परिषद् बैकफुट पर नजर आ रही है। खुद आयुक्त फतेह सिंह मीना ने एक सार्वजनिक सूचना शोसल मीडिया पर वायरल की है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि नगर परिषद की एंपावर्ड कमिटी तथा बोर्ड द्वारा लिए गए निर्णयों के अनुसरण में नगर परिषद द्वारा सरदार स्कूल से शनि मंदिर तक, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 से अग्रसेन सर्किल तक तथा पुरानी नगर पालिका भवन से आजाद चौक तक मास्टर प्लान सड़क मार्गाधिकार से स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही विभिन्न चरणों में संपन्न की गई है।

निर्णय के अनुक्रम में उपरोक्त सड़कों की चौड़ाई सरदार स्कूल से शनि मंदिर तक 60 फीट, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 से अग्रसेन सर्किल तक 80 फीट तथा पुरानी नगरपालिका भवन से आजाद चौक तक 40 फीट की जानी प्रस्तावित था जिसके अनुक्रम में उच्च न्यायालय द्वारा जिन सरंचनाओं पर स्टे दिया गया है के अतिरिक्त सभी स्थानों से अधिकांश कार्यवाही नगर परिषद द्वारा संपन्न की जा चुकी है। फिलहाल इन स्थानों के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान अथवा मार्ग पर नगर परिषद द्वारा कार्यवाही की जानी प्रस्तावित नहीं है।

# सूने मकान से 10 लाख के जेवर व नगदी चोरी



चोरी की घटना के बाद पुलिस ने पूछताछ की।

- भीलवाड़ा शादी समारोह में गये हुए थे परिवारजन

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा शहर के वार्ड नम्बर 20 कायस्थ मौहल्ला में मंगलवार की रात चोरों ने रैकी कर पुलिस की रात्रि गश्त के दावों को ठेंगा दिखाते हुए सूने मकान के ताले तोड़ 10 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभुषण व 60 हजार से अधिक की नगदी को चुरा लिया।

ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सीसीटीवी फुटेज सहित चोरी की वारदात में उपयोग लिये गये संसाधन तक उपलब्ध करवाने के बावजूद बीते 6 माह में एक भी चोरी की वारदात का खुलासा नहीं किया जा सका। इसी प्रकार भीलवाड़ा शादी समारोह में शरीक होने गये प्रदीप चन्द पुत्र पदम चन्द ठेग्या के सूने मकान को मंगलवार की रात को चोरों निशाना बनाते हुए मुख्य दरवाजे व अलमारी के ताले तोड़ तकरीबन 14 तोला सोना व डेढ किलो चांदी के आभुषण सहित 60 हजार रूपये से अधिक की नगदी चुरा ली। वारदात का पता बुधवार को शादी से लौटने पर गेट का ताला टूटा होने व कमरों में सामान बिखरा होने पर लगा। सूचना पर एएसआई भागचन्द चौधरी, रामनारायण गुर्जर, एमआईयू टीम के साथ वारदात स्थल पर पहुंच कर फिंगर प्रिन्ट सहित महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाये। डीवाईएसपी सुशील मान ने भी मौके पर पहुंच पीड़ित मकान मालिक व परिवारजनों से घटना की जानकारी लेकर चोरी की वारदात का खुलासा करने का विश्वास दिया।

# इंजन में खराबी से सवा घंटा खड़ी रही रानीखेत एक्सप्रेस

**पाली, (निसं)।** इंजन में खराबी आने से पाली जिले के मारवाड़ जंक्शन में बुधवार को रानीखेत एक्स्प्रेस करीब सवा खड़े खड़ी रही। जिससे यात्रियों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इंजन में खराबी के कारण मारवाड़ जंक्शन में बुधवार सुबह करीब सवा घंटा ट्रैक पर रानीखेत एक्सप्रेस (15013) खड़ी रही। इससे जोधपुर-रतलाम ट्रेन भी लेट हो गई। घटना के चलते दोनों ट्रेनों के यात्रियों और रेलवे फाटक बंद होने से मारवाड़ जंक्शन के लोगों को परेशानी हुई।

मारवाड़ जंक्शन रेलवे स्टेशन पर 10:25 पर पहुंचने वाली रानीखेत एक्सप्रेस के इंजन में पॉवर लॉक की समस्या हो गई। जिससे ट्रेन पीर बाबा दरगाह के पास ट्रैक पर खड़ी हो गई। इससे पाली फाटक को भी बंद करना पड़ा। रेलवे तकनीकी टीम ने पहुंच खराबी दुरुस्त की। उसके बाद ट्रेन को रवाना किया जा सका। यहां करीब सवा घंटे ट्रेन खड़ी रही। सुबह करीब पौने बाहर बजे ट्रेन को रवाना किया गया।

**जोधपुर-रतलाम भी हुई लेट:-** रानीखेत एक्सप्रेस के खड़े रहने के चलते जोधपुर-रतलाम ट्रेन भी आगे नहीं बढ़ सकी। ऐसे में करीब डेढ़ घंटे तक जोधपुर-रतलाम ट्रेन भी खड़ी रही। जिसके चलते दोनों ट्रेनों के यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

मारवाड़ जंक्शन निवासी पार्षद कल्पेश जैन ने बताया कि ट्रेन खड़ी रहने से करीब एक घंटे से ज्यादा पाली रेलवे फाटक बंद रही। जिससे फाटक के दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। लोगों को परेशान होना पड़ा क्योंकि अंडरब्रिज फाटक से करीब दो किलोमीटर दूर है। ऐसे में श्री सांई दर्शन सेवा संस्थान के अध्यक्ष देवेन्द्र मीणा और उनकी टीम में वाहन चालकों को अंडरब्रिज जाने के लिए माइक लगाकर अनाउंस किया।

## बेटे ने पिता की लाठी से मार की हत्या

**टोंक, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र के ग्राम बाड़ा जेरेकिला में बीती रात्रि को जमीनी मामले में एक बेटे ने अपने ही पिता की लाठी से मार गंभीर रुप से घायल कर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात करीब साढ़े 10 बजे के करीब वृद्ध नाथूलाल बैरवा उम्र 55 साल निवासी ग्राम बाड़ा जेरेकिला को उसके बेटे योगेन्द्र बैरवा ने लाठी से पिटकर घायल कर दिया, जिसको गम्भीर अवस्था में सआदत अस्पताल लाया गया था, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जयपुर रैफर किया, लेकिन चाकसू के पास पहुंचते उसने दम तोड़ दिया। इसके बाद उसका शव टोंक लाकर सआदत अस्पताल की मोर्चरी में लाकर रखा गया।

पुलिस थानाधिकारी सदर घनश्याम मीणा ने बताया कि घटना के समय दोनों पिता-पुत्र अकेले थे। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए हत्या के आरोपी पुत्र जोगेंद्र को डिटेन कर लिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी टोंक सालेह मोहम्मद भी मौके पर पहुंचे और एफएसएल टीम के जरीये मौके से साक्ष्य जुटाए गए। इस मामले में परिजनों के अनुसार मृतक नाथू लाल ने कुछ साल अपनी 3 बीघा जमीन बेची थी जिसके रूपयों को लेकर पिता-पुत्र में अक्सर विवाद हुआ करता था। इस मामले में आरोपी बेटे योगेन्द्र बैरवा को हिरासत में लेककर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नकाबपोश बदमाशों ने तीन मिनिट में बैंक से सात लाख नब्बे हजार रुपये लूटे

- बदमाशों ने वारदात के दौरान करीब पांच से छह राउंड फायर भी किए



बैंक लूट की घटना के बाद पुलिस अधिकारियों ने साक्ष्य जुटाए।

**मंडावरी लालसोट, (निसं)।** मंडावरी थाना क्षेत्र की बिलोना कला ग्राम स्थित राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक में बुधवार दिन दहाड़े सुबह करीब ग्यारह बजे अज्ञात तीन हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों द्वारा डकैती की वारदात को अंजाम दिया गया।

फिल्मी स्टाइल में बेखौफ घुसे तीन बदमाश महज तीन मिनट में बैंक में डकैती की वारदात को अंजाम देकर करीब सात लाख नब्बे हजार रुपयों को लूट कर फरार हो गए। बदमाशों ने वारदात के दौरान करीब पांच से छह राउंड फायर भी किए। उनमें से कंधे पर बैग टांके एक बदमाश ने बैंक के मुख्य द्वार पर मोर्चा संभाल लिया एवं दो अन्य बैंक के अंदर दाखिल हो गए। सभी लुटेरे बदमाशों के पास बंदूक आदि हथियार मौजूद थे। दो लुटेरों द्वारा बैंक में दाखिल होते ही दो हवाई फायर किए, हवाई फायर करने के बाद बैंक के कर्मचारी घबरा गए। इसके बाद बदमाशों ने बंदूक दिखाकर केशियर से स्ट्रांग रूम चलकर तिजोरी खोलने के लिए कहा गया। हालांकि बैंक में कार्यरत कर्मचारियों द्वारा काफी विरोध भी जताया गया लेकिन बंदूक की नोक पर केशियर को बैंक स्ट्रांग रूम में ले जाकर तिजोरी को खुलवाया एवं उसमें रखी पूरी नगरी को खुद के साथ लाए एक बैग में भरकर जाते समय दोबारा फायर कर वहां से दहशत फैलाते हुए बाइक पर सवार हो फरार हो गए।

अज्ञात लुटेरों द्वारा लूट की वारदात को अंजाम देने की पूरी घटना बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक अरविंद गोयल मौके पर पहुंचे एवं घटना को लेकर जानकारी ली। इसके बाद जिला पुलिस अधीक्षक संजीव नैन एवं अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक लालचंद कायल द्वारा भी बैंक स्थित घटनास्थल का जायजा लिया एवं एमओवी एफएसएल टीम द्वारा एकत्रित करवाने का कार्य भी करवाया।

वहीं इस डकैती की घटना को अंजाम देने आया एक युवक बाहर गेट पर बंदूक लेकर पहरेदारी कर रहा था इसी दौरान वहां निकले एक ग्रामीण को वहां से जाने को कहा इस पर ग्रामीण खुद के घर के सामने जाकर खड़ा हो गया जहां लुटेरे द्वारा ग्रामीण पर भी फायर किया गया जिसमें ग्रामीण भी बाल-बाल बच गया। वहीं इस लूटपाट की घटना के बाद ग्रामीणों द्वारा मंडावरी थाना क्षेत्र में विगत कई दिनों से लगातार बढ़ रही अपराधिक घटनाएं एवं लूटपाट चोरी की घटनाओं पर नाराजगी जताते हुए थाना अधिकारी रामपाल मीणा की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े किए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि मौजूदा थानाधिकारी रामपाल मीणा के कार्यकाल में मंडावरी थाना क्षेत्र में लूटपाट चोरी आदि की घटनाओं में तेजी से बढ़ोतरी देखी गई है।

वहीं बैंक के शाखा प्रबंधक नेमीचंद मीणा द्वारा इस लूटपाट की वारदात को लेकर मंडावरी थाने में मामला दर्ज करवाया है। वहीं मामले को दर्ज कर पुलिस की विभिन्न टीमें अज्ञात लुटेरों की तलाश में सीसीटीवी फुटेजो एवं अन्य तकनीकी माध्यमों से उन तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

## प्रवेश-पत्र अपलोड

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा संरक्षण अधिकारी (महिला अधिकारिता विभाग) परीक्षा-2022 के प्रवेश पत्र अपलोड कर दिए गए हैं। आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक तथा एसएसओ पोर्टल में लॉगिन कर इन्हें डाउनलोड किया जा सकता हैं। आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि उक्त परीक्षा जयपुर जिला मुख्यालय पर 28 जनवरी 2023 को आयोजित की जाएगी। अभ्यर्थी यथाशीघ्र समयान्तर्गत प्रवेश-पत्र डाउनलोड कर लेवें। प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ठ कर डाउनलोड किए जा सकते हैं।

# स्पाइसजेट एयरवेज के खिलाफ परिवाद पर दो लाख का जुर्माना

**जोधपुर, (कासं)।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग प्रथम जोधपुर ने एक मामले में अप्रार्थी स्पाइसजेट एयरवेज लिमिटेड के खिलाफ पेश परिवाद को स्वीकार कर दो लाख रुपए का जुर्माना लगाया। आयोग अध्यक्ष चंद्रकला जैन, सदस्य राजराम सर्राफ व सदस्या अफसाना खान ने परिवादी गोकुलेश बोहरा का परिवाद स्वीकार करते हुए यह आदेश पारित किया।

परिवादी की ओर से अधिवक्ता सीपी चौहान ने बताया कि परिवादी गोकुलेश बोहरा का विवाह 27 नवम्बर 2015 को हुआ था। हनीमून के लिए पैकेज बुक कराया था, जिसके लिए फ्लाइट बुक करानी थी। अप्रार्थी संख्या दो स्पाइसजेट की मुम्बई से कोच्चि के लिए फ्लाइट है, जो आपको वहां पहुंचा देगी। परिवादी ने जोधपुर से मुम्बई के लिए 13,990 रुपए और मुम्बई से कोच्चि के लिए दो टिकट के लिए 13,388 रुपए लिए गए।

**कंपनी ने कहा फ्लाइट निकल गई:-** परिवादी व उसकी पत्नी 19 दिसंबर 2015 को औपचारिकताएं पूरी कर मुम्बई रवाना हुए, लेकिन मुम्बई पहुंचने पर एयरपोर्ट पर बोर्डिंग पास के लिए स्पाइसजेट वालों ने परिवादी को मना कर दिया। कंपनी ने कहा कि आज की फ्लाइट निकल गई है। इस पर परिवादी मुम्बई में होटल में रुके, जिसका खर्चा भी हुआ। कोर्ट ने दो माह में परिवादी को खर्चे-हर्जे व क्षतिपूर्ति तथा विधिक व्यय के लिए दो लाख अदा करने के निर्देश दिए।

# ख्वाजा साहब को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से चढ़ाई चादर

## भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में चादर पेश कर देश में अमन-चैन की दुआ मांगी



अजमेर में ख्वाजा साहब की दरगाह पर प्रधानमंत्री मोदी की ओर से चादर पेश की।

**अजमेर, (कासं)।** ख्वाजा साहब के सालाना उर्स के मौके पर बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से भेजी गई चादर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीक़ी के नेतृत्व में पेश की कर देश में अमन चैन की दुआ मांगी। ख़ादिम सैयद अफशांन चिश्ती ने चादर पेश कराई। दरगाह में चादर पेश करने के दरगाह के मुख्य द्वार पर पीएम मोदी का संदेश दरगाह कमेटी के सदर शाहिद हुसैन रिजवी ने पढ़कर सुनाया। चिश्ती ने सभी की दस्तारबंदी कर प्रधानमंत्री के लिए ताबर्रुक भेंट किया। इस अवसर पर सैयद आदिल हुसैन, सैयद सलीम आफ़ताब,सैयद इमरान चिश्ती, सैयद अमान चिश्ती सैयद वज़ीर चिश्ती भी साथ रहे। अंजुमन सैयद ज़ादगान के सदर अलहाज गुलाम किब्रिया ने सभी दुआ की। सैयदज़ादगान की ओर से अंजुमन अध्यक्ष, सचिव व उपाध्यक्ष ने सभी की दस्तारबंदी की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संदेश में उर्स के अवसर पर विश्व भर में ख्वाजा साहब के अनुयायियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। संदेश में उन्होंने कहा कि दुनिया को प्रेमए सौहार्द और बंधुत्व का संदेश देने वाले महान सूफी संत के वार्षिक उर्स पर दरगाह शरीफ पर चादर भेजते हुए मैं उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। भारत में विभिन्न पंथों मान्यताओं और आस्थाओं का सद्भावपूर्ण सह अस्तित्व हमारे देश की समृद्ध विरासत है। हमारे देश में संतोंए पीरों व फकीरों ने शांति एकता और सद्भाव के पैगाम के जरिए राष्ट्र के सांस्कृतिक ताने बाने को सदैव मजबूती प्रदान की है। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भारत की महान आध्यात्मिक परंपराओं के प्रतीक हैं। गरीब नवाज द्वारा की गई मानवता की सेवा निरंतर पीडितों को प्रेरणा देती रहेगी।

अनेकता में एकता हमारे देश की खूबसूरती है और सालाना उर्स विभिन्न मान्यताओं एवं आस्था के लोगों द्वारा इसी भावना को संजोते और सहजते हुए इसका उत्सव मनाने का अवसर है। आजादी के अमृत कालखंड में देश सामूहिक सामर्थ के जरिए प्रगति की नई ऊंचाइयों को छूने के लिए आगे कदम बढ़ा रहा है। मुझे विश्वास हैं कि सामूहिक सामर्थ के जरिए देश प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुएगा। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती के 811वें उर्स पर मैं दरगाह अजमेर शरीफ से देश की खुशहाली और समृद्धि की कामना करता हूं।

इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी, दरगाह कमेटी के अध्यक्ष सैयद शाही हुसैन रिजवी, भाजपा सांसद भागीरथ चौधरी, डिप्टी मेयर नीरज जैन, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सहित भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 को मालासेरी आएंगे

- भगवान देवनारायण की जयंती महोत्सव में आएंगे मोदी

**भीलवाड़ा, (नि.सं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 जनवरी सुबह 9.20 बजे दिल्ली एयरपोर्ट से रवाना होकर सुबह 10.30 बजे उदयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से 10.35 बजे हेलीकॉप्टर से मालासेरी के लिए रवाना होंगे। वे सुबह 11.25 बजे मालासेरी पहुंचेंगे। वे यहां पर भगवान देवनारायण की 1111वीं जयंती के मौके पर आयोजित अवतरण महोत्सव में भाग लेंगे। यहां से दोपहर 12.55 बजे हेलीकॉप्टर से वापस उदयपुर एयरपोर्ट के लिए रवाना होकर दिल्ली जाएंगे। आसींद क्षेत्र के मालासेरी में 28 जनवरी को पीएम की प्रस्तावित यात्रा से पहले ही भगवान देवनारायण की जन्मस्थली मालासेरी का स्वरूप बदल गया है। यहां गुर्जरों का मेला-सा लगने लगा है।

1100 महिलाओं की कलश यात्रा के साथ जन्मोत्सव का आगाज हुआ था, अब भगवान देवनारायण की 1111वीं जयंती पर 1100 किलो पीले चावल और यहां की पावन मिट्टी भेजकर देशभर में गुर्जर समाज को न्योता भेजा जा रहा है। इस धार्मिक यात्रा के बहाने मोदी गुर्जरों को साधने आ रहे हैं। मोदी की सभा के लिए 50 बीघा का मैदान और 5 हेलीपेड बनाए जा रहे हैं। मोदी यहां पर धार्मिक टूरिस्ट सर्किट की घोषणा कर सकते हैं। मोदी के कार्यक्रम के प्रभारी खुद केंद्रीय संस्कृति मंत्री अर्जुनराम मेघवाल हैं। केंद्रीय सांस्कृतिक मंत्रालय के अधिकारियों की टीम कई बार मालासेरी का दौरा कर चुकी है। ऐसे में इस दौरे को लेकर काफी उम्मीदें हैं।

# एसीबी ने उप निदेशक कृषि के खिलाफ दर्ज की शिकायत

- उप निदेशक अजयसिंह शेखावत के चार ठिकानों पर एसीबी कर रही सर्च

**जयपुर।** एसीबी मुख्यालय की ओर से उप निदेशक कृषि उद्यान विभाग अजयसिंह शेखावत के खिलाफ आय से अधिक सम्पत्ति का मामला दर्ज कर किया गया। मामला दर्ज होने पर एसीबी की टीमें शेखावत के चार ठिकानों पर सर्च कर रही हैं। एसीबी मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी की इंटेलिजेंस इकाई ने शिकायत मिलने पर शेखावत के जयपुर, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर कार्यालय में स्थित चार ठिकानों पर सर्च कर रही हैं।

एडीजी एसीबी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया कि ब्यूरो मुख्यालय की ओर से अजय सिंह शेखावत उप निदेशक कृषि उद्यान विभाग, डूंगरपुर के खिलाफ शिकायत का सत्यापन किया गया। जिस में आय से अधिक परिसम्पत्तियां अर्जित करने का मामला सामने आने पर प्रकरण दर्ज किया गया। एडिशनल एसपी आहद खान के नेतृत्व में ब्यूरो की टीमें जयपुर, चित्तौड़गढ़ एवं डूंगरपुर तथा इन्टेलिजेंस यूनिट के सहयोग से विभिन्न टीमों का गठन किया गया। आज सुबह से ही शेखावत के 4 विभिन्न ठिकानों पर तलाशी की गई। अब तक मिले दस्तावेजों के अनुसार अजय सिंह शेखावत उप निदेशक कृषि उद्यान विभाग, डूंगरपुर एवं उनकी पत्नी किशन कंवर द्वारा अनेक परिसम्पत्तियां अर्जित करने का अनुमान हैं। जो उनकी वैध आय से अधिक है। उपनिदेशक द्वारा अपनी अवैध आय को जयपुर, चित्तौड़गढ़ में आवासीय, व्यावसायिक भूखण्डों, फ्लैटों एवं म्यूचल फण्ड इन्श्योरेन्स आदि में निवेश करना सामने आया हैं।

एसीबी के एडीजी दिनेश एम.एन. के निर्देशन में ए.सी.बी. की विभिन्न टीमों द्वारा आरोपी के ठिकानों पर सर्च जारी है। जिसमें और अधिक परिसम्पत्तियों का पता चलने की संभावना है। आरोपी के विरूद्ध आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने का प्रकरण पीसी एक्ट में दर्ज गया हैं। आरोपी के ठिकानों पर कई दस्तावेज मिले हैं जिनकी जांच की जा रही हैं।

**पर्यावरण स्वीकृति आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आशियाना एकांश खसरा सं. 1790, 1791/1, 1791/2, 1792, 1793/1, 1793/2, 1794 व 1795 ग्राम-भांकरोटा, तहसील सांगानेर, जिला जयपुर, राजस्थान जिसका भूखण्ड क्षेत्र 34816.61 वर्गमीटर है पर भवन निर्माण की पर्यावरण स्वीकृति राज्य पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA) से पत्र संख्या F1(4)/SEIAA/SEAC-Raj/Sectt/Project/Cat-8a(21671)/2021-22 दिनांक 16.01.2023 तथा पहचान संख्या EC23B038RJ138855 दिनांक 20.01.2023 को प्रदान कर दी गई है। सहमति प्रपत्र की प्रति राज्य पर्यावरण प्रभाव आंकलन प्राधिकरण (SEIAA) के पास उपलब्ध है एवं पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की वेबसाईट http://www.parivesh.nic.in पर भी उपलब्ध है

PMCH HEALTH ADVISORS

# पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल, बेदला

(NABH प्रमाणित)

सभी देशवासियों को **गणतंत्र दिवस** की हार्दिक बधाई

बेहतरीन उपचार एवं उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ आपके लिए

## हैं तैयार हम



### मल्टीस्पेशिलिटी सुविधा

- जनरल मेडिसिन विभाग
- अस्थिरोग विभाग
- बाल एवं शिशु रोग
- नेत्र विभाग
- नाक-कान-गला विभाग
- प्रसुति एवं स्त्रीरोग विभाग
- चर्मरोग विभाग
- जनरल एवं लेप्रोस्कापिक सर्जरी विभाग
- वक्ष एवं क्षय रोग विभाग
- मनो चिकित्सा विभाग

### सुपरस्पेशिलिटी सुविधा

- मस्तिष्क रोग विभाग
- हदयरोग विभाग
- मूत्ररोग विभाग
- गुर्दा रोग विभाग
- कैंसर विभाग
- पेट एवं लीवर रोग विभाग
- पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग
- मधुमेह, थाइराइड एवं हार्मोन्स रोग विभाग
- बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग
- निःसंतानता रोग विभाग (आई.वी.एफ)

ई.ई.जी. | ई.एम.जी. | कलर डोप्लर | सीटी स्केन | एम.आर.आई. | डायलिसिस

सभी तरह की खून एव मूत्र की जांचे एवं ईको कार्डियोग्राफी की सुविधा | फिजियोथेरेपी की सुविधा

RGHS | चिरंजीवी मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना MMCSBY | कर्मचारी राज्य बीमा योजना ESIC — योजनाओं के कैशलेस ईलाज के लिए अधिकृत हॉस्पिटल

24 घण्टे ऐम्बुलेंस सेवा किफायती दरों पर | डे-केयर कीमो थैरेपी एवं सर्जरी की सुविधा | हाईटेक ऑपरेशन थियेटर | सुसज्जित आई.सी.यू. | उच्च प्रशिक्षित स्टॉफ

24/7 सुविधाऐं उपलब्ध

## पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल

भीलों का बेदला, सुखेर-पिण्डवाड़ा हाईवे, उदयपुर, राजस्थान - 313001

फोन: 0294-3520000, 9828144314

## सार-समाचार

### फिल्म पठान का विरोध

**उदयपुर, (कासं)।** शाहरूख खान की फिल्म पठान को लेकर उदयपुर में बुधवार को विरोध देखने को मिला। राष्ट्रीय राजपुत करणी सेना और श्रीराम सेना के पदाधिकारी इस फिल्म से आपत्तिजनक सीन को हटाने की मांग पर फिल्म प्रदर्शन स्थल के बाहर विरोध करने पहुंचे। दरअसल शाहरूख खान की फिल्म पठान को लेकर देशभर में हिन्दू संगठन विरोध करते हुए प्रदर्शन कर रहे हैंए ऐसे में उदयपुर में इसका असर देखने को मिला। हालांकि विरोध की आशंका को देखते पुलिस का जाब्ता पहले भी मौजूद था। सुखेर थाना क्षेत्र में भुवाणा में सेलिब्रेशलन मॉल में पीवीआर में यह मूवी लगी हुई थी। इसी को देखते हुए राष्ट्रीय राजपुत करणी सेना और श्रीराम सेना के कार्यकर्ता पहुंच गए। उन्होंने मॉल के बाहर रोड पर प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। पदाधिकारियों ने कहा. भगवा रंग में दीपिका को आपत्तिजनक दिखाया गया हैए जब तक इस सीन को हटाया नहीं जाएगाए तब तक विरोध जारी रहेगा। कार्यकर्ताओं ने कहा कि फिल्म में सनातन के खिलाफ सीन हैं। सनातन धर्म को नीचा दिखाया गया है। पदाधिकारियों ने शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जमकर आक्रोश जताया। हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस जवानों की संख्या को देखते हुए पदाधिकारी हंगामा नहीं कर पाए। नारेबाजी के बाद पोस्टर को फाड़ते हुए कार्यकर्ता चेतावनी देते हुए लौट गए।दरअसल शाहरुख खान की फिल्म पठान बुधवार को देशभर के 5 हजार 200 स्क्रीन पर रिलीज हुई। कहीं इस फिल्म को सपोर्ट मिल रहा है तो कहीं इसका विरोध चल रहा है। मध्य प्रदेश के इंदौर में हिंदू संगठनों के प्रदर्शन के चलते पहला शो रद्द कर दिया गया है। बिहार और यूपी में कई जगह पठान के पोस्टर फाड़े गए। इस विरोध के बावजूद फर्स्ट शो हुआ तो 300 स्क्रीन बढ़ाने पड़े यानी अब देश में ये फिल्म 5 हजार 500 स्क्रीन पर दिखाई जा रही है।

### खाचरियावास फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

**उदयपुर, (कासं)।** जिले भर में गुरुवार 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक मनाया जाएगा। उदयपुर जिला मुख्यालय पर मुख्य समारोह गांधी ठााउण्ड में मनाया जाएगा, जहां मुख्य अतिथि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रतापसिंह खाचरियावास राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे।जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने बताया कि मुख्य समारोह निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ठीक 9.05 बजे मुख्य अतिथि के हाथों ध्वजारोहण, राष्ट्रगान एवं परेड निरीक्षण के साथ शुरू होगा। पुलिस, एनसीसी, स्काउट व गाइड के छात्र-छात्राएं मार्च पास्ट की सलामी देंगे। समारोह में राज्यपाल का संदेश पठन होगा। इसके बाद मुख्य अतिथि के हाथों समाजसेवा, सरकारी योजनाओं एवं विभिन्न उपलब्धियों के लिये विशिष्ट व्यक्तियों को प्रशंसा पत्र वितरित किए जायेंगे। समारोह में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा व्यायाम व सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रदर्शन किया जाएगा। इस मौके पर विभिन्न विभागों की विकासपरक झांकियों के प्रदर्शन होंगे जिसमें सरकार की विभिन्न योजनाओं व जिले में विकास की तस्वीर को मॉडल्स के माध्यम से प्रदर्शित किया जायेगा। तत्पश्चात राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न

**उदयपुर, (कासं)।** प्रधानमंत्री परीक्षा पर चर्चा चित्रकला प्रतियोगिता राजकीय बालिका विद्यालय फलासिया एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मगवास मैं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें बालक बालिकाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद महोदय श्रीमान अर्जुन लाल जी मीणा , अध्यक्ष के रूप में सुनील जैन व विशिष्ट अतिथि के क्रम में भंवर सिंह पंवार , भूतपूर्व प्रधान मुरालीलाल बूंबरिया , उदयपुर पार्षद श्रीमती डॉक्टर शिल्पा पामेचा, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा सोनी, मंडल अध्यक्ष फलासिया गोपाल सिंह शक्तावत , उपसरपंच श्रीमान रमेश पटेल इनके अलावा विशिष्ट मेहमान के रूप में सुंदर लाल सोनी, मगन जोशी,फतु भाई पटेल,कमलेश जैन, हार्दिक जैन,भेरू लाल कुम्हार,रामजी लोहार,रामचंद्र जन्नावत,मुकेश जी पालीवाल , रौनक जैन, पवन जी लोहार उपस्थित थे। प्रधानाचार्य श्रीमान लीलाशंकर जी जोशी एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक ने अथितियो का स्वागत व आभार प्रकट किया

### सर्दी ने फिर दिखााये तेवर

**उदयपुर, (कासं)।** लेकसिटी में बुधवार को एक बार फिर गुलाबी सर्दी का असर तेज हो गया है। बुधवार से एक बार फिर तापमान में कमी आई है। उदयपुर के न्यूनतम तापमान में बुधवार को 1.4 डिठाी की कमी देखने को मिली। डबोक स्थित मौसम विभाग के कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को उदयपुर का न्यूनतम तापमान 6.6 डिठाी सेल्सियस तथा अधिकतम तापमान 22.6 डिठाी सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के माने तो इस महीने के अंत तक सर्दी का असर यूं ही जारी रह सकता है।मौसम विभाग के अनुसार नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से 28 से 30 जनवरी के बीच राजस्थान के कई इलाकों में मावठ की बारिश हो सकती है। और इसी के कारण प्रदेश में इन दिनों कोहरे का असर बना हुआ है।मंगलवार को उदयपुर का न्यूनतम तापमान 8.0 डिग्री था। न्यूनतम तापमान औसत से करीब 1 डिग्री नीचे आने और ठंडी हवा चलने से सर्दी का असर पड़ा है। इसका असर शहर के बाजारों के साथ ही पर्यटक स्थलों पर कम आवाजाही के साथ देखने को मिला।

### केन्द्रीय मंत्री रुपाला आज उदयपुर में

**उदयपुर, (कासं)।** भारत सरकार मत्स्य, पशुपालन और डेयरी विभाग के मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला 26 जनवरी की दोपहर 3.50 बजे वायुयान से उदयपुर आएंगे। वे यहां पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में भाग लेकर रात्रि विश्राम उदयपुर में ही करेंगे तथा 27 जनवरी की सुबह 9.15 बजे वायुयान से दिल्ली प्रस्थान कर जाएंगे। जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने इस यात्रा के मद्देनजर कानून, सुरक्षा, एस्कॉर्ट, आगमन-प्रस्थान के दौरान समन्वय और प्रोटोकॉल आदि व्यवस्थाओं के लिए विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे है।

### गोवंश की नीलामी कल

**उदयपुर, (कासं)।** नगर निगम, उदयपुर द्वारा काईन हाउस गौशाला तितरड़ी में रखे गये गौवंशों (गाय, बछडे-बछडी, बेल, सांड) की नीलामी निर्धारित समिति के द्वारा 27 जनवरी को प्रात: 11 बजे से की जायेगी। नगर निगम आयुक्त ने पशुपालकों से आ ान किया है कि निर्धारित समय व स्थान पर उपस्थित होकर नीलामी में भाग लें।


# सीईओ ने आवास और नरेगा कार्यों का निरीक्षण किया

**राजसमंद, (निसं)।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी उत्साह चौधरी ने बुधवार को फिल्ड विजीट के दौरान क्षेत्र में चल रहे मुख्यमंत्री आवास योजना एवं नरेगा के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

इस दौरान सीईओ चौधरी ने मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से अधिकाधिक श्रमिको को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना ग्रामीण के तहत

■ **मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से श्रमिकों को लाभान्वित करने के दिए निर्देश**

में बोरज खेडा में कमला/अंबालाल भील, एसार्दुल खेडा में राजी बाई/ नाना लाल भील, भूरी देवा भील, भीलो का खेत में लालू/दीपा भील तथा फेफी/भंवरलाल भील के आवास निर्माण का निरीक्षण किया। उन्होंने जनजाति वर्ग के व्यक्तियों से संवाद करते हुए राज्य सरकार की अधिक से अधिक योजनाओं से जुडने ओर लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। साथ ही मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना में शत-प्रतिशत पंजीयन के निर्देश भी दिए। ततपश्चात उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना के तहत नाडी गहरी करना, मेडा के पास केरडी तथा बोरज ओडिया में नाडी निर्माण चारागाह के पास कार्य का निरीक्षण कर कार्यस्थल पुस्तिका जॉबकार्ड संधारण मस्टरोल में नियमित कार्य एंट्री,श्रमिको को पांच पांच में काम देने को विस्तृत अवलोकन किया। उन्होंने एलडीसी ओर ग्राम विकास अधिकारी से नरेगा रजिस्टर एक से सात के संधारण की जानकारी ली। उन्होंने ग्राम विकास अधिकारी को नरेगा श्रमिको को मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से सभी पात्र को सात दिवस में मस्टरोल जारी कर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता अशोक गहलोत, सहायक विकास अधिकारी राजेश जोशी, तकनीकी सहायक प्रदीप आमेटा, निरंजना पालीवाल, ग्राम विकास अधिकरी महावीर सिंह खिडिया, सीता मीणा आदि मौजूद थे।



जिला परिषद के सीईओ उत्साह चौधरी ने नरेगा विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

### चिकित्सा शिविर आयोजित


**उदयपुर, (कासं)।** सूरजपोल स्थित एम. एम.शरण पब्लिक स्कूल में गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, रोटरी क्लब उदयपुर तथा आई.ए. पी. उदयपुर शाखा के संयुक्त तत्वाधान में एक विशाल नि:शुल्क बाल चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया।।गीतांजलि हॉस्पीटल के शिशु बाल रोग विभागाध्यक्ष डॉक्टर श्री देवेन्द्र सरीन के नेतृत्व में डॉक्टर सुशील गुप्ता , सचिव ढ़्रैंइ,डॉ. विजेंद्र चौधरी, डॉ. अर्पित पाराशर और डॉ . प्रीत शर्मा शामिल थे। लगभग 200 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिनमें से अधिकांश बच्चे स्वस्थ थे कुछ बच्चों में मौसमी जुखाम, खांसी पेट दर्द ,कृमि की शिकायत , रक्ताल्पता इत्यादि पाई गयी जिसका उचित उपचार एवं निदान किया गया । उल्लेखनीय है कि डॉक्टर श्री देवेन्द्र सरीन के नेतृत्व में अब तक 577 निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किये जा चुके हैं।आगंतुकों का स्वागत रोटरी अध्यक्ष श्री सतीश जैन द्वारा किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री महंत रास बिहारी जी शास्त्री ने इस सफल आयोजन को बाल स्वास्थ्य के लिए उपयोगी बताया ।

# विद्यार्थी झांकियों के माध्यम से जागरूकता का देंगे संदेश

**उदयपुर, (कासं)।** जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय की ओर से 74वॉ गणतंत्र दिवस प्रतापनगर स्थित खेल मैदान पर प्रात: 9.30 बजे केन्द्रीय स्तर पर मनाया जायेगा, जिसकी तैयारियॉ जोरों पर चल रही है। समारोह में विद्यापीठ के तीनों परिसरों के डीन, डायरेक्टर, विभागाध्यक्ष एवं कार्यकर्ता भाग लेगे। आयोजन सचिव डॉ. अमी राठौड़ ने बताया कि समारोह के अतिथि प्रमुख अतिथि ले. जनरल एन.के. सिंह राठौड़, प्रमुख अतिथि कुल प्रमुख भंवर लाल गुर्जर होगे जबकि अध्यक्षता कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत करेंगे।

रजिस्ट्रार डॉ. हेमशंकर दाधीच ने बताया कि समारोह में विद्यापीठ के सभी विभागों के एक हजार से अधिक एनसीसी केडेट्स, स्काउड, एवं विद्यार्थियों द्वारा परेड कर सलामी दी जायेगी।

समारोह में हर विभाग की ओर से 15 से अधिक सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ दी जायेगी जिसमें नुक्कड नाटक, योग व देश प्रेम ओतप्रोत गानों की प्रस्तुतियॉ के साथ विभिन्न झांकियॉ निकाल जागरूकता का संदेश भी दिया जायेगा। बुधवार परेड़ व सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का पूर्वाभ्यास किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु स्पोट्स बोर्ड सचिव डॉ. भवानी पाल सिंह राठौड सहित विभिन्न कमेटियों के सदस्य अपना सहयोग दे रहे है।



विद्यार्थियों ने परेड का अभ्यास किया।

# जनजागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**उदयपुर, (कासं)।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्विद्यालय के संघटक सामुदायिक एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय द्वारा आयोजित 'पौष्टिक मिलेट्स : जन जागरूकता रैली का भव्य शुभारम्भ डॉ। अजीत कुमार कर्नाटक, कुलपति , महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्विद्यालय उदयपुर द्वारा हरी झंडी दिखा कर किया।

इस अवसर पर भारतीय कृषि एवं अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली से उप-महानिदेशक (कृषि) डॉ. आर .सी. अठावाल भी कार्यक्रम में ऑनलाइन जुड़े एवं उन्होंने विश्विद्यालय कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को मिलेट्स पर जनजागरूकता रैली आयोजन हेतु बधाई

■ **एम.पी.यू.ए.टी. ने किया पौष्टिक मिलेट्स की जन जागरूकता रैली का भव्य आयोजन**

एवं शुभकामनाये प्रेषित की।

कुलपति डॉ. कर्नाटक ने बताया की सयुक्त राष्ट्र महासभा ने अन्तर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष के रूप में घोषित किया गया है और भारत देश इसकी अगुवाई कर रहा है । उन्होंने कहा कि ज्वार, बाजरा,रागी,कांगनी, साँवा , चीणा,एवं कुटकी इत्यादि मोटे अनाजों की श्रेणी में आते हैं , इन अनोजों में भरपूर पौष्टिकता होने के कारण इन्हें पोषक अनाज का दर्जा दिया गया है। डॉ. कर्नाटक ने छात्र - छात्राओं से मिलेट्स को अपने दैनिक आहार में उपयोग हेतु प्रेरित किया एवं जन जन में मिलेट्स के गुणों व उपयोगिता हेतु जागरूकता फैलाने का आ ान किया । कार्यक्रम की आयोजनकर्ता डॉ. मीनू श्रीवास्तव, अधिष्ठाता, सामुदायिक एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष 2023 मानने हेतु प्रति माह पोषक अनाज पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। डॉ. श्रीवास्तव ने अवगत कराया कि जनवरी माह में अब तक मिलेट्स से बेकरी उत्पाद बनाने पर कौशल विकास प्रशिक्षण, स्लोगन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता एवं मिलेट्स उत्पादों की प्रदर्शनी का आयोजन किया जा चुका है एवं इसी कड़ी में आज लोगों में मोटे अनाजों के प्रति एवं इन्हें अपने आहार में शामिल करने हेतु जागरूकता लाने के लिए महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रैली का आयोजन किया गया है, जिसमे महाविद्यालय द्वारा आयोजित स्लोगन प्रतियोगिता में चयनित स्लोगन की तख्ती तथा महाविद्यालय में ही तैयार मिलेट टीशर्ट एवं मिलेट टोपी पहनकर 100 विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने जोर-शोर से भाग लिया तथा लोगों को मोटे अनाजों के नारे लगाकर एवं पम्प्लेट्स वितरित करके जागरूक किया गया।

### 968.92 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत

**जयपुर/राजसमंद, (कासं)।** राजसमंद संसदीय क्षेत्र के नाथद्वारा से देवगढ़ मदारिया तक मावली मारवाड़ आमान परिवर्तन के लिए राशि स्वीकृत होने से क्षेत्र की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हो गई है। रेल मंत्रालय से प्राप्त आदेश के अनुसार, राजसमंद संसदीय क्षेत्र में नाथद्वारा से देवगढ़ मदारिया तक 82.52 किलोमीटर रेलवे ट्रैक के आमान परिवर्तन का पहला चरण 968.92 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। इस आमान परिवर्तन के लिए अथक प्रयास कर रही राजसमंद की सांसद दीया कुमारी ने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का हृदय से आभार व्यक्त किया। यह लोकसभा चुनाव के दौरान सांसद द्वारा जनता को दिए गए मुख्य वादों में से एक था। सांसद ने कहा कि इस परिवर्तन से मेवाड़ क्षेत्र, जो अपने ऐतिहासिक और आध्यात्मिक स्थलों के साथ-साथ संगमरमर उद्योग के लिए जाना जाता है, से तीर्थयात्रियों और पर्यटकों सहित लाखों लोगों को लाभ होगा। इससे क्षेत्र में रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। इस बीच, इस फैसले से राजसमंद निर्वाचन क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ रही है।

# गणतंत्र दिवस पर हर घर तिरंगा अभियान में तिरंगे व स्वेटर बांटे

**उदयपुर, (कासं)।** इन दिनों लेकसिटी और आसपास के क्षेत्रों में ज्यादा सर्दी का कहर देखा जा रहा है। शहर के आसपास के क्षेत्रों में जरूरतमंदों को ठंड से सुरक्षा देने के लिए कई लोग और संस्थान आगे आते हैं दूर गांवों की ओर किसी का ध्यान नहीं जाता है। ठाामीण क्षेत्रों के लोगों की सहायता करने के लिए सामाजिक कार्यां और शिक्षा के लिए प्रमुखता से कार्य करने वाले नीम फाउण्डेशन ने वाड़ापाला गांव में जाकर 200 से अधिक बच्चों को स्वेटर बांटे।

■ **नीम फाउण्डेशन ने की पहल**

फाउण्डेशन की संस्थापक रोशनी बारोट ने गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में यहां बच्चों को हर घर तिंरगा, घर - घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगे वितरित किये और भोजन सामठाी वितरित की तथा उनके साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये। नीम फाउण्डेशन की संस्थापक रोशनी बारोट ने बताया कि देश के हर बच्चे को आजादी के लिए किये गये संघर्ष और संविधान के महत्व की जानकारी होनी चाहिए ताकि वे अच्छे नागरिक बनकर देश की सेवा करने के लिए हमेशा तैयार रहे। गणतंत्र दिवस पर वाड़ाफला गांव के सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियां और अन्य 200 बच्चों को तिरंगे वितरित करते हुए, हमारे देश की आन, बान और शान के बारे में जानकारी दी गयी । इस साल कड़ाके की ठंड के कारण ठिठुर रहे बच्चों को अच्छी क्वालिटी के स्वेटर भी वितरित किये गये और भोजन सामठाी का बांटी गयी। रोशनी बारोट ने बताया कि बच्चों को भारतीय संविधान से जुड़ी ज्ञानवर्धक जानकारी दी गयी । संस्था प्रधान और ग्रामीणों ने नीम फाउण्डेशन द्वारा किये गये सामाजिक सरोकार के कार्य के लिए संस्थापक रोशनी बारोट को धन्यवाद दिया।



हर घर तिरंगा अभियान के तहत तिरंगे बांटे।

### मंदिर से 10 करोड़ 61 लाख रुपए की आमद

**मंडफिया, (निसं)।** राजस्थान के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में गत 20 जनवरी चतुर्दशी को खोले गए भंडार की शेष रही राशि की गिनती मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरू लाल गुर्जर एवं बोर्ड सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुई। मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरूलाल गुर्जर ने बताया कि तीसरे चरण में हुई गिनती में 36 लाख 33 हजार 771 रुपए नगद प्राप्त हुए। गुर्जर ने बताया की इससे पूर्व दो चरणों में हुई गिनती में 8 करोड़ 98 लाख 48 हजार 500 रुपए नगद प्राप्त हुए थे। इस एक माह के भंडार से 336 ठााम सोना व 8 किलो 100 ठााम चांदी प्राप्त हुई। इसके अलावा विभिन्न भक्तों द्वारा मनी ऑर्डर एवं ऑनलाइन द्वारा व मंदिर कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर 01 करोड़ 26 लाख 50 हजार रुपए एवं 24 ठााम 950 मिलीठााम सोना व 46 किलो 663 ठााम 500 मिलीठााम चांदी भेंट जमा करवाई। 3 चरणों में हुई गिनती में भंडार से एवं मंदिर कार्यालय से सांवलिया जी सेठ के 10 करोड़ 61 लाख 32 हजार 271 रुपये की कुल आमद हुई। भंडार की गिनती में मंदिर बोर्ड सदस्य भेरूलाल सोनी आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### मतदाता दिवस मनाया

**उदयपुर, (कासं)।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार 13वा राष्ट्रीय मतदाता दिवस बुधवार, 25 जनवरी को समारोह पूर्वक मनाया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) ताराचंद मीणा ने जिले में निर्वाचन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया। कलक्टर ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस की इस बार की थीम 'मतदान जैसा कुछ नहीं, मतदान जरूर करेंगे हम' पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को मनाने का उद्देश्य यहीं है कि आज की युवा पीढ़ी मतदान के महत्व को समझे और लोकतंत्र के भागीदारी बने। उन्होंने कहा कि हमारे देश का लोकतंत्र सुदृढ है और यहां निष्पक्ष व निर्भीक मतदान के साथ हर वर्ग लोकतंत्र के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाता है। उन्होंने यह भी कहा कि मतदाता विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने में उदयपुर का कार्य सराहनीय रहा है। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने सभी को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर मतदान करने की शपथ दिलाई और निर्वाचन क्षेत्र से उल्लेखनीय कार्य करने पर संबंधित बीएलओ, सुपरवाईजर, जिला प्रशासन में निर्वाचन संबंधी स्वीप, एमसीएमसी, सांख्यिकी, ईवीएम प्रकोष्ठ, एमसीसी आदि प्रकोष्ठ के कार्मिकों, मीडियाकर्मियों व मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सहयोग देने वाले गणमान्य नागरिकों को सम्मानित किया। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी समिति के स्ठेट मेंबर जगदीश अहीर, मदन मोहन मालवीय आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. महेश दीक्षित, जिला प्रशासन के निर्वाचन अनुभाग के मास्टर ट्रेनर डॉ. महामाया प्रसाद चौबीसा रहे। इस अवसर पर एनआईसी के तकनीकी निदेशक मजहर हुसैन ने निर्वाचन से संबंधी एप के साथ किये गये नवाचारों की जानकारी दी।

### उद्यमी वार्ता आयोजित

**उदयपुर, (कासं)।** राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के उपलक्ष्य में आज उद्यमी की। जिसमें प्रतिष्ठित शिवांश ठाीन होस्पिटेलिटी यूनिट ऋषिकेश के सीईओ और संस्थापक बिजेंद्र पंवार ने पर्यटन और होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर में 'पर्यटन और आतिथ्य में उद्यमिता की संभावनायें' विषय पर विशेषज्ञ वार्ता के माध्यम से पर्यटन एवं होटल प्रबन्धन विषय के छात्र-छात्राओं से संवाद कर कहा कि पर्यटन जीवन का अभिन्न अंग है। पर्यटन उद्योग अपार संभावनाओं से भरा पड़ा है। कौशल विकास एवं क्षमता संवर्धन छात्र-छात्राओं के लिए आवश्यक है तभी प्रशिक्षित मानव संसाधन अपने लिए संभावनाओं एवं अवसरों की पहचान कर न सिर्फ रोजगार वरन् वे इसे उद्यम मे परिवर्तित कर 'स्वय के बॉस' बन सकते है। बिजेन्द्र ने अपने संबोधन की शुरुवात मे समाचार पत्र के योगदान की चर्चा करते हुए बताया कि एक समाचार पत्र मे उन्होंने पर्यटन के बारे में पढा और सोचा की इससे बेहतर का व्यवसाय हो सकता है जो जगह जगह घूमने के साथ साथ आय भी देता हो। उसके पश्चात उन्होंने पर्यटन क्षेत्र मे उतरने की सोची। उन्होंने कहा की वे अपने जीवन परिवर्तन संस्मरण मे उस समाचार पत्र को सर्वोच्च स्थान देते है। उन्होंने अपने जीवन के संस्मरण विधार्थियो के साथ साझा किये एवं बताया कि वे कैसे कुछ नही से कुछ बन पाए। उत्तराखण्ड एवं राजस्थान के उदाहरण देकर कहा कि पर्यटन ही दोनों राज्यों की पहचान है जहां लाखों सैलानी भ्रमण कर आर्थिकी में अपना योगदान देते हैं। पर्यटन संसाधनों का संरक्षण एवं स्थानीय आजीविका के संसाधनों को सुदृढ़ कर पर्यटन उद्योग अनेकों अवसर प्रदान करता है।

### सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन

**उदयपुर, (कासं)।** आज वृक्षम अमृतम सेवा संस्थान उदयपुर की ओर से राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विद्यालय उदयपुर मे 51 पेड़ लगाकर सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इनमे बॉटल पाम, चीकू, एरिका पाम, पासकूंद, जेरोपा ओर एग्जोरा के पेड़ लगाये गए मीडिया प्रभारी गोपाल सिंह आसोलिया ने बताया कि अध्यक्ष गोपेश शर्मा, सचिव यशवंत त्रिवेदी, वरिष्ठ सदस्य डॉ पी सी जैन, लवीश चपलोत, महेश उपाध्याय, अशोक डागा, महिपाल सिंह ओर चन्द शेखर पूर्बीया रहे। विद्यालय की ओर से प्रधानाचार्य चेतन पानेरी, पवन टॉक ,एकीकृत प्रदेश मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया रेनू कुमावत ,धर्मेंद्र सिंह शक्तावत, श्वेता शर्मा, भावना कावड़िया, श्रद्धा जैन, हरी प्रिया सनाढ्य एनसीसी प्रभारी मुकेश कुमार साक्षी श्रीमाली समस्त स्टॉफ ओर छात्रों की और से भी वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता योगेंद्र सिंह भाटी ने किया।प्रधानाचार्य द्वारा वृक्षम अमृतम के सदस्यो का स्वागत किया गया। डॉ पी सी जैन ने वर्षा जल को जमीन मे उतार कर खारे पानी को मीठा बनाने ओर जमीन का जलस्तर ऊपर उठाने के बारे मे विस्तार से छात्रो को समझाया ओर नारियल पेड़ ओर प्रकृति का हमारे जीवन मे महत्व के बारे मे विस्तार से बताया ओर अंत मे उपस्थित सभी छात्रो को पेड़ो की रक्षा करने की शपथ दिलाई गई।

### बकाया भुगतान की मांग

**डूंगरपुर, (निसं)।** अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन सीटू जिला सचिव बंशीलाल खराडी ने बताया कि झौथरी ब्लॉक में सीटू प्रतिनिधि मंडल ने इलाके में रोजगार गांरटी योजना के तहत चल रहे काम का सर्वे किया। प्रतिनिधि मंडल ने पाया कि पिछले 2 महीनों से कारीगरों मजदूरों मेटो को दैनिक मजदूरी नही मिली हैं,ऐसे हालात में तो आम जनता का घर चलाना मुश्किल है रोजगार गांरटी में मिलने वाली मजदूरी से घर में राशन पानी चलता है मेटो की मजदूरी के हालात तो ओर ज्यादा गम्भीर हैं जब से रोजगार गारंटी शुरू की गई हैं तब प्रत्येक वर्ष मजदूरी बढाने का वादा किया गया था, लेकिन अभी तक मजदूरी 200 रूपये तय है इसमें से भी 180-190 रुपयें ही दिए जाते हैं,जबकि दैनिक मजदूरी 600रूपये मिलनी चाहिए। जिस पर मजदूरों ने ऐलान किया है कि जल्द से जल्द मजदूरी का भुगतान नही करने पर झौंथरी ब्लॉक पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रसाशन की रहेंगी। इस मौके पर गोवर्धनलाल केशवलाल, बबली,कल्पना, रंजना,कोकिला, गीता, सुरता अन्य कई मजदूरों ने पीडा व्यक्त की।

### केलूपोश मकान में लगी आग

**डूंगरपुर, (निसं)।** सदर थाना क्षेत्र के सुलई गांव में बुधवार सुबह चूल्हे पर खाना बनाते समय केलूपोश मकान में अचानक आग लग गई। आग से घर का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची दमकल की गाडी की मदद से आग पर काबू पाया गया। घर में आग लगने से पीडित को करीब एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है।सदर थानाधिकारी ने बताया कि सुलई गांव निवासी मगन के घर पर 5 सदस्य मौजूद थे। मगन की पत्नी केलूपोश घर में चूल्हे पर खाना बना रही थी। घर के पास में घास का ढेर भी था। खाना बनाते समय चूल्हे से निकली चिंगारी से घास में आग लग गई। घास में आग लगने से आग ने विकराल रूप ले लिया। जिस पर मगन और उसका परिवार दौडकर बाहर आ गया। घर में आग लगने से आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और डूंगरपुर नगरपरिषद के फायर ब्रिगेड और सदर थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाडी और पुलिस मौके पर पहुंची और आग बुझाने के प्रयास किए। कडी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की गाडी ने आग पर काबू पाया। आग की सूचना पर पटवारी आशीष जोशी भी मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। आग से घर में रखे बिस्तर, पलंग, टीवी, अनाज सहित अन्य घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। आग से पीडित मगन को करीब एक लाख से अधिक का नुकसान हुआ है।

### आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी

**डूंगरपुर, (निसं)।** नवोदय चयन परीक्षा के द्वारा कक्षा 6 में ऑनलाईन आवेदन के पात्र विद्यार्थी 31 जनवरी तक ऑनलाईन आवेदन एनवीएस वेबसाईट पर जाकर कर सकते है। जवाहर नवोदय विद्यालय ठाकरडा के प्राचार्य प्रभारी दिनेश कुमार गुप्ता ने बताया कि कक्षा 5 में अध्ययनरत विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। वहीं, कक्षा 9 में प्रवेश के लिए परीक्षा 11 फरवरी को आयोजित होगी, जिसके प्रवेश पत्र नवोदय वेबसाइट पर जाकर अपने रजिस्ट्रेशन नंबर से प्राप्त कर सकतें है।

### कलेक्टर ने तैयारियों का लिया जायजा

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिला कलक्टर एल.एन.मंत्री ने बुधवार को लक्ष्मण मैदान पहुंचकर गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने बैठक व्यवस्था, पेयजल, ध्वजारोहण, पार्किंग, सांस्कृतिक कार्यक्रमों आदि के संबंध में उपस्थित आधिकारियों से जानकारी ली और आवश्यक निर्देश प्रदान किए। जिला कलक्टर ने समस्त जिले वासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश के विकास में योगदान देने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस के मौके पर हम सभी को एक नागरिक के रूप में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने का संकल्प दोहराना चाहिए। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी डूंगरपुर प्रवीण कुमार मीणा, नगर परिषद आयुक्त दुर्गेश रावल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कच्चे मकान में लगी आग

**डूंगरपुर**, (निसं)। जिले के सदर थाना क्षेत्र के देवल साख गांव में बीती रात कच्चे मकान में आग लग गई। जानकारी के अनुसार देवला साख वेला फला निवासी दिनेश मानत के कच्चे मकान के बीती रात को अचानक आग लग गई।


प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)

## कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपालिका, नाथद्वारा

सं./न.पा.नाथ/90क/22/19901 **लोक-सूचना** दिनांक: 24/01/2023

श्री सोहन लाल पिता श्री भगवतीलाल भील निवासी जगेला, नाथद्वारा तहसील नाथद्वारा, जिला राजसमंद ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| नाथद्वारा जिला-राजसमन्द | नाथुवास | 1456/759 | कुल रकबा 0.0190 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक .................. को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त
नगरपालिका, नाथद्वारा

प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)

## कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगरपालिका, नाथद्वारा

सं./न.पा.नाथ/90क/22/19914 **लोक-सूचना** दिनांक: 24/01/2023

श्री दीपक गुर्जर पिता श्री नवनीत गुर्जर निवासी वल्लभपुरा, नाथद्वारा तहसील नाथद्वारा, जिला राजसमंद ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| नाथद्वारा जिला-राजसमन्द | नाथद्वारा | 22 | कुल रकबा 0.1012 हैक्टेयर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 23/1/2023 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त
नगरपालिका, नाथद्वारा

## झाड़ोल क्रय विक्रय सहकारी समिति झाड़ोल लि.


झाड़ोल उदयपुर (राज) 313702 email - jkvssjh07@gmail.com
REGN-NO.2616y-28.1.2011 GST. NO.08AABAJ4054H1ZS

क्रमांक :- 13 दिनांक :- 24/01/2023

मिड-डे-मिल योजनान्तर्गत भारतीय खाद्य निगम सी.डब्ल्यूसी/आर.एस.डब्ल्यू.सी अन्य स्थान के गोदामों से उठाकर उदयपुर जिले के झाड़ोल, फलासिया, कोटड़ा, गोगुन्दा और सायरा पंचायत समिति के राजकीय स्कूलों में वितरण करने हेतु निविदा वर्ष 2019-20 के राजकीय दरों में कम या ज्यादा प्रतिशत राशि पर मोहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र कार्यालय समय में दिनांक 25/01/2023 से 14/02/2023 तक कार्यालय समय में 500 रूपये जमा कराकर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा जमा करने की दिनांक 15/02/2023 को दोपहर 12.00 बजे एवं निविदा उसी दिन दोपहर 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष उदयपुर क्रय विक्रय सहकारी समिति में खोली जावेगी। विस्तृत निविदा को शर्तें कार्यालय समय में देखी जा सकती है। निविदा स्वीकार व अस्वीकार करने का अधिकार निविदा कमेटी में निहित होगा।

नोट :- प्रत्येक पंचायत समिति के लिए अगल से निविदा होगी। कोई निविदादाता दो से अधिक पंचायत समिति के पात्र नहीं होगा।

मुख्य व्यवस्थापक
झाड़ोल क्रय विक्रय सहकारी समिति लि झाड़ोल


# 10 किलो गांजे के साथ युवक गिरफ्तार



भीण्डर पुलिस ने गांजे के साथ युवक को दबोचा।

**भीण्डर**, (कासं)। भीण्डर पुलिस ने गत रात्रि को गश्त के दौरान एक बदमाश को 10 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया। भीण्डर थानाधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थो की रोकथाम एवं धरपकड हेतु चलाये जा रहे विषेष अभियान के तहत मंगलवार रात्रि को गश्त के दौरान मोटरसाइकिल लेकर आ रहे लसाडिया थाना के आडामगरा गांव निवासी कालुलाल पिता लखमा मीणा की जांच की उसके पास कट्‌टे में अवैध रूप से मादक पदार्थ परिवहन करते हुए पाया गया। जिसकी जांच में पाया गया कि 1० किलो गांजा था। इसके बाद पुलिस ने कालुलाल को गिरफ्तार किया, मोटरसाइकिल जब्त की। कार्यवाही टीम में हेड कॉस्टेबल अनिल कुमार जाट, कॉस्टेबल मानसिंह, प्रद्‌युमनसिंह, रिकुंराम, चालक मोहम्मद ईसुब, राजेश कुमार आदि थे। मामले की जांच कानोड थानाधिकारी मनीष खोईवाल को सौंपी गई।

# बालिका व मतदाता दिवस मनाया

**डूंगरपुर**, (निसं)। एसबीपी महाविद्यालय डूंगरपुर में एनएसएस और महाविद्यालय महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में बालिका एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य प्रवक्ता सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक अशोक शर्मा थे। उन्होंने अपने व्याख्यान में महिला सामाजिक सुरक्षा, देखभाल तथा जागरूकता के बारे में बताया। साथ ही सरकार द्वारा समाज हित में चल रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं जैसे पालनहार योजना वृद्धावस्था विकलांग विधवा पेंशन योजनाए कन्यादान योजना एवं मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना को सविस्तार से बताया। कार्यऋम की मुख्य अध्यक्षता कर रहे डॉ आर.बी.कुमार ने अपने व्याख्यान में एक वोट के महत्व पर प्रकाश डाला उन्होंने 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के छात्र-छात्राओं को मतदाता पहचान पत्र बनवाने को कहा। कार्यक्रम में संकाय सदस्य अंजू शर्मा, डॉ गणेश निनामा, डॉ.योगिता निनामा एवं एनएसएस अधिकारी विनीत भारद्वाज, तेजवीरसिंह तंवर व विक्रमसिंह उपस्थित थे। कार्यऋम का संचालन श्रीमती सलमा खान ने किया।राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ ली:-इसीक्रम में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष में भरत नागदा, सचिव, मुस्कान संस्थान के सानिध्य में समारोहपूर्वक राष्ट्रीय मतदाता दिवस शपथ ली गई। सचिव भरत नागदा ने बताया की राष्ट्रीय मतदाता दिवस प्रति वर्ष 25 जनवरी को भारतीय निर्वाचन प्रजातंत्र में मतदाताओं के महत्व को रेखांकित करने के लिए समारोह पूर्वक मनाया जाता है। यह दिवस 25 जनवरी को भारतीय निर्वाचन आयोग की स्थापना के समरणोतसव के रूप में है।

# उल्लेखनीय कार्य करने वाली 47 प्रतिभाओं का होगा सम्मान

**राजसमंद**, (निसं)। गणतंत्र दिवस सामरोह गुरूवार को जिलेभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह के दौरान जिलेभर में विभिन्न क्षेत्र में उल्लेखनिय कार्य करने वाली 47 प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। जिसमें कांकरोली स्थित बालकृष्ण स्टेडियम में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह में मोटर गैराज एवं न्याय विभाग राज्य मंत्री राजेन्द्रसिंह यादव प्रातः 9 बजकर 5 मिनट पर ध्वजारोहण करेंगे। उसके बाद इसके पश्चात पुलिस प्लाटून के जवान, होमगार्ड, एमबीसी, एनसीसी के कैडेट, एनएसएस के स्वंयसेवक सहित सभी विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा परेड व सामुहिक पीटी प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान बैण्ड द्वारा राष्ट्रगान की धुन बजाई जाएगी। जिला स्तरीय समारोह में मुख्य अतिथि मोटर गैराज एवं न्याय विभाग राज्य मंत्री यादव प्रातः 9 बजकर 5 मिनिट पर ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे। इसके बाद पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रगान की धुन बजाई जाएगी। इसके बाद एडीएम रामचरण शर्मा द्वारा राज्यपाल के संदेश का पठन किया जाएगा। राष्ट्रगान के साथ ही कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। जिला स्तरीय समारोह सहित जिले भर में गणतंत्र दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाऐंगे। जिसमें सरकारी विभागों में कर्मचारी व अधिकारी सादगी पूर्ण रूप से निर्धारित समय पर ध्वजारोहण करेंगे। वहीं विद्यालयों में भी निर्धारित समय पर संस्था प्रधान एवं शिक्षकों द्वारा निर्धारित समय पर ध्वजारोहण करेंगे।कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालययों के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति किए जाएंगे। कार्यक्रम के समापन से पूर्व समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के प्रचार प्रसार के लिए झांकियों से प्रदर्शन किया जाएगा। इससे पूर्व जिला कलक्टर निवास पर प्रातः 8:15 बजे एवं जिला कलक्टर कार्यालय में प्रातः 8:3० बजे में जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ध्वजारोहण करेंगे व सभी राजकीय कार्यालयों में ध्वजारोहण किया जाएगा। इधर, जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बुधवार को कार्यक्रम स्थल श्रीबालकृष्ण स्टेडियम में बीडीएस व डॉग स्क्वायड टीम द्वारा सुरक्षा की दृष्टी से बीडीएस इंचार्ज मुकेश नागदा के नेतृत्व में आवश्यक उपकरणों के साथ कार्यक्रम स्थल की जांच की गई।




बीडीएस एवं डॉग स्क्वायड टीम के सदस्यों ने गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन से पूर्व कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा की जांच की।

## ई मित्र संचालकों की बैठक ली

**देवगढ़**, (निसं)। राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही फ्लेगशिप योजनाओं में (राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा/सामाजिक सुरक्षा पेंशन/पालनहार योजना/ छात्रवृत्ति योजना/ अन्य लाभकारी योजनाओं) के लम्बित आवेदनों के त्वरित निस्तारण के लिये उपखण्ड अधिकारी देवगढ़ अजय अमरावत की अध्यक्षता में महाराणा प्रताप सभागार पंचायत समिति देवगढ़ मे ब्लॉक देवगढ़ के ई मित्र संचालकों की बैठक आयोजित कि गई।

## सम्मानित होंगी प्रतिभाएं

**भीण्डर**, (निसं)। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस पर गुरूवार को उपखण्ड स्तरीय समारोह भैरव स्कूल में मनाया जायेगा। 26 जनवरी का आयोजन होने वाले गणतंत्र दिवस के लिए समस्त विभागों ने तैयारियां पूर्ण कर ली है। उपखण्ड अधिकारी मोनिका जाखड बताया बताया कि सभी विभागों, शिक्षण संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों के साथ तैयारी बैठक करके गाइडलाइन के अनुसार कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दे दिये है। इसमें सभी विभागों, शिक्षण संस्थाओं एवं जनप्रतिनिधियों की भागीदारी रहेंगी। इसको लेकर भैरव स्कूल के ग्राउंड में सभी बच्चों ने मार्चपास्ट की रियर्सल भी की। वहीं विभिन्न विद्‌यालयों के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की तैयारी की। सुबह 9 बजे से शुरू होने वाले कार्यक्रम में झण्डारोहण, परेड निरीक्षण, मार्च पास्ट, सामूहिक व्यायाम प्रदर्शन, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पारितोषिक वितरण कार्यक्रम आयोजित होगा।

भीण्डर उपखण्ड स्तरीय समारोह में कानोड न्यायालय के रीडर दीपक कुमार, लिपिक प्रवीण अहीर, पटवारी मनोज कुमार रेगर, कनिष्ठ सहायक रवि कुमार मीणा, बीएलओ क्रांतिलाल यादव, चालक सुरेश हरिजन, ऐजाज शेख आदि को सम्मानित किया जायेगा।

## तीन बच्चों के पिता ने लगाई फांसी

**डूंगरपुर**, (निसं)। जिले के दोवडा थाना क्षेत्र के डाबेला गांव में बीती दिन तीन बच्चे के पिता ने का शव घर के अंदर फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार डाबेला गांव निवासी सुरेश परमार बीते दिन अपने पुराने मकान में के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना मिलने पर मौके दोवडा पुलिस एएसआई योगेंद्र मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों ओर परिजनों की मौजूदगी में शव को फंदे से नीचे उतर कर जिला अस्पताल के मोर्चरी पहुंचे शव रखवाया गया।


## उदयपुर क्रय विक्रय सहकारी समिति लि. उदयपुर

सी-क्लास केन्द्रीय विद्यालय रोड प्रतापनगर, उदयपुर
ukvssudaipur@gmail.com फोन/फैक्स 0294-2490126
Regd.No.617y-18-2-59 GST. NO.08AAATU3204AIZ3

क्रमांक :- 281 दिनांक :- 24/01/2023

मिड-डे-मिल योजनान्तर्गत भारतीय खाद्य निगम सी.डब्ल्यूसी/आर.एस.डब्ल्यू.सी अन्य स्थान के गोदामों से उठाकर उदयपुर जिले के सलुम्बर, झल्लारा, सराड़ा, सेमारी, खेरवाड़ा, ऋषभदेव, गिर्वा, कुराबड़ और बड़गांव पंचायत समिति के राजकीय स्कूलों में वितरण करने हेतु निविदा वर्ष 2019-20 के राजकीय दरों में कम या ज्यादा प्रतिशत राशि पर मोहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र कार्यालय समय में दिनांक 25/01/2023 से 14/02/2023 तक कार्यालय समय में 500 रूपये जमा कराकर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा जमा करने की दिनांक 15/02/2023 को दोपहर 12.00 बजे एवं निविदा उसी दिन दोपहर 3.00 बजे निविदादाताओं के समक्ष उदयपुर क्रय विक्रय सहकारी समिति में खोली जावेगी। विस्तृत निविदा को शर्तें कार्यालय समय में देखी जा सकती है। निविदा स्वीकार व अस्वीकार करने का अधिकार निविदा कमेटी में निहित होगा।

नोट :- प्रत्येक पंचायत समिति के लिए अगल से निविदा होगी। कोई निविदादाता दो से अधिक पंचायत समिति के पात्र नहीं होगा।

मुख्य व्यवस्थापक
उदयपुर क्रय विक्रय सहकारी समिति लि उदयपुर

Fax No.01476-230257 nagarpalika_kapasan@yahoo.com

## कार्यालय नगर पालिका कपासन जिला चित्तौड़गढ़ (राजस्थान)


क्रमांक/न.पा.क./तामीर/2022-23/988 दिनांक: 25.01.2023

### -: उजरदारी सूचना :-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगरपालिका कपासन क्षेत्र में निम्नांकित व्यक्ति द्वारा रजिस्ट्री, ब्लू प्रिंट नक्शा की प्रतियां इत्यादिप्रस्तुत कर हस्तान्तरण/तामीर (निर्माण स्वीकृति) चाही है। इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्थ या आस-पड़ौस को कोई आपत्ति हो तो वह लिखित रुप में मय साक्ष्यस्वरुप दस्तावेज के 7 दिवस में पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर दें मियाद गुजरने पर कोई भी आपत्ति कबिले समाअत नहीं होगी। "सूचित हो" निम्नांकित आवेदक के संबंध में अन्य जानकारी एवं मौके का नक्शा किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय समय में उपस्थित होकर अवलोकन किया जा सकता है।

| क्र. सं. | नाम आवेदक | विक्रेता/पट्टाधारक का नाम | भूखण्ड स्थान | विशेष विवरण (आवेदन) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मुकेश कुमार पिता श्री कन्हैया लाल समदानी | श्री मुकेश कुमार पिता श्री कन्हैया लाल समदानी | अपर्ण नगर वार्ड संख्या 08 | तामिर स्वीकृति |
| 2 | श्री राजेश कुमार पिता श्री कन्हैया लाल समदानी | श्री राजेश कुमार पिता श्री कन्हैया लाल समदानी | अपर्ण नगर वार्ड संख्या 08 | तामिर स्वीकृति |
| 3 | श्रीमती शमीम बानु पत्नी श्री सलमान मोहम्मद मंसुरी | श्री नन्दराम पिता श्री नोलाजी जाट | अपर्ण नगर वार्ड संख्या 08 | तामिर स्वीकृति व हस्तानान्तरण |
| 4 | श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री कैलाशचन्द्र गौड | श्री रमेशचन्द्र श्री कैलाशचन्द्र पिता श्री जानकीलाल सौमानी श्रीमती नीता देवी पत्नी श्री कैलाशचन्द्र श्री शान्तिलाल पिता श्री मांगीलाल विजयवर्गीय | अपर्ण नगर वार्ड संख्या 05 | तामिर स्वीकृति व हस्तानान्तरण |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका, कपासन



समस्त वागड़वासियों को
गणतंत्र दिवस
की शुभकामनाएं

## कार्यालय नगर पालिका कुशलगढ़ जिला-बांसवाड़ा (राज.)

क्रमांक : न.पा.कु./2022-23/1993 दिनांक : 24.01.2023

### नागरिकों से विनम्र अपील

- अपने मतदान का उपयोग अवश्य करे।
- कुशलगढ़ नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में पालिका का सहयोग करें।
- सरकारी सम्पति पर अतिक्रमण ना करें न ही करने दें।
- प्लास्टिक का उपयोग ना करें, कपड़ें जुट या कागज का उपयोग करें ।
- सार्वजनिक स्थानों एवं दीवारों को गन्दा ना करे।
- एक-दुसरे से दो गज दुरी बनाएं रखें, बार-बार साबून से हाथ धोएं एवं मास्क का उपयोग करें ।
- नगरपालिका की स्वीकृति अनुसार ही भवन निर्माण करें।
- बहुमंजिला इमारतों में पार्किंग की समुचित व्यवस्था रखें एवं पार्किंग में किसी प्रकार का निर्माण न करें।
- अपने पालतु पशुओं को सड़कों पर खुला न छोड़ें।
- शहर के विभिन्न चौराहों एवं मुख्य मार्गो पर अवैध होर्डिन्ग न लगाए।
- स्वच्छ सर्वेक्षण 2020 में कुशलगढ़ की अच्छी रैंकिंग हेतु अपेक्षित सहयोग करे

अध्यक्ष नगरपालिका कुशलगढ़ | अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका कुशलगढ़ | उपाध्यक्ष नगरपालिका कुशलगढ़

समस्त कर्मचारीगण नगरपालिका कुशलगढ़, जिला-बांसवाड़ा






## उत्तर पश्चिम रेलवे

**गतिशक्ति यूनिट-अजमेर में**
**सेवानिवृत्त कर्मचारियों का पुनर्नियोजन - अजमेर मंडल**

उत्तर पश्चिम रेलवे-अजमेर मंडल पर गति शक्ति यूनिट में कार्य करने हेतु निम्नलिखित कोटियों के कुल 03 पदो पर सेवानिवृत कर्मचारियों के पुनर्नियोजन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है, जिसमें आवेदन करने की अतिंम तिथि 03.02.2023 है।

| SN | Department | Categories | No. of Posts |
|---|---|---|---|
| 1 | ENGG. | SSE/W | 02 |
| | | SSE/PW | 01 |
| | | TOTAL | 03 |

इच्छुक सेवानिवृत कर्मचारी जो कि निर्धारित योग्यता रखते है, वह आवेदन कर सकते है, इससे संबंधित विस्तृत जानकारी उत्तर पश्चिम रेलवे की वेबसाइट **www.nwr.indianrailways.gov.in** अथवा मंडल रेल प्रंबधक कार्यात्रय-अजमेर के कार्मिक विभाग से प्राप्त कर सकते है।

94-AK/22

Follow us : /NWRailways

# PIMS हॉस्पिटल, उमरड़ा

हमारे सुपरस्पेशियलिस्ट रखें हर पल आपके स्वास्थ्य का खयाल...

## नशा मुक्ति एवं परामर्श केन्द्र

**PIMS हॉस्पिटल, उमरड़ा**



यहाँ पर हर प्रकार का नशा जैसे–

शराब, गांजा, स्मैक, चरस, गोली, भांग, अफीम, स्मैक, ब्राउन शुगर, हेरोइन, तम्बाकू, सिगरेट, बीड़ी, कैप्सूल, सीरप, इंजेक्शन, पेट्रोल / डीजल / केरोसीन, फ्लूड, मोबाईल/ इन्टरनेट एडिक्शन आदि का उपचार व परामर्श दिया जाता है।



नशा एक बुरी लत है तथा यह एक Progressive Disease है।
परिवार में किसी को भी उपरोक्त में से किसी भी प्रकार का नशा होने पर उपचार के लिए PIMS हॉस्पिटल, उमरड़ा के डी–एडिक्शन सेंटर में तुरंत सम्पर्क करें

## मानसिक रोग

डिप्रेशन, चिड़चिडापन, उदासी, डर, भय, टेंशन, सिरदर्द (माइग्रेन), अनिद्रा, अनचाहे विचार, शक करना, साफ सफाई का अत्यधिक ध्यान रखना, लॉक बार-बार चेक करना, अपने आप से बातें करना, गुस्सा आना, यौन समस्या



**व्यसन मुक्ति विशेषज्ञ**

डॉ. बी. के. पुष्प
मनोचिकित्सक

इंद्रपाल सालवी
मनोवैज्ञानिक



# FIND YOUR FUTURE

## SAI TIRUPATI UNIVERSITY
### UMARDA, UDAIPUR
Approved under Section 2(f) of UGC Act 1956

### VENKTESHWAR INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCES
Diploma (2 Years) — Approved by RPC
- Radiation Technology
- ECG Technology
- Operation Theater Technology
- Cath Lab Technology
- Medical Laboratory Technology

### PACIFIC INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES
Approved by NMC
- M.B.B.S. (4.5 Years + 1 Year Internship)
- MD/MS (3 Years)
- M.Sc. in Medical Sciences [Non-Clinical] (3 Years)

### VENKTESHWAR SCHOOL OF NURSING
G.N.M. (3 Years) — Approved by INC

### VENKTESHWAR COLLEGE OF NURSING
Approved by INC
- B.Sc. Nursing (4 Years)
- M.Sc Nursing (2 Years)
- Medical Surgical Nursing
- Community Health Nursing
- Child Health Nursing
- Mental Health Nursing
- Obstetric & Gynaecological

### VENKTESHWAR INSTITUTE OF PHARMACY
Approved by PCI
- D.Pharm. (2 Years)
- B. Pharm. (4 Years)

### VENKTESHWAR COLLEGE OF PHYSIOTHERAPY
- B.P.T. (4.5 Years)
- M.P.T. (2 Years)

### VENKTESHWAR INSTITUTE OF FASHION TECHNOLOGY & MASS COMMUNICATION
- Diploma
- B.Voc.
- B.Des.
- Advance Diploma
- M.Voc.
- M.Des.
- Fashion Designing
- Interior Designing
- BFA
- MFA
- Fine Arts
- D-JMC
- BA-JMC
- MA-JMC
- Journalism & Mass Communication

### VENKTESHWAR INSTITUTE OF MANAGEMENT
MBA (Hospital Administration & Health Care Management)

### RESEARCH PROGRAM
Ph.D. (Nursing and Non-Clinical Medical Sciences)

Web: www.saitirupatiuniversity.ac.in | Email: info@saitirupatiuniversity.ac.in | Phone: 9587890082, 9358883194

Umarda Railway Station Road, Umarda, Udaipur-313015 (Raj.)


# शिक्षक लगाने के लिए विद्यार्थी 110 कि.मी. पैदल चलकर बीकानेर पहुंचे

## मांगें पूरी नहीं होने तक जिला मुख्यालय पर ही बैठे रहने की चेतावनी दी

- शिक्षकों के 20 पद स्वीकृत है, लेकिन वर्तमान में मात्र सात शिक्षक ही हैं
- राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, डण्डी, तहसील पूगल का मामला

**बीकानेर, (निसं)।** जिले के ग्रामीण स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों को लेकर स्कूली बच्चों को संघर्ष करना पड़ रहा है। विद्यालय में रिक्त पदों पर शिक्षकों की भर्ती के मांग को लेकर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, डण्डी, तहसील पूगल से 110 कि.मी. पैदल चल कर 250 बच्चों और ग्रामीणों का जत्था जिला कलेक्टर कार्यालय, बीकानेर पहुंचा।

मोहम्मद अली सरपंच ने बताया कि शिक्षा विभाग को रिक्त पदों पर शिक्षकों की भर्ती के लिए बार-बार निवेदन करने के बाद भी रिक्त पदों को भरा नहीं गया है जिसके कारण शिक्षण कार्य अवरूद्ध है। विद्यार्थियों और ग्रामीणों ने अपनी मांग को लेकर 21 जनवरी से तालाबन्दी तथा छात्र तसलीम, अरमान, धर्माराम, मून्नीराम, साबीर अली तथा ग्रामीण भूराराम, अख्तर अली, छोटूराम, तुल्क्षा राम, सुभाष धारणिया, कुलदीप सिंह भूख हड़ताल पर बैठे हैं। वहीं 24 जनवरी को पैदल कूंच करके बुधवार को बीकानेर पहुंचे हैं तथा मांगें पूरी नहीं होने तक जिला मुख्यालय पर ही बैठे रहेंगे। कूंच और धरना प्रदर्शन में रसीद अली, रियाज अली, सुभाष गोदारा, सुभाष खीचड़, लियाकत अली, राजकुमार, सोनू लेखाला आदि का सहयोग प्राप्त हुआ।



राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डण्डी, तहसील पूगल के विद्यार्थियों ने बीकानेर में धरना दिया।

बच्चों का कहना है कि उनकी स्कूल में शिक्षकों के 20 पद स्वीकृत है, लेकिन वर्तमान में मात्र सात शिक्षकों के भरोसे पूरा स्कूल संचालित हो रहा है। शिक्षक के 13 पद रिक्त पड़े है। जिसके कारण स्कूल में बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही। फिलहाल वार्षिक परीक्षा भी नजदीक है, शिक्षकों की कमी के चलते कक्षाओं का सिलेब्स भी पूरा नहीं हो पाया। ऐसे में चिंता सता रही है कि परीक्षाओं में क्या लिख पाएंगे।

# नशीली गोलियों और इंजेक्शन की खेप पकड़ी, तस्कर गिरफ्तार

## 550 टेबलेट एटी वन 2एमजी, 37 किट इंजेक्शन बरामद

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जिले के भिरानी थाना पुलिस ने डीएसटी टीम के सहयोग से नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नशीली गोलियों और इंजेक्शन की खेप पकड़ी है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 550 टेबलेट एटी वन 2एमजी, 60 टेबलेट ट्रमजाइड 5आर, 37 किट इंजेक्शन और मिस्प्रोस्टल टेबलेट बरामद की। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां कोर्ट ने 4 दिन का पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

भिरानी थानाधिकारी कविता पूनिया ने बताया कि एसपी डॉ. अजय सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ के अभियान के तहत कस्बे में नाकाबंदी और गश्त कर रहे थे। इसी दौरान जब पुलिस टीम आम मेहरिया से बासड़ा पहुंची तो सड़क किनारे बने पानी के कुंड के पास बासड़ा की ओर से पैदल आते हुए एक व्यक्ति नजर आया।

आरोपी पुलिस को देखकर भागने लगा तो पुलिस टीम ने पीछा कर आरोपी को पकड़कर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके पास से 550 टेबलेट एटी वन 2एमजी, 60 टेबलेट ट्रमजाइड 5आर, 37 किट इंजेक्शन और मिस्प्रोस्टल टेबलेट बरामद की।

पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान विकास कुमार (25) पुत्र महेंद्र कुमार निवासी शेरड़ा के रूप में हुई है। भिरानी थानाधिकारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच गोगामेड़ी थानाप्रभारी अजय कुमार को सौंपी है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने सुरेश से नशीली दवाओं की डिलीवरी लेने की बात कही है। फिलहाल गोगामेड़ी पुलिस आरोपी से कड़ी पूछताछ में जुटी हुई है।

# अवैध मादक पदार्थ के साथ तस्कर गिरफ्तार

- अफीम बरामद, एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जिले की टाउन पुलिस ने देर रात गश्त के दौरान 20.20 ग्राम अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। तस्कर जंक्शन थाना क्षेत्र के नई खुंजा का रहने वाला है। टाउन पुलिस ने तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच टाउन थाना प्रभारी दिनेश सारण को सौंपी है।

टाउन थाना प्रभारी दिनेश सारण ने बताया कि जंक्शन के नई खुंजा में रहने वाले एक युवक को टाउन पुलिस ने अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। टाउन थाना के एसआई पूर्ण सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम मंगलवार रात को गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस टीम ने टाउन क्षेत्र में एक युवक को शक के आधार पर रूकवाकर उसकी तलाशी ली।

तलाशी के दौरान पुलिस को उसके पास से 20.20 ग्राम अफीम मिली। पुलिस ने अफीम बरामद कर मौके से युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान आमीन खां (35) पुत्र श्योकत अली निवासी नई खुंजा, वार्ड 5, जंक्शन के रूप में हुई है। तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सरकारी आवास को लेकर आरएएस और बीडीओ आमने-सामने

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** पंचायत समिति के बीडीओ आवास पर आरएएस अधिकारी अशोक मीणा का कब्जा है। आवास खाली करवाने को लेकर बीडीओ भोमसिंह इंदा व आरएएस मीणा आमने-सामने हो गए। आरएएस मीणा को आवास खाली करने के नोटिस की अवधि पूरी होने के बाद बीडीओ पंचायत समिति कार्मिकों के साथ आवास खाली करवाने के लिए पहुंच गए और आरएएस मीणा से बोले कि यह आवास बीडीओ के लिए खाली करें, आप को पूर्व में भी नोटिस दिए जा चुके हैं। लेकिन आपने आवास खाली नहीं किया। आरएएस मीणा बोले कि आप द्वारा की जा रही कार्रवाई अनधिकृत है। मैं आवास खाली नहीं करूंगा। बहस के बाद मीणा ने अंदर से गेट बंद कर लिया।

आरएएस से बोले बीडीओ कि तेरी क्वालिफिकेशन क्या है, 200 नंबर पर था, दिव्यांग प्रमाण पत्र के कारण अधिकारी बन गया। बीडीओ भोमसिंह इंदा ने सुबह बीडीओ आवास के आगे नेम प्लेट वाले स्थान पर नाम लिखवाने के लिए पेंटर को भेजा तो आरएस मीणा ने उसे रोका तथा उसे भेजने वाले अधिकारी को बुलाकर लाने की बात कही। इस पर बीडीओ मौके पर पहुंचे। मीणा ने आवास की चारदीवारी का गेट खोला तो बीडीओ इंदा ने उन्हें सामान बाहर निकालकर आवास खाली करने के लिए कहा। इस पर मीणा ने कार्रवाई को अनधिकृत बताते हुए आवास खाली करने से मना कर दिया तथा बोले कि मैं कलेक्टर से मिलकर आया हूं, 30 जनवरी तक आवास खाली कर दूंगा। इस पर बीडीओ ने कहा कि मुझे कार्रवाई रोकने के लिए उच्चाधिकारियों से कोई निर्देश नहीं मिले हैं आप आवास खाली करें। नहीं तो जबरन आपको बेदखल करने की कार्रवाई की जाएगी। इस पर बीडीओ आवास परिसर के दूसरी तरफ अनधिकृत रूप से निकाले गए गेट पर बीडीओ ने ताला लगा दिया। बीडीओ ने शाम के समय का हवाला देते हुए आरएएस मीणा को बेदखल करने की कार्रवाई स्थगित कर वापस लौट आए।

अशोक मीणा, आरएएस अधिकारी ने बताया कि पंचायत समिति श्रीगंगानगर में बीडीओ का पद रिक्त होने के कारण 2021 में यह आवास मुझे आवंटित हुआ था। आवास का किराया व मेंटीनेंस खर्च भी जमा करवाया जा रहा है। अब मेरा स्थानांतरण अन्यत्र हो गया है, मैंने आज ही रिलीव होने के बाद 30 जनवरी तक आवास खाली करने की मोहलत मांगी है, लेकिन बीडीओ अनधिकृत रूप से जबरदस्ती आवास खाली करवाना चाहते हैं।

भोमसिंह इंदा, विकास अधिकारी पंचायत समिति ने बताया कि आरएएस अधिकारी अशोक मीणा ने बीडीओ के आवास पर अनधिकृत रूप से कब्जा कर रखा है, आवास का मेंटीनेंस खर्च दिसंबर माह तक 25981 रुपए भी जमा नहीं करवाए हैं। आवास खाली करने के लिए पूर्व में भी नोटिस दिए जा चुके हैं।

## साक्षात्कार 6 फरवरी से

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा उप निरीक्षक/प्लाटून कमाण्डर, गृह (ग्रुप-1) विभाग, 2021 के कुल 859 पदो हेतु साक्षात्कार का द्वितीय चरण 6 फरवरी से 16 फरवरी 2023 तक आयोजित किया जाएगा। आयोग के संयुक्त सचिव आशुतोष गुप्ता ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रमानुसार द्वितीय चरण में लगभग 324 अभ्यर्थियों के साक्षात्कारों का आयोजन किया जाएगा। साक्षात्कार-पत्रों को आयोग की वेबसाइट पर यथा समय अपलोड कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के तहत 23 जनवरी से 2 फरवरी 2023 तक 252 अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का आयोजन आयोग द्वारा किया जा रहा है। गुप्ता ने कहा कि अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अपने सभी मूल-प्रमाण पत्र मय फोटो प्रति साथ लाने होंगे।

# हनुमानगढ़ जेल के निरीक्षण में बंदी के थैले में मिला मोबाइल

- एसडीएम के नेतृत्व में पुलिस ने ली जेल की तलाशी

**हनुमानगढ़, (निसं)।** जिला जेल में बुधवार को शिकायत के आधार पर अचानक छापा मारा गया और निरीक्षण किया गया। इस दौरान जेल के चप्पे-चप्पे की तलाशी ली। इस दौरान एक मोबाइल फोन के अलावा ज्यादा कुछ हाथ नहीं लगा।

बताया जा रहा है कि यह मोबाइल फोन एक बंदी के थैले से बरामद हुआ। इसको लेकर बंदी के खिलाफ जंक्शन थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है। उपखंड अधिकारी डॉ. अवि गर्ग के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की। जिला कारागृह के निरीक्षण की कार्रवाई से एकबारगी जेल प्रशासन में भी हड़कंप मच गया। एसडीएम डॉ. अवि गर्ग ने बताया कि पुलिस को मिली सूचना के आधार पर पुलिस जाब्ते के साथ बुधवार को जिला जेल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जेल परिसर से थैले से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ है। इस मोबाइल फोन का कौन उपयोग कर रहा था, इसकी जांच-पड़ताल पुलिस कर रही है। इस बारे में जंक्शन थाना में एफआईआर दर्ज की गई है।

## प्रतियोगी परीक्षा का कार्यक्रम जारी

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा बुधवार को वरिष्ठ अध्यापक (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 का विस्तृत कार्यक्रम जारी किया गया। 12 से 15 फरवरी तक 11 जिला मुख्यालयों पर इस परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि परीक्षा के सुगम संचालन हेतु 6 विषयों को दो ग्रुपों में वर्गीकृत किया गया है। ग्रुप-ए में सामाजिक विज्ञान एवं हिन्दी तथा ग्रुप-बी में विज्ञान, संस्कृत, गणित एवं अंग्रेजी विषय रखे गए हैं। अटल ने कहा कि सामान्य ज्ञान एवं शिक्षा मनोविज्ञान प्रश्न-पत्र की परीक्षा का आयोजन 12 फरवरी 2023 को ग्रुप-ए के लिए सुबह 10 से 12 बजे तक एवं ग्रुप-बी के लिए दोपहर 2 से 4 बजे तक किया जाएगा। 13 फरवरी 2023 को सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा प्रातः 10 से 12.30 बजे तक तथा हिन्दी विषय की परीक्षा दोपहर 2.30 से 5 बजे तक आयोजित की जाएगी। 14 फरवरी 2023 को प्रातः 10 से 12.30 बजे तक विज्ञान विषय एवं दोपहर 2.30 से 5.00 बजे तक संस्कृत विषय की परीक्षा का आयोजन किया जाएगा।

# अस्थाई डंपिंग यार्ड में प्लास्टिक की थैलियां खाकर पेट भर रही गौवंश

- गौवंश की समस्याओं को लेकर नगर पालिका मौन

**पावटा, (निसं)।** पावटा प्रागपुरा नगरपालिका क्षेत्र के पावटा कस्बे के गोपाल भैया मंदिर के पीछे नदी में बने अस्थाई डंपिंग यार्ड में गौवंश पॉलिथीन खाकर पेट भरने को मजबूर है। जिससे गौवंश की लगातार मौतें हो रही हैं। एक तरफ गौ सेवकों द्वारा गायों को बचाने का अथक प्रयास किया जाता है।

वहीं दूसरी तरफ जिम्मेदार प्रशासन की लापरवाही के कारण बेसहारा गौवंश पॉलिथीन और प्लास्टिक खाकर पेट बरने को मजबूर हैं। जिम्मेदार लोगों द्वारा लगातार गंदगी व कचरा डाला जा रहा है, इसमें हजारों की संख्या में रोजाना पॉलीथिन आ रही है, जिसको गौमाता खा रही है। इसी के साथ आसपास में रहने वाले गांव व ढाणियों के लोग भी गंदगी से परेशान हैं और बीमार भी हो रहे हैं। इतनी भारी मात्रा में कचरे के ढेर और पॉलिथीन के ढेर को इस इस प्रकार से खुला छोड़कर गौवंश के साथ-साथ लोगों की जिंदगी के साथ भी खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। वहीं एलएसए गोविन्द भारद्वाज ने बताया कि पॉलिथिन खाने से गाय मर रही हैं, इनके पेट में पॉलीथिन जाकर जमा हो जाती है, लीवर में फंस जाती है। कई बार ऑपरेशन करके इन्हें निकाला जाता है। भारद्वाज का कहना था कि कई बार 5 से 8 किलो तक पॉलीथिन गौवंश के पेट से ऑपरेशन कर निकाल चुके हैं। यदि समय रहते जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी सही ढंग से नहीं निभा पाए तो दुबारा लौटकर आ रही कोरोना जैसी महामारी भयंकर हाहाकार मचा देगी। इस कचरे का सही निस्तारण करवाकर पॉलीथिन को खड्डे में दबाया जाए या जलाकर नष्ट किया जाए या फिर अन्य किसी भी समाधान द्वारा गौवंश व आमजन को राहत पहुंचाई जाए।



पावटा पालिका कस्बे में अस्थाई डंपिंग यार्ड में प्लास्टिक व कचरा खाते गौवंश।

## प्रवेश-पत्र आज अपलोड होंगे

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 26 जनवरी 2023 को वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा 2022 के तहत ग्रुप-सी एवं डी की सामान्य ज्ञान परीक्षा के प्रवेश-पत्र अपलोड किए जाएंगे। आयोग सचिव एचएल अटल ने बताया कि 29 जनवरी 2023 को 28 जिलों में इस परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। अभ्यर्थियों की सुविधार्थ प्रत्येक जिला मुख्यालय पर एवं आयोग कार्यालय में 27 जनवरी से 29 जनवरी 2023 तक कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। किसी तरह की कठिनाई होने पर इनसे संपर्क किया जा सकता है। कंट्रोल रूम की दूरभाष सूची आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अटल ने कहा कि अभ्यर्थियों को ग्रुप अनुसार अलग-अलग प्रवेश-पत्र लेकर परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होना होगा। प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन-पत्र क्रमांक व जन्म दिनांक प्रविष्ठ कर डाउनलोड किए जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटीजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल लिंक से भी प्रवेश-पत्रों को डाउनलोड किया जा सकेगा।

# 206 किग्रा अवैध डोडा-पोस्त एवं 1.100 किग्रा अफीम बरामद

- एक गिरफ्तार, सप्लायर की तलाश

**जोधपुर, (कासं)।** जिले की ग्रामीण पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 206 किलो अवैध डोडा-पोस्त के साथ 1.100 किलोग्राम अफीम भी जब्त की है।

पुलिस अधीक्षक जोधपुर ग्रामीण अनिल कयाल ने बताया अवैध मादक पदार्थ, अवैध हथियार, तस्कर, फरार अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत जिला विषेष टीम जोधपुर ग्रामीण ने थाना ओसियां के साथ संयुक्त कार्यवाही में 206.3 किग्रा अवैध डोडा पोस्त एवं 1.100 अफीम, इलेक्ट्रोनिक पिसाई मशीन, दो इलेक्ट्रोनिक कांटे बरामद कर नेवरा रोड मथानिया हाल भैरूसागर गणेश कॉलोनी के मनीष पुत्र मांगीलाल जाट को गिरफ्तार किया गया है।

जिला विषेष टीम ग्रामीण के चिमनाराम हैडकांस्टेबल को मूखबिर से सूचना मिली कि मनीष पुत्र मांगीलाल जाट का मकान ओसियां थाना क्षेत्र में गणेश कॉलोनी में बना हुआ है। मकान के पास में ही प्लॉट में टीन शेड छपरा बना हुआ है। जिसमें भारी मात्रा में अवैध डोडा पोस्त एवं अफीम रखी हुई है। डोडा पोस्त का चक्की से पीसकर स्थानीय तस्करों का सप्लाई करता है। पुख्ता सूचना पर जिला विशेष टीम प्रभारी एसआई लाखाराम, एएसआई देवाराम विश्नोई, हैडकांस्टेबल श्रवण भंवरिया, चिमनाराम, प्रदीप ने थानाधिकारी ओसियां सुरेश चौधरी मय जाब्ता को मौके पर बुलाया। कार्रवाई में मनीष के कब्जे से 171.1 किग्रा डोडा पोस्त, 34.500 किग्रा पिसा हुआ डोडा पोस्त पाउडर (कुल 206.3 किग्रा अवैध डोडा पोस्त) एवं 1.100 अफीम, इलेक्ट्रोनिक पिसाई मशीन, दो इलेक्ट्रोनिक कार्टें एवं प्लाटिक की थैलियों से भरा एक कट्टा बरामद कर उसे एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया।

# गाड़ी लूट मामले में मुख्य आरोपी सहित तीन गिरफ्तार

- लग्जरी लाइफ जीने के लिए बनाया था तीन मजदूरों ने प्लान
- मुंबई से गाड़ी किराए लेकर आए और जोधुपर में लूट की थी

**नोखा, (निसं)।** मुंबई से लग्जरी गाड़ी किराए पर कर जोधपुर लाकर ड्राइवर के साथ मारपीट कर गाड़ी लूटने के मामले में मुख्य आरोपी सहित तीन बदमाशों को नोखा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी मुंबई में गैस गोदाम में मजदूरी करते हैं, जिन्होंने योजना बनाकर मुंबई से जोधपुर के लिए गाड़ी किराए पर ली। जोधपुर के चाडी गांव के पास ड्राइवर को जान से मारने की धमकी देकर मोबाइल ले लिया। खाते से 1,35,000 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए।

ड्राइवर को रोड पर ही पटकर गाड़ी लेकर फरार हो गए थे। थानाधिकारी ईश्वरप्रसाद जांगिड़ ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही निर्देशित किया। बीकानेर, नागौर, जोधपुर में नाकाबंदी करवाई गई। इसके बाद आरोपी जोधपुर के चाडी गांव के पास लूटी गई अर्टिगा कार छोड़कर फरार हो गए। पुलिस टीम ने उनके संभावित स्थानों पर दबिश दी। मंगलवार रात को जोधपुर जिले के मातौड़ा के मोटानिया निवासी बचनाराम बिश्नोई, सुनील कुमा बिश्नोई व जोधपुर जिले के भोजासर के कृष्ण नगर निवासी विक्रम बिश्नोई को गिरफ्तार किया। आरोपी बचनाराम व सुनिल कुमार मुंबई में रहकर गैस गौदाम में मजदूरी करते थे। आरोपी बचनाराम व सुनिल कुमार ने लग्जरी लाइफ जीने लिए मुंबई से गाड़ी किराए पर लेकर उसे राजस्थान लाकर गाड़ी लूटने की योजना बनाई।

13 जनवरी 2023 को मुंबई से पीड़ित दिलीप त्रिपाठी से मारूती अर्टिगा गाड़ी जोधपुर के लिए किराए पर लेकर रवाना हुए। 14 जनवरी 2023 को जोधपुर पहुंचे। उसके बाद जोधपुर से गांव चाडी आए तथा अपने साथी विक्रम उर्फ विकास को बुलाकर चाडी के पास सुनसान जगह पर चालक को हत्या का भय दिखाकर उससे गाड़ी छीन ली तथा चालक का फोन छीनकर उसके बैंक खातों से 1,35,000 रुपए ऑनलाइन अपने खातों में ट्रांसफर कर लिए।

## छेड़छाड़ के दोषी युवक को सजा

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ करने के दोषी युवक को न्यायालय ने 3 वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी गुगनदीप पुत्र सोहनलाल को 10 हजार रुपए जुर्माने से भी दंडित किया है। ये निर्णय मंगलवार को विशेष पोक्सो न्यायालय संख्या-1 ने सुनाया। गुगनदीप के खिलाफ 4 वर्ष 6 माह पूर्व घमूड़वाली थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था।

विशेष लोक अभियोजक गुरचरण सिंह रुपाणा के अनुसार आरोपी के खिलाफ 12 जुलाई 2018 को एक गांव की किशोरी ने मुकदमा दर्ज करवाया था। अपने पिता के साथ मुकदमा दर्ज करवाने पहुंची किशोरी का आरोप था कि वह गांव के स्कूल में पढ़ती है। जब वह स्कूल जाती है तो गुगनदीप पुत्र सोहनलाल उसे परेशान करता है। 11 जुलाई को वह छुट्टी होने पर घर जा रही थी। तब आरोपी ने उससे अश्लील हरकत की। उसे पकड़ कर घर ले जाने का प्रयास किया। शोर मचाने पर वह भाग गया। पीड़िता का आरोप था कि आरोपी ने पूर्व में भी उसके साथ हर तरह की हरकत की थी। लेकिन वह लोकलाज के भय के चलते चुप रही। न्यायालय ने दोषी गुगनदीप को आईपीसी की धारा 354 में 3 वर्ष साधारण कारावास, 5 हजार रुपए जुर्माना लगाया।

# अजमेर पहुंचा पाकिस्तानी जायरीन का जत्था

## अजमेर रेलवे स्टेशन पर उतरते ही पाकिस्तानी जायरीन ने चूमी जमीन

- दोनों मुल्कों के आपसी सौहार्द्र के लिए मांगेंगे दुआ

**अजमेर, (कासं)।** सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 811वें सालाना उर्स में शरीक होने के लिए पड़ौसी देश पाकिस्तान से 240 जायरीन दल का जत्था बुधवार को कड़ी सुरक्षा के बीच अमृतसर से विशेष ट्रेन के जरिए अजमेर पहुंचा। दल के साथ पाक दूतावास के अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल हैं। अजमेर रेलवे स्टेशन पर उतरते ही पाक जायरीन ने जमीन चूमी और उर्स में शरीक होने के लिए ख्वाजा साहब का शुक्रिया अदा किया।

ख्वाजा साहब के सालाना उर्स में 240 सदस्यों का पाकिस्तानी जायरीन दल का जत्था अजमेर बुधवार सुबह अजमेर रेलवे स्टेशन पहुंचा। पाक दल के आगमन को देखते हुए जिला पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने प्लेटफॉर्म नम्बर एक को सुरक्षा के लिहाज से खाली करवा लिया। अमृतसर से अजमेर आने वाले पाक जायरीन दल की स्पेशल ट्रेन से सुबह 9:5 मिनट पर आनी थी, लेकिन यह ट्रेन डेढ़ घंटे देरी से करीब 10:35 बजे अजमेर पहुंची। अजमेर सीआईडी जोन का दल भी ट्रेन में साथ आया।



उर्स को लेकर अजमेर रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं।

पाकिस्तानी जायरीन की सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए गए, साथ ही स्टेशन के चप्पे चप्पे पर पुलिस सहित विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों निगरानी में लगी रही। पाक दल के जायरीन को पांच रोडवेज की बसों के माध्यम कड़ी सुरक्षा के बीच चूड़ी बाजार स्थित सेंट्रल गर्ल्स स्कूल पहुंचाया गया, जहां जायरीन के लिए सभी इंतजाम जिला प्रशासन द्वारा किए गए है।

अजमेर रेलवे स्टेशन पर उतरने के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए पाक दल में आए एक जायरीन ने बताया कि वह वर्ष 2004 में ख्वाजा उर्स के शिरकत करने अजमेर आया था और अब 17 साल बाद आने का मौका मिला है। यह ख्वाजा साहब का ही करम है। ख्वाजा साहब के दरबार में आने से मन को सुकून मिला है। उन्होंने कहा कि पाक जायरीन दल दोनों मुल्कों के आपसी सौहार्द के लिए दुआ मांगेंगे, चाहेंगे कि दोनों मुल्कों में खुशहाली बनी रहे।

ख्वाजा साहब के उर्स में आने वाले पाक जायरीन दल को उर्स शामिल होने के लिए अजमेर शहर में ठहराने वाले स्थान से दरगाह तक का ही ग्रुप वीजा मिलता है। ग्रुप से अलग हटकर कोई भी पाक नागरिक बाहर नहीं जा सकता है। प्रत्येक चार नागरिकों पर निगरानी के लिए एक जवान तैनात रहेगा। सुरक्षा की दृष्टि से उनके आने जाने पर बायोमेट्रिक सिस्टम से नजर रखी जाएगी। उल्लेखनीय है कि सालाना उर्स में विगत 20 वर्षों में पाक जायरीन के जत्थे में आने वाले 13 पाकिस्तानी जायरीन को वीजा उल्लंघन के मामले में ब्लैक लिस्टेड किया है।

# 'अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा'

**राजसमंद,** (निसं)। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण हो रहा है परन्तु जिला स्तर से निरक्षण के दौरान प्राय: यह देखा गया कि काफी पंचायतों में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण पूर्ण होने के बाद भी आमजन के उपयोग के लिए नहीं खोले जाकर उनके ताले लगा दिए जाते है। इसी प्रकार विद्यालयों में भी बालक-बालिकाओं के लिए निर्मित शौचालयों के विद्यालय समय में भी ताले लगाए जाकर उपयोग में नहीं लिए जाते है। इसके लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी उत्साह चौधरी (आईएएस) द्वारा इस गणतंत्र दिवस से एक अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा जिसमें ऐसे सभी सामुदायिक एवं विद्यालय में निर्मित शौचालय जिनके ताले लगे हुए है एवं उपयोग में नहीं लिए जा रहे है उनके ताला खुलवाकर उन्हे उपयोगी बनाया जाकर लोगो के व्यवहार परिवर्तन का कार्य किया जाएगा।

"यह ताला खोलो अभियान गणतंत्र दिवस 26 जनवरी से 5 फरवरी तक चलया जाएगा जिसमें ग्राम पंचायतों में निर्मित ऐसे विद्यालय एवं सामुदायिक शौचालय जिनका उपयोग नहीं किया जा रहा है स्थानीय कार्मिको द्वारा उनके ताले खुलवाए जाकर गुगल फोर्म के माध्यम से रिपोर्ट की जाएगी।

सीईओ उत्साह चौधरी ने समस्त विकास अधिकारियों को एक आदेश जारी कर ब्लॉक स्तर पर सहायक विकास अधिकारी को इस अभियान के तहत सामुदायिक शौचालयों के ताला खोलो अभियान प्रभारी एवं मुख्य शिक्षा अधिकारी को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को विद्यालय शौचालयों का अभियान प्रभारी बनाए जाने के निर्देश प्रदान किए है। ये प्रभारी ग्राम विकास अधिकारी एवं पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी से शौचालयों की उपयोगिता को लेकर नियमित रिपोर्टिंग लेंगे एवं शौचालयों का आकस्मिक निरीक्षण कर अभियान की गतिविधियों का प्रभावी क्रियान्वयन करेंगे।

इस अभियान में जिले के निवासी भी अपने आस पास के क्षेत्र में निर्मित सामुदायिक व विद्यालय शौचालयों के उपयोगी होने का फीडबैक दें सकेंगे इसके लिये उन्हे अपने मोबाईल से वाट्सअप नम्बर 7821927881 पर एक मैसेज भेजना होगा जिससे उनको ऑटो रिप्लाई के तहत एक गूगल फोर्म लिंक मिलेगा जिसे ओपन कर अपना फीडबैक दे सकेंगे। इस अभियान की विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय समय में जिला परिषद एवं पंचायत समितियों में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण शाखा में सम्पर्क किया जा सकता है अथवा समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण नानालाल सालवी जिला से वाट्सअप नम्बर 7821927881 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी उत्साह चौधरी ने पहल करते हुए स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अन्तर्गत जनवरी 2022 में पंचायत समिति देलवाडा एवं खमनोर में एक किचड फ्रीसर्वे करवाया गया।


74वें गणतंत्र दिवस पर समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

NAAC ACCREDITED INSTITUTE Estd - 2002

R. N. T. & VIVEKANAND GROUP OF COLLEGES

State Highway, Kapasan, Dist. Chittorgarh, Ph. 01476-231726, 7414870774



Dr. Vaseem Khan
Chairman
+91-9828058477
E-mail:
khan.vaseem@yahoo.in

DEEKSHA INTERNATIONAL
BACHPAN PLAY SCHOOL, KAPASAN

First & only CBSE School in Kapasan

Play Group to 12th

(Science, Agriculture, Arts, Commerce)

Ph. 01476-230003, 9587023065, 9928836194

Web: www.rntgroup.edu.in

E-mail: rntkapasan1@gmail.com


# भाजपा देहात प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन दिया

**उदयपुर,** (कासं)। उदयपुर के आदिवासी अंचलो से बच्चो के खरीद फरोख्त की घटनाओं से को लेकर भाजपा देहात के प्रतिनिधिमंडल ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर बुधवार को ज्ञापन दिया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष चंद्रगुप्त सिंह चौहान ने कहा कि चौहान ने कहा कि जिले के कोटड़ा, मामेर, झाड़ोल,फलासिया, गोगुंदा समेत आदिवासी अंचल बच्चो के खरीद फरोख्त का गढ़ बन चुके हैं। यहां से आदिवासियों के बच्चो की अंतर्राज्यीय तस्करी हो रही हैं। उन्होंने शहर के आई वी एफ सेंटरों को भी इस मामले में दोषी बताते हुए कहा की शहर के कई आईवीएफ सेंटर से निसंतान दंपतीयो का डाटा लीक हो रहा है।बच्चों की तस्करी के पूरा नेटवर्क का मेवाड़ वागड़ में खड़ा हो चुका हैं।

सरकार और प्रशासन का लगातार इस मामले में उदासीन आचरण चौंकाने वाला रहा है । उन्होंने ने कहा कि हाल में जिस गिरोह को पकड़ा गया उसमे भी उदयपुर पुलिस प्रशासन लीपा पोती में लगा है। केवल बाल श्रम की धाराएं आरोपियों के खिलाफ जोड़ी गई जबकि यह मामला आईपीसी के 370 और जेजे एक्ट के तहत जांच का था। इसके अलावा बच्चो को सरकारी सरंक्षण में लेने की बजाय अन्य एनजीओ को दे दिया गया, जबकि सारी प्रक्रिया सरकारी निगरानी और तंत्र में होनी चाहिए थी।

चौहान ने कहा कि भाजपा इस मुद्दे को राज्यव्यापी बनाएगी और उदयपुर देहात के सभी मंडलों में विरोध प्रदर्शन होगा। भाजपा उदयपुर देहात की ओर से मांग की गई है कि गहलोत मुख्यमंत्री इस केस में स्पेशल टास्क फोर्स गठित कर वर्तमान एवं पूर्ववर्ती घटनाओं की उच्च स्तरीय एजेंसी के माध्यम से जांच करवाए और पूरे नेटवर्क को पकडे।

ज्ञापन के दौरान कलेक्ट्रेट में जिला कलेक्टर, अतिरिक्त जिला कलेक्टर के नहीं मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने आक्रोशित होकर नारेबाजी भी की। बाद में जिला परिषद् सीईओ मयंक मनीष ने पदाधिकारियों से ज्ञापन लिया।

ज्ञापन देने के दौरान जिला उपप्रमुख पुष्कर तेली,जिला महामंत्री दीपक शर्मा, जितेंद्र सिंह शक्तावत, युवा मोर्चा ज़िलाध्यक्ष ललित सिंह सिसोदिया, महामंत्री ओबीसी मोर्चा ज़िलाध्यक्ष प्रेम लोहार, एसटी मोर्चा के शांतिलाल मीणा, कोषाध्यक्ष शांतिलाल जैन, अशोक मालवी, गौरव नागर,जगदीश खेरलिया, ओम अठावाल, अनिल जारोली पूर्व प्रधान आसमा खान पठान, सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।


कार्यालय पंचायत समिति भीण्डर, जिला-उदयपुर (राज.)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

केन्द्र एवं राज्य सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाएं:-



हरि सिंह सोनीगरा
प्रधान-पं.स. भीण्डर

❖प्रधानमंत्री आवास योजना❖स्वच्छ भारत मिशन योजना❖महात्मा गांधी नरेगा योजना
❖पालनहार योजना❖जन्म–मृत्यु एवं विवाह पंजीयन करवाएं

महात्मा गांधी नरेगा के श्रमिकों एवं सम्बन्धित के लिए गाईडलाईन 125 दिन का रोजगार पाएं, पंजीकरण हेतु सम्पर्क करें

❖लम्पी वायरस के संक्रमण से पशुओं में गम्भीर बीमारी के बचाव हेतु नजदीकी पशु चिकित्सालय पर सम्पर्क करे पशुओं के टीकाकरण करें एवं इसमें सावधानी बरतें ❖सिंगल युज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करें ❖वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत अधीकाधिक वृक्षारोपण करें।
❖ध्यान रहे कोरोना अभी गया नहीं है अत: नजदीकी टीकाकरण केन्द्र पर पहुंच कर कोरोना बूस्टर डोज अवश्य लगवायें।

❖प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत पंजीकरण करावें एवं प्रतिवर्ष रूपयें 6000 / – की सहायता राशि प्राप्त करें ।

1. नरेगा योजना में जॉबकार्ड बनवाएं एवं 100 दिन का रोजगार प्राप्त करें। 2. घर में शौचालय बनवाये एवं परिवार के समस्त सदस्यों को गरिमापूर्ण जीवन जीये । 3. पूर्व में बने शौचालय में तकनीकी सुधार करवाये एवं दो खड्डो वाला शौचालय बनावें । 4. पेंशन योजना में वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशनर्स हेतु पात्र लाभार्थी ई-मित्र से ऑनलाईन आवेदन कर पेंशन योजना का लाभ प्राप्त करें। 5. जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन अनिवार्य रूप से करावें ।6. अपने आस-पास अधिक से अधिक पेड़ लगाये एवं पर्यावरण की भी रक्षा करें। 7. जल है तो कल है अत: पानी व्यर्थ ना बहाएं । 8. अपने आस पास स्वच्छता का पूर्ण ध्यान रखें एवं कचरे पात्र का उपयोग करें। 9. कोरोना से बचाव हेतु 2 गज दूरी, मास्क पहने, साबुन से हाथ धोएं एवं सार्वजनिक स्थान पर बिना मास्क नहीं जावें । 10. कोविड-19 की वैक्सीन के टीकाकरण हेतु टीकाकरण केन्द्र पर पहुंच कर कोरोना का टीका अवश्य लगावें ।11. मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य योजना में पंजीकरण करावें ।



प्रीति गजेन्द्र सिंह शक्तावत
विधायक- वल्लभनगर




समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण, पंचायत समिति भीण्डर, जिला–उदयपुर

विशाल सीपा
विकास अधिकारी–पं.सं. भीण्डर



# कार्यालय नगर पालिका भीण्डर जिला उदयपुर (राज.)

क्रमांक : न.पा.भी./2022-23/3734 दिनांक : 25.01.2023

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




अपील




1. नगर आपका अपना है इसे स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में सहयोग करें।
2. शहरी रोजगाार गारण्टी योजना में पंजीकरण करा कर रोजगार पाये।
3. मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में पंजीकरण कर 10 लाख तक का मुफ्त ईलाज कराये।
4. नगर के उद्यानों में सफाई रखे, खुले प्लॉट में कचरा नहीं डालें।
5. नगर को पॉलिथिन एवं अतिक्रमण रहित बनाने में सहयोग प्रदान करावें।
6. जन्म मृत्यु व विवाह पंजीकरण समय पर कराएं।
7. पालिका सम्पत्ति आपकी अपनी है इसे नुकसान नहीं पहुंचाएं।
8. खुले में शौच ना करें एवं शौचालय का उपयोग करें।
9. सम्पत्ति विरूपण कानून के तहत सार्वजनिक भवनों, दीवारों पर विज्ञापन, नारे लिखना व लिखवाना दण्डनीय अपराध है इससे बचे।
10. अपने पालतु पशु को बाजार में खुले ना छोड़े।
11. अधिकाधिक वृक्षारोपण कर शहर को हरा-भरा रखें।

निर्मला भोजावत
अध्यक्ष
नगरपालिका भीण्डर

मगनीराम रेगर
उपाध्यक्ष
नगरपालिका भीण्डर

प्रतीक झा
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका भीण्डर

समस्त पार्षदगण व नगरपालिका कर्मचारी भीण्डर



# कार्यालय पंचायत समिति भीम जिला राजसमन्द (राज.)

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतन्त्र दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं



अशोक गहलोत
मुख्यमंत्री राजस्थान



सुदर्शनसिंह रावत
विधायक



वीरमसिंह
प्रधान

निःशुल्क ईलाज मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना रू. 10 लाख रुपये तक के कैशलेश इलाज का लाभ तथा 5 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा कवर । मुख्यमंत्री चिरंजीवी जीवन रक्षा योजना रू सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को चिरंजीवी योजना से संबंद्ध निजी व राजकीय अस्पतालो में दुर्घटना को 75 घंटो तक निःशुल्क ईलाज ।

मुख्यमंत्री ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत मनरेगा श्रमिकों को अतिरिक्त कार्य दिया जाएगा। पंचायत स्तर पर कार्ययोजना तैयार की जा रही है। योजना के तहत मनरेगा श्रमिकों को सौ दिन का रोजगार पूर्ण करने के बाद 25 दिन का अतिरिक्त रोजगार दिया जाएगा।

सरकार की प्रमुख जन कल्याणकारी योजनाए ।

सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना - मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना - मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना द्य मुख्यमंत्री निःशक्त पेंशन सम्मान योजना - लघु एवं सीमांत कृषक वृद्धजन पेंशन योजना ।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृधावस्था पेंशन योजना - इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना - इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्त जन पेंशन योजना - विशेष योग्यजन योजना अंतर्गत 55 वर्ष से कम आयु की महिला एव 58 वर्ष से कम आयु के पुरुष पेन्शर को 750 रूपये 55 वर्ष से अधिक की महिला एवं 58 वर्ष के अधिक के पुरुष किन्तु 75 वर्ष से कम आयु के पेंशनर को 1000/- रुपये 75 वर्ष से अधिक 1250/- रूपये द्य आयु के पेंशनर को वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत 750 रुपये प्रतिमाह एवं 75 वर्ष से अधिक आयु 1000/- रूपये प्रतिमाह ।



मैं देश के माननीय प्रधानमंत्री जी से निवेदन करती हूं हमारे देश की सभी बहन-बेटियां आपकी तरफ बहुत आशा और उम्मीद से देख रही है अगर हम सब बहन-बेटियों को न्याय नहीं मिला तो यह देश के इतिहास के लिए बडआ दुर्भाग्य होगा। - गीता फोगाट

कुश्ती पहलवान, प्रधानमंत्री से अपील करते हुए।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी

### शैफाली वर्मा



**भारतीय** अंडर-19 महिला टी-20 विश्व कप टीम की कप्तान शैफाली वर्मा ने कहा है कि वह किक्रेट के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर को खेलता देखकर बड़ी हुई है और वह भी मेरे आदर्श है। शैफाली ने स्टार स्पोट्‌र्स से एक विशेष बातचीत में यह बात कही। उन्होंने अपने आदर्श और अंडर-19 विश्व कप खेलने में टीम इंडिया की ताकत के संदर्भ में विचार व्यक्त किये। शैफाली ने कहा, मुझे लगता है कि आजकल मुझे लिविंगस्टोन की बल्लेबाजी पसंद है क्योंकि वह बहुत अच्छा हिट कर रहा है, और निश्चित रूप से मैं सचिन तेंदुलकर सर खेलते हुए देखकर बड़ी हुई हूं।

**क्या आप जानते हैं ?...** ऑस्ट्रेलिया के खब्बू स्पिनर फ्लीड वुड स्मिथ ने इंग्लैंड के विरुद्ध 1938 में 87 ओवर में 298 रन पर एक विकेट लिया था। ये आज तक एक टेस्ट पारी में किसी भी गेंदबाज द्वारा दिए गए सबसे ज्यादा रन है।

# सूर्यकुमार बने साल के सर्वश्रेष्ठ टी-20 क्रिकेटर

दुबई, 25 जनवरी। भारत के 360 डिग्री बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से साल 2022 के सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर का पुरस्कार हासिल किया है। आईसीसी ने बुधवार को इसकी घोषणा की। सूर्यकुमार ने 2022 में अपनी अतरंगी बल्लेबाजी से सभी को मंत्रमुग्ध किया और खेल के सबसे छोटे प्रारूप में कई कीर्तिमान रचे। वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में एक कैलेंडर वर्ष में 1000 से अधिक रन बनाने वाले सिर्फ दूसरे बल्लेबाज बन गये। उन्होंने यह उपलब्धि 187.43 के विस्फोटक स्ट्राइक-रेट से 1164 रन बनाकर हासिल की और वह पिछले साल सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी रहे।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप 2022 के दौरान भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और टूर्नामेंट की छह पारियों में तीन अर्धशतक जड़े। उन्होंने लगभग 60 की औसत से रन बनाये और यहां भी उनका स्ट्राइक-रेट 189.68 रहा। सूर्यकुमार ने अपने टी20 करियर के यादगार साल में कुल 68 छक्के जड़े। इससे पहले एक साल में टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक छक्के मारने का रिकॉर्ड पाकिस्तान के मोहम्मद रिज़वान के पास था, जिन्होंने 2021 में सिर्फ 42 छक्के जड़े थे। सूर्यकुमार ने यह पुरस्कार हासिल करने के बाद कहा, "मुझे साल का सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर चुनने के लिये आईसीसी का शुक्रिया। यह एक बेहतरीन एहसास है। मेरे लिये 2022 शानदार रहा। निजी तौर पर कहूं तो मैंने अपनी कुछ पारियों का काफी आनंद लिया।"



सूर्यकुमार ने अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत मार्च 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ की थी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के पर्दे पर आते ही छा जाने वाले सूर्यकुमार ने अपना पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक भी इंग्लैंड के खिलाफ ही जड़ा था। भारत ने जुलाई 2022 में नॉटिंघम में खेले गये मुकाबले में 216 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 31 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे। सूर्यकुमार ने इसके बाद अकेले लड़ते हुए 55 गेंदों पर 117 रन की शानदार पारी खेली, हालांकि अंत में यह मुकाबला 17 रन से इंग्लैंड के पक्ष में गया था।

## आईएचएफ को देश में हैंडबॉल के विकास की जानकारी देगा भारत

लखनऊ, 25 जनवरी। हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के अध्यक्ष ए जगनमोहन राव और कार्यकारी निदेशक आनन्देश्वर पाण्डेय आगामी 30 जनवरी को इंटरनेशनल हैंडबॉल फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ हसन मुस्तफा से मुलाकात कर उन्हें भारत में हैंडबाल की विकास प्रगति की जानकारी देंगे।

हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव तेजराज सिंह ने बुधवार को बताया कि आईएचएफ पुरुष विश्व हैंडबॉल चैंपियनशिप 27 से 29 जनवरी के बीच मध्य स्वीडन में आयोजित होगी, जिसका फाइनल मैच देखने के बाद राव और पाण्डेय 30 जनवरी को हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के प्रतिनिधि के तौर पर आईएचएफ के अध्यक्ष डॉ हसन मुस्तफा और जनरल डायरेक्टर अमल खलीफा से मिलेंगे। इस दौरान भारत में हैंडबॉल की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। इसके साथ ही ये दोनों भारत में हैंडबॉल को लोकप्रिय बनाने के लिए और भारत में होने वाली प्रीमियर हैंडबॉल लीग के बारे में प्रेजेंटेशन देंगे। उन्होंने बताया कि इस रिपोर्ट के आधार पर इंटरनेशनल हैंडबॉल फेडरेशन भारत में हैंडबॉल के प्रसार को नए आयाम देने के लिए प्रशिक्षकों और रेफरी की कार्यशाला तथा हैंडबॉल उपकरण प्रदान कर मदद भी करेगा।

# सिराज बने दुनिया के नं. 1 गेंदबाज

## रैंकिंग में बोल्ट और हेजलवुड को पछाड़ा, बैटिंग रैंकिंग में विराट से आगे गिल

नई दिल्ली, 25 जनवरी। भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए दो दिन में दूसरी बड़ी खुशखबरी सामने आई है। न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-0 से क्लीन स्वीप कर टीम इंडिया मंगलवार को दुनिया की नंबर-1 वनडे टीम बनी थी। आज भारत के मोहम्मद सिराज दुनिया के नंबर-1 वनडे गेंदबाज बन गए हैं। बुधवार को जारी ताजा रैंकिंग में सिराज 729 पॉइंट्स के साथ पहले स्थान पर पहुंच गए। ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड (727 पॉइंट्स) दूसरे स्थान पर और न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट (708 पॉइंट्स) तीसरे स्थान पर हैं।



बल्लेबाजी में जोरदार फॉर्म में चल रहे शुभमन गिल अब वनडे में सबसे ऊंची रैंकिंग वाले भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। पिछले चार वनडे में तीन शतक जमाने वाले गिल अब 734 पॉइंट्स के साथ छठे स्थान पर हैं। उन्होंने 20 स्थान की छलांग लगाई है। वहीं विराट कोहली 727 पॉइंट्स के साथ सातवें और कप्तान रोहित शर्मा 719 पॉइंट्स के साथ नौवें नंबर पर हैं। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम 887 पॉइंट्स के साथ पहले स्थान पर बने हुए हैं। यूजीलैंड के खिलाफ 3 वनडे मैचों की सीरीज में शुभमन गिल ने बल्लेबाजी से शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 180 की औसत से 360 रन बनाए। वे सीरीज में भारत के टॉप स्कोरर के साथ ही ओवर ऑल भी सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

गिल ने अपनी पारी में 2 सेंचुरी भी जड़ी। वहीं मोहम्मद सिराज ने 2 मैचों में 3.50 की इकोनॉमी रेट से 3 विकेट लिए। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की 2022 में वनडे टीम ऑफ द ईयर में जगह दी गई है। इस टीम में उनके अलावा मिडिल ऑर्डर बैटर श्रेयस अय्यर को भी शामिल किया गया है। ने मंगलवार को टीम की घोषणा की थी। मेंस टीम में दो और विमेंस टीम में तीन भारतीय खिलाड़ियों को जगह मिली है।

मोहम्मद सिराज अब तक 21 वनडे मैच खेल चुके हैं और उन्होंने 38 विकेट लिए हैं। सिराज को अपना पहला वनडे खेलने के तीन साल बाद दूसरा वनडे खेलने का मौका मिला था। सिराज ने 15 जनवरी 2019 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड मैच से वनडे में डेब्यू किया था। इस मैच में सिराज को विकेट नहीं मिले। उसके बाद उन्हें दूसरे वनडे मैच खेलने का मौका 6 फरवरी 2022 को मिला।

बल्लेबाजों की वनडे रैंकिंग में शुभमन गिल के अलावा भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को भी 2 स्थानों का फायदा मिला है। वह 11वें से 9वें स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 वनडे मैचों की सीरीज में रोहित, शुभमन गिल के बाद भारत के दूसरे टॉप स्कोरर रहे। उन्होंने 3 मैचों में 62 की औसत से 186 रन बनाए। रोहित ने अपनी पारी में एक सेंचुरी और एक हाफ सेंचुरी जड़ी।

# आईपीएल-2023 एक अप्रैल से हो सकता है शुरू

मुंबई, 25 अप्रैल। इंडियन प्रीमियर लीग के 2023 संस्करण का आगाज 31 मार्च या एक अप्रैल से हो सकता है जबकि फाइनल 28 मई को खेला जा सकता है। ईएसपीएन क्रिकइंफो ने बुधवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। ईएसपीएन क्रिकइंफो ने बतायाा कि अगले महीने 10 से 26 फरवरी के बीच दक्षिण अफ्रीका में खेले जाने वाले महिला टी-20 विश्वकप के बाद वुमेंस प्रीमियर लीग का पहला संस्करण चार मार्च से 24 मार्च के बीच आयोजित किया जा सकता है। आईपीएल और डब्ल्यूपीएल के बीच एक सप्ताह का अंतर दिया जा सकता है ताकि मैदानों को नये सिरे से सजाया-संवारा जा सके।

बीसीसीआई डब्ल्यूपीएल को शानदार तरीके से आयोजित कराने की तैयारी में है। बोर्ड ने बुधवार को यहां एक नीलामी में डब्ल्यूपीएल की पांच टीमों के मालिकाना अधिकार बेच दिये, जिसमें मुंबई इंडियंस, दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के अलावा अडाणी समूह और कैपरी होल्डिंग्स ने बाजी मारी।

आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल ने बुधवार की नीलामी के बाद कहा, टूर्नामेंट के लिए कार्यक्रम के साथ-साथ कितने मैदानों का उपयोग किया जाएगा, इस पर जल्द फैसला करेंगे। डब्ल्यूपीएल एक शहर में कराया जाये या एक से अधिक शहरों में, इस पर विचार किया जायेगा। इन तमाम पहलुओं पर अगले कुछ दिनों में विचार विमर्श के बाद निर्णय लिया जायेगा। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि डब्ल्यूपीएल के लिये खिलाड़ियों की नीलामी संभवत: फरवरी के पहले सप्ताह में होगी। टीम के मालिकों के पास अपनी टीम बनाने के लिये 12 करोड़ रूपये का नीलामी पर्स होगा।

## विमेंस प्रीमियर लीग की टीमों की नीलामी

# पांच टीमों की बिक्री 4670 करोड़ रुपये में हुई

## दिल्ली मुंबई, अहमदाबाद, बेंगलुरु और लखनऊ की टीमें खेलेंगी



नई दिल्ली, 25 जनवरी। विमेंस प्रीमियर लीग की 5 टीमों की नीलामी हो गई है। बुधवार को बोर्ड ने नीलामी में सफलता हासिल करने वाली कंपनियों के नाम की घोषणा की। इस नीलामी से बोर्ड को कुल 4669.99 करोड़ रुपए की रकम मिलेगी। सबसे ज्यादा बोली अहमदाबाद फ्रेंचाइजी के लिए लगी है। इस फ्रेंचाइजी के एवज में अडाणी ग्रुप 1289 करोड़ रुपए बोर्ड को देगा। अहमदाबाद के अलावा मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और लखनऊ की फ्रेंचाइजी पर बोली लगी है। यानी यही पांच टीमें विमेंस प्रीमियर लीग में शिरकत करेंगी। का पहला सीजन इस साल मार्च में होना है। फरवरी में खिलाड़ियों की नीलामी होगी।

15 साल पहले 2008 में ने पुरुष के लिए 8 टीमों की नीलामी की थी। इससे बोर्ड को तब 72.35 करोड़ डॉलर मिले थे। अगर डॉलर के मौजूदा भाव के हिसाब से कैलकुलेट करें तो आंकड़ा 5,907 करोड़ रुपए का आता है। 2008 में 1 डॉलर करीब 40 रुपए का था। उस हिसाब बोर्ड को पुरुष फ्रेंचाइजीज की नीलामी से करीब 2900 करोड़ रुपए ही मिले थे। यानी हर टीम के लिए 362.5 करोड़ रुपए। वहीं, के लिए बोर्ड को 4670 करोड़ रुपए मिले हैं। यानी 1 टीम की कीमत 934 करोड़ रुपए है।

टीम खरीदने के लिए 17 कंपनियां मैदान पर उतरीं। हालांकि 30 से ज्यादा कंपनियों ने इसके लिए टेंडर खरीदे थे। टीमें खरीदने के लिए पुरुष की 7 टीमों मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स ने रुचि दिखाई। साथ ही देश के बड़े औद्योगिक घराने अडाणी ग्रुप, कैप्री ग्लोबल, हल्दीराम ग्रुप, टोरेंट फार्मा, अपोलो पाइप्स, अमृतलीला इंटरप्राइजेज, श्रीराम ग्रुप और स्लिंगशॉट 369 वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड भी आगे आए।

बोर्ड ने कुछ दिनों पहले विमेंस प्रीमियर लीग के 5 साल के मीडिया राइट्स 951 करोड़ रुपए में बेचे हैं। यानी एक मैच 7 करोड़ रुपए का होगा। बोर्ड पहले पांच साल तक मीडिया राइट्स से हुई कमाई का 80 हिस्सा टीमों में डिस्ट्रीब्यूट करेगा। इसके बाद 5 साल 60 और उसके बाद 50 हिस्सा टीमों के खाते में जाएगा। इसके अलावा फ्रेंचाइजी को सेंट्रल लाइसेंसिंग राइट्स से प्राप्त राशि का 80 फीसदी भी मिलेगा। बाकी का रेवेन्यू स्पॉन्सर्स, सेल्स और टिकट से मिलेगा। इस साल मार्च में होगा पहला सीजन का पहला सीजन इस साल मार्च में खेला जाएगा। 5 टीमों के बीच कुल 22 मैच मुंबई के पाटील और ब्रेबोर्न स्टेडियम में ही होंगे। वानखेड़े स्टेडियम को पुरुष के लिए तैयार किया जाएगा। एक टीम को ऑक्शन में खिलाड़ी खरीदने के लिए 12 करोड़ रुपए का पर्स मिलेगा। हर साल पर्स में 1.5 करोड़ रुपए का इजाफा होगा। 25 जनवरी को 5 टीमों के नाम सामने आने के बाद ऑक्शन होगा।

## एंडी मरे को था ऑस्टियो आर्थराइटिस

### डॉक्टर ने कहा- टेनिस नहीं खेल पाएंगे, अब करियर का सबसे लंबा मैच खेला

नई दिल्ली, 25 जनवरी। पिछले हफ्ते ऑस्ट्रेलियन ओपन में एंडी मरे से एक डॉक्टर मिले, जिसे उन्होंने तब देखा था जब वह ऑस्टियो आर्थराइटिस बीमारी से परेशान थे, यानी 2017 में। टेनिस स्टार मरे ने अपने सोशल मीडिया पर लिखा कि 2017 में डॉक्टर ने उनसे कहा था कि उनकी बीमारी ठीक हो सकती है, लेकिन इसके बाद वे फिर से पेशेवर खेल में लौट नहीं पाएंगे। मरे ने कहा कि उन्होंने पिछले 5 दिनों में इस बात को गलत साबित कर दिया है।गुरुवार को तीन बार के ठौंड स्लैम चैम्पियन मरे ने अपने करियर का सबसे लंबा मैच खेला, जो 5 घंटे 45 मिनट तक चला। ऑस्ट्रेलिया के कोकिनाकिस से शुरुआती दो सेट में हारने के बाद लगातार 3 सेट जीतकर उन्होंने मैच अपने नाम किया था। इसके ठीक 60 घंटे बाद मरे स्पेन के रॉबर्ट बॉटिस्टा एगट के खिलाफ फिर से कोर्ट में उतरे। हालांकि, इस मैच में उन्हें हार मिली। मरे की बीमारी के इलाज के लिए उन्हें हिप रिसर्फेसिंग सर्जरी की जरूरत थी। ये सर्जरी शरीर के चलने के तरीके, लचीलेपन, गति और चाल को बदल देती है। टेनिस एक मुश्किल खेल है। इससे खिलाड़ी का वजन जोड़ों के जरिए पूरे शरीर में घूमता है और लगातार मूवमेंट के साथ ये हिप्स पर दबाव डालता है। इसकी वजह से मरे के हिप्स में कार्टिलेज को नुकसान पहुंचा और वे ऑस्टियोआर्थराइटिस का शिकार हो गए। इससे एक स्मूथ लाइनिंग की बजाय जोड़ कमजोर पड़ने लगते हैं, जिससे हड्डियां को नुकसान होने लगा।

# जोकोविच 22वें ग्रैंड स्लैम से दो कदम दूर

मेलबर्न 25 जनवरी। सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और 21 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच ने बुधवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन 2023 के क्वार्टरफाइनल में आंद्रे रुबलेव को हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली।

रॉड लेवर एरिना पर खेले गये एकतरफा मुकाबले में जोकोविच ने रुबलेव को 6-1, 6-2, 6-4 से हराया और अब वह सर्वाधिक ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले राफेल नडाल (22) की बराबरी करने से सिर्फ दो कदम दूर हैं। जोकोविच अपना 10वां ऑस्ट्रेलियाई ओपन खिताब तलाश रहे हैं, जबकि टूर्नामेंट के दूसरे सबसे सफल खिलाड़ी रोजर फेडरर ने सिर्फ छह बार यह खिताब हासिल किया है।

जोकोविच ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि पहले दो सेटों में स्कोरलाइन मैच की वास्तविकता नहीं बताती। रुबलेव एक महान प्रतिद्वंदी और खिलाड़ी हैं। मेरे मन में उसके लिये बहुत सम्मान है। वह सबसे बड़े फोरहैंड्स में से एक है और टूर पर सबसे तेज खिलाड़ियों में से एक है।

सेमीफाइनल में जोकोविच का सामना अमेरिका के टॉमी पॉल से होगा जो क्वार्टरफाइनल में अपने हमवतन बेन शेल्टन को हराकर आ रहे हैं। पॉल ने रॉड लेवर एरिना पर खेले गये मैराथन क्वार्टर फाइनल मुकाबले में शेल्टन को 7-6, 6-3, 5-7, 6-4 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

इसी बीच, पोलैंड की मैग्डा लिनेट और बेलारूस की एरिना सबालेंका ने अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में एकतरफा जीत हासिल कर कदम रखा। लिनेट ने रॉड लेवर एरिना पर एक घंटे 27 मिनट चले महिला एकल मुकाबले में चेक गणराज्य की कैरोलिना प्लिस्कोवा को 6-3, 7-5 से मात दी। विश्व नंबर 45 लिनेट ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई है।

लिनेट ने अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ अभियान के बारे में कहा, मैं शायद अब भी विश्वास नहीं कर पा रही हूं। मैं इसे कभी नहीं भूल सकूंगी। यह अनुभव मेरे साथ जीवन भर रहेगा। मैं दर्शकों के समर्थन के लिए भी उनकी शुक्रगुजार हूं। दूसरी ओर, सबालेंका ने भी क्रोएशिया की डोना वेकिक को 6-3, 6-2 के सीधे सेटों में हराकर पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में कदम रखा। यह 24 वर्षीय सबालेंका का चौथा ग्रैंड स्लैम फाइनल है। उन्हें अपने पहले ग्रैंड स्लेम फाइनल में पहुंचने के लिए शीर्ष-4 में लिनेट का सामना करना होगा। उल्लेखनीय है कि सबालेंका ने 2023 में अपने सभी नौ मुकाबले जीते हैं और इस दौरान उन्होंने कोई सेट नहीं गंवाया है।

## जर्मनी ने इंग्लैंड से जीत छीनी

भुवनेश्वर, 25 जनवरी। दो बार की विश्व चैंपियन जर्मनी ने हार के मुंह से जीत छीनते हुए बुधवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के रोमांचक क्वार्टरफाइनल में इंग्लैंड को 2-2 (शूटआउट 4-3) से मात दी। कलिंगा स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में इंग्लैंड ने जैकरी वॉलेस (11वां) और लायम एंसेल (32वां मिनट) के गोलों की बदौलत 2-0 की बढ़त बना ली थी। मैच के 57वें मिनट तक इंग्लैंड ने यह बढ़त बरकरार रखी, लेकिन टॉम ग्रैम्बुश ने 57वें और 58वें मिनट में गोल करके मुकाबले को पेनल्टी शूटआउट में पहुंचा दिया। शूटआउट में इंग्लैंड पांच में से तीन ही गोल कर सका, जबकि जर्मनी ने अपने शुरुआती चार प्रयासों पर गोल करके मुकाबला जीत लिया।

# डब्ल्यूपीएल से बीसीसीआई हुई मालामाल, शाह ने कहा ऐतिहासिक दिन

मुंबई, 25 जनवरी। मार्च में प्रस्तावित महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के पहले संस्करण के लिये टीमों के नीलामी में पांच फ्रेंचाइजी से भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) ने चार हजार 669 करोड़ रुपये की कमाई की है।

डब्ल्यूपीएल के लिये अडाणी स्पोर्ट्सलाइन प्रा लिमिटेड अहमदाबाद ने 1289 करोड़ रुपये, इंडियाविन स्पोर्ट्स प्रा लिमिटेड मुंबई ने 912.99 करोड़, रॉयल चैलेंजर्स स्पोर्ट्स प्रा लिमिटेड बेंगलुरु ने 901 करोड़,जेएसडब्ल्यू जीएमआर क्रिकेट प्रा लिमिटेड दिल्ली ने 810 करोड़ और कैप्री ग्लोबल होल्डिंग्स प्रा. लिमिटेड लखनऊ ने 757 करोड़ रुपये की बोली लगायी है।

इस उपलब्धि से अभिभूत बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बुधवार को ट्वीट किया, क्रिकेट में आज का दिन ऐतिहासिक है। डब्लूपीएल के पहले संस्करण में ही टीमों के लिए लगाई गई बोली ने 2008 में पुरुषों के आईपीएल के उद्घाटन के रिकॉर्ड तोड़ दिए। विजेताओं को बधाई, क्योंकि हमने बोली में कुल 4669.99 करोड़ रुपये प्राप्त किए। यह महिला क्रिकेट में एक क्रांति की शुरुआत का प्रतीक है।

उन्होंने कहा, यह न केवल हमारी महिला क्रिकेटरों के लिए, बल्कि पूरी खेल बिरादरी के लिए एक परिवर्तनकारी यात्रा का रास्ता है। डब्लूपीएल महिला क्रिकेट में आवश्यक सुधार लाएगा और एक सर्वव्यापी पारिस्थितिकी तंत्र सुनिश्चित करेगा जो प्रत्येक हितधारक को लाभान्वित करे। चलिये महिला प्रीमियर लीग की यात्रा शुरू करते हैं।

गौरतलब है कि पांच टीमों के साथ महिला प्रीमियर लीग मार्च में मुंबई में खेली जायेगी। महिला प्रीमियर लीग में टीमों को खरीदने के लिए 33 पार्टियां मैदान में थीं। बीसीसीआई ने बुधवार को एक विज्ञप्त जारी कर कहा, पांच फ्रेंचाइजी डब्ल्यूपीएल के उद्घाटन सत्र में भाग लेंगी, बशर्ते बोली लगाने वाले बाद की औपचारिकताओं को पूरा करें।

बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा, मैं डब्ल्यूपीएल टीमों के लिए सफल बोली लगाने के लिए विजेताओं को बधाई देता हूं। लीग भारत और विदेशों के खिलाड़ियों को एक साथ सीखने और बढ़ने का मौका देगी। यह अधिक महिला क्रिकेटरों को शामिल करने के साथ जमीनी स्तर पर विकास का मार्ग प्रशस्त करेगा। मैं नीलामी प्रक्रिया के सुचारू निष्पादन के लिए बीसीसीआई की टीम को भी बधाई देना चाहता हूं। मुझे विश्वास है कि लीग हमारी महिला क्रिकेटरों को वैश्विक मंच पर चमकने में मदद करेगी।

जय शाह ने कहा, मैं सभी पांच फ्रैंचाइजी का स्वागत करता हूं। 4669.99 करोड़ रुपये की सामूहिक बोली से पता चलता है कि हमारे हितधारक पूरी तरह से अवधारणा में विश्वास करते हैं और लीग के लिए बीसीसीआई के नजरिये से इत्तिफाक रखते हैं। लीग निश्चित रूप से महिला खिलाड़ियों की हौसलाफजाई करेगी और उनकी प्रतिभा को निखारने का मौका देगी। हम एक ऐसे मोड़ पर खड़े हैं, जहां महिला क्रिकेट का तेजी से विकास होना तय है। डब्ल्यूपीएल इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा, यह समावेशिता के एक नए युग की शुरुआत है, जहां हमारी महिला क्रिकेटरों को डब्ल्यूपीएल के साथ वैश्विक स्तर पर विकसित होने और उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। महिला क्रिकेट में इस तरह के सकारात्मक बदलाव को देखकर मेरा दिल गर्व से भर गया है। यह वास्तव में महिला क्रिकेट के लिए एक मानक स्थापित करने जा रहा है। नए मालिकों को हार्दिक बधाई।

आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के अध्यक्ष अरुण सिंह धूमल ने कहा, मैं डब्ल्यूपीएल में सभी विजेताओं को बधाई और स्वागत करना चाहता हूं। महिला प्रीमियर लीग के उद्घाटन संस्करण में निवेश करने के लिए प्रतिभागियों से हमें जो प्रतिक्रिया मिली है, उसे देखना सम्मान और खुशी की बात है। यह महिला क्रिकेट के मूल्य का एक मजबूत वसीयतनामा है और इसके साथ ही महिला क्रिकेट के लिए आत्मनिर्भर संसाधनों का एक केंद्रीय पूल होगा। बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष आशीष शेलार ने कहा, मैं सभी बोलीदाताओं को महिला प्रीमियर लीग में दिखाए गए विश्वास के लिए बधाई और धन्यवाद देता हूं। 4669.99 करोड़ रुपये की कुल बोली महिला टूर्नामेंट के लिए एक रिकॉर्ड आंकड़ा है और आने वाले बदलाव का एक संकेतक है।

# अंडर-19 विमेंस वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचा भारत

## ग्रुप पॉइंट्स टेबल के टॉप पर, न्यूजीलैंड या इंग्लैंड के खिलाफ हो सकता है मुकाबला

नई दिल्ली, 25 जनवरी। भारत ने मंगलवार को विमेंस अंडर-19 टी-20 वर्ल्ड कप के पहले एडिशन में सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। भारत अब शुक्रवार को सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड या इंग्लैंड से भिड़ेगा। भारत ग्रुप 1 में था। इसमें भारत के साथं ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, साउथ अफ्रीका, बांग्लादेश और थे। फॉर्मेट के अनुसार हर टीम को ग्रुप में 4 मैच खेलने थे। सभी टीमों ने ग्रुप में काम से काम 1 मुकाबला हारा है। टेबल में बांग्लादेश और के अलावा सभी अपने ग्रुप के पूरे मैच खेल चुके हैं। भारत और फिलहाल 6 पॉइंट्स के साथ क्रमश: पहले और दूसरे स्थान पर हैं। अगर आज बांग्लादेश जीतता है तो उसके भी 6 पॉइंट्स हो जाएंगे।

अगर उसका बेहतर रनरेट हुआ तो भी वो ऑस्ट्रेलिया को बाहर करेगा न कि भारत को। ऐसा हो सकता है कि भारत पहले से दूसरे पायदान पर आ जाए। इस स्थिति में भी भारत का सेमीफाइनल खेलना तय है। मेजबान साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल के पास जाकर भी उससे दूर हो गया। साउथ अफ्रीका के भी पॉइंट्स टेबल में 6 पॉइंट हैं, लेकिन उसे सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए श्रीलंका को बड़े अंतर से हराना था। मैच में उसे 1 रन से जीत मिली।

ग्रुप 2 में न्यूजीलैंड और इंग्लैंड सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। ग्रुप में न्यूजीलैंड अपने सभी मैच जीत कर 8 अंक के साथ टॉप पर है। वहीं इंग्लैंड ने भी अब तक अपने सारे मैच जीते हैं। उसके 6 अंक हैं। इंग्लैंड का आखिरी मुकाबला वेस्टइंडीज से है।

## ऑस्ट्रेलियन ओपन फाइनल में सानिया-बोपन्ना की जोड़ी

### करियर का आखिरी ग्रैंड स्लैम जीतने उतरेगी सानिया मिर्जा

नई दिल्ली, 25 जनवरी। आखिरी ठौंड स्लैम खेली रहीं भारतीय स्टार सानिया मिर्जा और रोहन बोपन्रा की जोड़ी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन की मिक्स्ड कैटेगरी के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। मेलबर्न में बुधवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले के तीसरे सेट से ब्रिटेन के नील स्कूपस्की और अमेरिकी की डेसिरै क्रॉक्जिक की जोड़ी हट गई। ऐसे में भारतीय जोड़ी को विजेता घोषित कर दिया गया। जब तीसरी सीड जोड़ी हटी तब मुकाबला एक-एक की बराबरी पर था। इस मैच का पहला सेट भारतीय जोड़ी ने 7-6 से जीता। उसके बाद ब्रिटिश-अमेरिकी जोड़ी ने दूसरा सेट 7-6 से अपने नाम कर मुकाबले को रोमांचक बना दिया। भारतीय खिलाड़ी आखिरी सेट के दस गेम जीत चुके थे। कॉम्पटीटर के हिस्से 6 गेम की जीत आई थी।

# अमेरिका और जर्मनी 64 टैंक भेजेंगे यूक्रेन के लिए

## अमेरिका इसी सप्ताह 50 अब्राम टैंक व जर्मनी 14 लैपर्ड-2 टैंक देने की तैयारी कर रहे हैं

वाशिंगटन, 25 जनवरी (वार्ता)। अमेरिका यूक्रेन को 50 एम1 अब्राम्स टैंक भेजने की योजना बना रहा है और वह बुधवार को इस संबंध में घोषणा कर सकता है। वहीं जर्मनी ने भी अपनी चुप्पी तोड़ते हुये 14 लैपर्ड-2 टैंक भेजने की घोषणा कर दी है। तुर्की की समाचार एजेंसी ने मंगलवार को बताया कि अमेरिका युद्धग्रस्त देश यूक्रेन को मदद के रूप में इस सप्ताह अमेरिका एम1 अब्राम्स टैंकों को भेजने के फैसले की घोषणा कर सकता है। घोषणा कथित तौर पर जर्मनी के साथ एक व्यापक सौदे का हिस्सा होगी, जो यूक्रेन को अपने लेपर्ड 2 टैंकों की एक छोटी संख्या की आपूर्ति करेगा। अमेरिकी रक्षा विभाग 'पेंटागन' के प्रेस सचिव पैट राइडर ने बताया कि यूक्रेन ने रूस का सामना करने के लिए पश्चिमी देशों से कम से कम तीन सौ टैंक भेजने का अनुरोध किया है। अब्राम्स टैंक जटिल वाहन हैं जिन्हें उचित रखरखाव की आवश्यकता होती है।

राइडर ने हालांकि इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि अब्राम्स टैंकों को चलाने के लिए क्या अमेरिका उन्हें प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

गौरतलब है कि रूस ने 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन में एक विशेष सैन्य अभियान शुरू कर दिया था, जिसके बाद से पश्चिमी देशों ने यूक्रेन के लिए अपना सैन्य समर्थन बढ़ा दिया है। मॉस्को ने नाटो सदस्य देशों को अप्रैल में एक नोट भेजा, जिसमें कीव को उनकी सैन्य सहायता की निंदा की गई थी। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने चेतावनी दी कि यूक्रेनी क्षेत्र में हथियार की कोई भी खेप रूसी सेना के लिए ''वैध लक्ष्य'' होगी। जर्मनी ने बड़ी घोषणा की है। जर्मनी ने अपनी पिछली स्थिति से यू-टर्न लेते हुए कहा है कि यूक्रेन में अपने 14 टैंक भेजने और दूसरों को ऐसा करने की अनुमति देने के लिए वह तैयार है।

# 'बदहाल पाकिस्तान की जनता की गुहार...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था भी थोड़ा बढ़ी है, लेकिन उसकी यह आर्थिक वृद्धि कुछ ऐसी है जिसका कुछ हताश देशभक्त और वॉट्स ऐप पर बिना सोचे-समझे मैसेज भेजने वाले लोग ही उत्सव मना रहे हैं। पाकिस्तान की जी.डी.पी. करीब 350 बिलियन डॉलर है। आकार के हिसाब से पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था भारत की अर्थव्यवस्था के दसवें हिस्से के बराबर है। आर्थिक समानता का यदि पहले कभी कोई भ्रम था तो वह दूर होना शुरू हो गया है। भारत के आर्थिक विकास की कहानी अभी शुरू ही हुई है पिछले दो दशकों की भारत की आर्थिक प्रगति पाकिस्तान का संचालन करने वाले चतुर लोगों को भयभीत करने में सफल रही है, ये लोग अब दिखाई नहीं दे रहे हैं।

मॉर्गन स्टेनले की भविष्यवाणी है कि वर्ष 2030 तक या सात वर्ष से कम समय में भारत की जी.डी.पी. वर्तमान 3.18 ट्रिलियन डॉलर से बढ़कर करीब 8 ट्रिलियन डॉलर हो जाएगी। खुशी की यह ऐसी बात है जिसके लिए भविष्यवाणी के डेटा पर बार-बार गौर करने की जरूरत है। कुल वैश्विक निर्यातों में भारत का हिस्सा वर्तमान में 2.2 प्रतिशत है। मॉर्गन स्टेनले को उम्मीद है कि वर्ष 2030 तक वैश्विक निर्यातों में भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 4.5 प्रतिशत हो जाएगी। भारत के खुदरा बाजार के इन अगले सात वर्षों में दोगुने से अधिक होकर 1.8 ट्रिलियन हो जाने की उम्मीद है।

शायद सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जी.डी.पी. के प्रति व्यक्ति आंकड़े के 2 हजार 278 डॉलर प्रति वर्ष से बढ़ कर 5 हजार 242 डॉलर प्रति वर्ष हो जाने की उम्मीद है। भारतीय परिवार की वर्तमान में वार्षिक आय 35 हजार डॉलर है, इसके 5.6 प्रतिशत से बढ़ कर 25 प्रतिशत से अधिक होने की उम्मीद है। इसका मतलब है कि प्रत्येक चार भारतीय परिवारों में से एक परिवार ग्लोबल मिडिल क्लास होम बन जाएगा। इसमें रहने वाले अधिकांश लोग उच्च शिक्षित होंगे जो उस परिवार के लिए धनार्जन करेंगे। उनमें से अधिकांश विलासिता की वस्तुओं के उपभोक्ता होंगे। पृथ्वी पर इण्डियन सैलीब्रिटीज को सर्वाधिक भुगतान किया जाएगा क्योंकि भारत के अपर मिडिल क्लास ही दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ता होंगे। भारत गरीबों के देश से एक ऐसा देश बनने जा रहाहै कि वर्ष 2030 में पूरी अर्थव्यवस्था के समानांतर यहां पर बहुत से अमीर लोग होंगे। ''भारतीय होने'' को पवन वर्मा जैसे लेखकों ने एक बार परिभाषित किया था कि यह ''अस्तित्व संबंधी विरोधाभास'' से परिपूर्ण है।

अगले साल वर्षों या उसके बाद भारत की अर्थव्यवस्था इस खाई को पाट देगी। अधिक आय, अधिक सम्पन्नता और अधिक उपभोग ''भारतीय होने'' की उक्त धारणा में ठोस परिवर्तन लाएगा।

# 'सुप्रीम कोर्ट...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

संबंधित हो। चिदम्बरम ने ट्वीट किया, ''विधि मंत्री किरेन रिजीजू कोलीजियम पर हमला करते हुये यह क्यों कह रहे हैं कि उसने जज की नियुक्ति के लिये विचाराधीन तीन नामों से संबंधित आई.बी. एवं रॉ की रिपोर्ट उजागर कर दी?'' चिदम्बरम ने आगे कहा कि लोगों को यह जानने का अधिकार है कि केन्द्र ने कोलीजियम द्वारा आगे बढ़ाये गये नामों को पूरी तरह ''स्वेच्छाचारिता'' के आधार पर खारिज कर दिया।

# पुतिन की अमेरिका को धमकी

■ पुतिन ने कहा, अमेरिका के सभी टैंक रूस तबाह कर देगा।

मॉस्को, 25 जनवरी। रूस और यूक्रेन के युद्ध को अब एक साल होने जा रहा है, इसके बाद भी यह लड़ाई थमने का नाम नहीं ले रही है। हर दिन एक नई रणनीति के साथ यह युद्ध फिर शुरू हो जाता है। एक तरफ रूस है तो दूसरी तरफ यूक्रेन और नाटो देश। रूस, यूक्रेन पर कब्जा करना चाहता है तो वहीं यूक्रेन जितने भी नाटो देश हैं उनके सहारे पूतिन की हर चाल को मात देने में जुटा है। नाटो देशों ने रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन को सैन्य सहायता बढ़ा दी है। अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, स्वीडन समेत कई देशों ने यूक्रेन को आधुनिक हथियार देने का ऐलान किया है। इसमें अमेरिका का अब्राम्स टैंक, ब्रिटेन का चैलेंजर-2 टैंक और जर्मनी का लेपर्ड टैंक भी शामिल है।

वहीं, रूस ने धमकी दी है कि वह नाटो के किसी भी हथियार की तरह इन देशों के टैंकों को आसानी से नष्ट कर देगा। इस बीच पश्चिमी सैन्य विशेषज्ञों ने कहा है कि यूक्रेन को मिल रहे इन घातक हथियारों का रूसी सेना पर घातक असर हो सकता है। रूसी सेना पूर्वी यूक्रेन में पहले से ही पीछे हट रही है। ऐसे में यूक्रेन की सेना अत्याधुनिक टैंकों, मिसाइलों, रॉकेटों, बख्तरबंद वाहनों की मदद से जबरदस्त जवाबी कार्रवाई कर सकती है।

अमेरिका में रूसी राजदूत अनातोली एंटोनोव ने कहा कि अमेरिका, ब्रिटेन और जर्मनी की कार्रवाइयां संकट को और बढ़ा देंगी। इन देशों का यह फैसला यूक्रेन को रक्षात्मक हथियार मुहैया कराने से कहीं आगे निकल गया है।




# 'कर्मचारी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कर्मचारियों की समस्त लम्बित याचिकाओं का निस्तारण कर दिया।

बैंच ने शिक्षक को अनुमति दी कि वे सम्बंधित अथॉरिटी से पढ़ाने व अन्य कार्यों की जिम्मेवारी निभाने की अनुमति ले। कोर्ट ने कहा कि इस सम्बंध में 30 दिन में फैसला हो जाना चाहिए। पूर्व में जैकब पुलियेल बनाम भारत सरकार एवं अन्य केस में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि व्यक्ति को अधिकार है कि वह अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में कोई भी इलाज लेने से इन्कार कर दे।

उसने 2021 में कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और अब वह वैक्सीन लगवा चुका है।

# चीन का बहिष्कार कर कड़ा संदेश देने की ज़रूरत : केजरीवाल

■ दिल्ली के मुख्यमंत्री ने कहा कि, चीन लगातार हमें आँखें दिखा रहा है लेकिन हम उसके खिलाफ कुछ भी नहीं कर पा रहे हैं।

नयी दिल्ली, 25 जनवरी (वार्ता) दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने चीन का बहिष्कार करने का आ ान करते हुए कहा कि वह हमारी जमीन पर कब्जा कर रहा है और हम उससे व्यापार बढ़ाते ही जा रहे हैं।

केजरीवाल ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार को यहाँ छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने 74वें गणतंत्र दिवस की दिल्ली और देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि हम एक तरफ 74वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं और दूसरी तरफ आजादी के 75 साल का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों शहीद-ए-आजम भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, राजगुरु जैसे ढेरों नाम हैं जिन्होंने अपनी जान की बाजी लगाकर देश को आजादी दिलाई थी। स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी के बाद की पीढ़ियों के उपर इस आजादी और जनतंत्र को मजबूत व संभाल कर कायम रखने की जिम्मेदारी दी है।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से चीन हमारी सीमाओं पर हमें आंखें दिखा रहा है। आज ही देश के एक अखबार में छपा है कि चीन ने हमारे देश की कुछ जमीन पर कब्जा कर लिया है। यह सभी भारतवासियों के लिए चिंता का विषय है। हमारे सैनिक चीन के सैनिकों से लड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। पूरी बहादुरी के साथ हमारे सैनिक बॉर्डर पर चीन का मुकाबला कर रहे हैं। एक तरफ, हमारे सैनिक बॉर्डर पर चीन का मुकाबला कर रहे हैं तो दूसरी तरफ देश की सारी सरकारों और हर भारतवासी का भी फर्ज बनता है कि हम उनकी इस लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर साथ दें। हमारा भी फर्ज बनता है कि चीन को कड़ा संदेश दिया जाए कि भारतीय यह बर्दाश्त नहीं करेगा। हम चीन का बहिष्कार करें और उसको सख्त संदेश दें। 2020 में हम लोगों ने चीन से 65 बिलियन डॉलर का सामान खरीदा और 2021 में 95 बिलियन डॉलर का सामान खरीदा। हमने 50 फीसद व्यापार बढ़ा दिया। हम तो चीन को और अमीर बनाते जा रहे हैं। उनसे और सामान खरीदते जा रहे हैं, उनको और पैसा दे रहे हैं। चीन हमारे ही पैसे से और अधिक हथियार खरीद रहा है, सैनिकों को भर्ती कर रहा है और हमारे उपर आक्रमण कर रहा है। यह तो सही नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक तरफ पिछले पांच-छह सालों में 12 लाख व्यापारी व उद्योगपति अपना देश छोड़कर विदेश चले गए। वह अपनी व्यवस्था और एजेंसी से परेशान होकर के भारत छोड़कर विदेश चले गए। हमने अपने व्यापारियों व उद्योगपतियों को इतना दुखी कर रखा है कि वह बहुत तंग आ चुके हैं, उनका अपने देश में धंधा मुश्किल हो गया है और भारत छोड़-छोड़कर जा रहे हैं। पिछले 5 साल के अंदर 12 लाख लोग भारत छोड़कर चले गए। हम अपने लोगों को भगा रहे हैं और चीन से सारा सामान आयात कर रहे हैं, ऐसे देश कैसे तरक्की करेगा? उन्होंने कहा कि एक तरफ हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जान की बाजी लगाकर देश को स्वतंत्र कराया और जनतंत्र की स्थापना की।पिछले कुछ वर्षो से हम देख रहे हैं कि जनतंत्र के ऊपर भी थोड़ी-थोड़ी आंच आने लगी है।जनता और जनता द्वारा चुनी हुई सरकारों के ऊपर कोई नहीं है। लेकिन पिछले कुछ सालों में हम देख रहे हैं कि एक राज्य ऐसा है, जहां जनता की चुनी हुई सरकार ने ढेरों कानून पास किए, लेकिन वहां का गवर्नर कानून पर दस्तखत करने को तैयार नहीं है। जो कानून जनता ने पास किए, जो कानून जनता की चुनी हुई सरकार ने पास किए, क्या एक आदमी उन कानूनों को रोक सकता है। क्या एक आदमी को अधिकार होना चाहिए कि वो जनता की अभिलाषा, कामनाओं और कामों को रोक दे। यह तो जनतंत्र नहीं है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की रिपोर्ट के अनुसार पूरे देश में सबसे कम महंगाई दिल्ली के अंदर है। दिल्ली में महंगाई की दर 3 फीसदी है, जबकि गुजरात में 7 फीसदी, हरियाणा में 7.8 फीसदी है, जो दिल्ली से ढाई गुना ज्यादा है। मध्यप्रदेश में महंगाई की दर 7.5 फीसदी है।

पूरे देश में सबसे सस्ती चीजें और सबसे कम महंगाई दिल्ली में है, क्योंकि आज यहाँ बिजली, पानी मुफ्त है। दिल्ली में शानदार सरकारी स्कूल है और सरकारी स्कूलों में सारी शिक्षा मुफ्त है। दिल्ली में सारी स्वास्थ्य सेवाएं मुफ्त है। सरकारी अस्पताल में सारा इलाज, टेस्ट, दवाइयां और ऑपरेशन सब कुछ मुफ्त है। महिलाओं के लिए बसों का सफर मुक्त है। बुजुर्गों की तीर्थ यात्रा मुफ्त है। राशन मुफ्त है।

# 'कर्मचारी ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कर्मचारियों की समस्त लम्बित याचिकाओं का निस्तारण कर दिया।

बैंच ने शिक्षक को अनुमति दी कि वे सम्बंधित अथॉरिटी से पढ़ाने व अन्य कार्यों की जिम्मेवारी निभाने की अनुमति ले। कोर्ट ने कहा कि इस सम्बंध में 30 दिन में फैसला हो जाना चाहिए। पूर्व में जैकब पुलियेल बनाम भारत सरकार एवं अन्य केस में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि व्यक्ति को अधिकार है कि वह अपने स्वास्थ्य के सम्बंध में कोई भी इलाज लेने से इन्कार कर दे। उसने 2021 में कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और अब वह वैक्सीन लगवा चुका है।




राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 **जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 **बीकानेर कार्यालय :** कुम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 **अजमेर कार्यालय:** राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908